CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

लखनऊ, सोमवार 1 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 301 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुमंतू जातियों के विकास को सरकार प्रतिबद्धः योगी
पेज 2



पाकिस्तान टीम जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए आएगी भारत
खेल टाइम्स



हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक मेला गुघाल
सम्पादकीय



गाजा पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत
पेज़ 12

# वायुसेना को इसी माह मिलेंगे दो तेजस मार्क-1A

## सरकार एचएएल से 97 नए फाइटर जेट भी खरीदेगी, रक्षा सचिव आरके सिंह ने की फैसले की पुष्टि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव आरके सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) सितम्बर में भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान सौंप सकता है।

इन विमानों में वेपंस इंटीग्रेशन यानी हथियारों को जोड़ा भी गया है। इसके अलावा सिंह ने बताया कि सरकार एचएएल के साथ 97 और तेजस खरीदने का नया करार करने जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 67,000 करोड़ रुपये होगी। फिलहाल 38 तेजस वायुसेना में शामिल हैं। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। दरअसल, फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया। हालांकि, अब उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस को भी एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। एचएएल के पास पहले ऑर्डर के लिए 2028 तक का समय एचएएल के पास 83 एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी करने के लिए 2028 तक का समय है। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलीवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है। 97 एयरक्राफ्ट्स के नए प्रोजेक्ट से भारतीय वायुसेना को अपने मिग-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितम्बर को रिटायर होगा।



- सरकार ने 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को दी थी मंजूरी

# लखनऊः पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित बेहटा इलाके में रविवार सुबह को पटाखा फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास का इलाका दहल उठा और लोग घरों से निकलकर घटनास्थल की ओर भागे।

हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5 लोग घायल हैं। घायलों में 2 की हालत गम्भीर हैं, जिन्हें उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया है। मौके पर डीएम और पुलिस आयुक्त, एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड मौजूद हैं। विस्फोट इतना भीषण था कि पटाखा की दीवारें उड़ गई हैं। साथ ही फैक्ट्री के नजदीक का एक घर उड़ गया। बताया जा रहा है कि इसमें कई लोग दबकर घायल हो गए हैं। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे अवैध पटाखा फैक्ट्री में बारूद का विस्फोट बताया है। हालांकि, अभी सिलेंडर फटने की भी आशंका जताई जा रही है। पटाखा व्यवसाई आलम, उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में घायल 5 में से 3 लोगों को सिविल अस्पताल भेजा गया है। जबकि दो का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। डीएम विशाख जी ने बताया कि 2 लोगों की मौत हुई है।



- पांच लोग घायल दो की हालत गम्भीर

## 697 करोड़ से जुड़े घोटाले में अमित अग्रवाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश से 696.69 करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के एक बड़े मामले में कथित प्रमुख संचालक अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पीएमएलए अदालत के सामने पेश किया गया, जहां उसे सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच से जुड़ी है। ईडी की पीएमएलए जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। एफआईआर में किंजल फ्रेट फॉरवर्डिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और उसके सहयोगियों पर भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र समेत गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

## वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर को 5 % के स्लैब में लाया जाए

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गई है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है।

## एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय संस्था

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं एवं युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है।

# बदली तस्वीर भारत संग चीन और रूस आए एक मंच पर

एससीओ के नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो सेशन

तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली/ बीजिंग, वार्ता

**भारत और** अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन दौरे पर हैं। जापान की सफल यात्रा के बाद चीन के तियानजिन पहुंचे पीएम मोदी ने और राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। पीएम मोदी सात साल के बाद चीन दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्राध्यक्ष जिनपिंग के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

इसके साथ ही पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन (31 अगस्त और एक सितम्बर) में भी हिस्सा लेंगे। चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आधिकारिक स्वागत समारोह में राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विश्व नेता ग्रुप फोटो सेशन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिलकर प्रसन्नता हुई। नेपाल के साथ भारत के संबंध गहरे और बहुत विशेष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से बातचीत की। मालदीव के साथ भारत का विकासात्मक सहयोग हमारे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान मिस्र के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर लिखा कि एससीओ शिखर सम्मेलन में मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद किया। भारत-मिस्र मित्रता प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।



## टैरिफ वॉर के बीच मोदी बोले- एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से हुई तबाही पर दुख और पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में उन्होंने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल की अपनी अपील दोहराई। उन्होंने टैरिफ का जिक्र किए बिना इशारों-इशारों में देशवासियों से इसके खिलाफ लड़ाई में आत्मनिर्भरता को हथियार बनाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में गणेश उत्सव की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो।

## मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ चीन का मांगा साथ

**बीजिंग।** सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इसमें मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की। मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। मोदी शनिवार शाम 2 दिन के जापान दौरे के बाद चीन पहुंचे थे। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को कम करना भी है। मोदी तियानजिन शहर में होने वाले एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। इस बार चीन में इतिहास के सबसे बड़े एससीओ समिट का आयोजन हो रहा है। इसमें 20 से ज्यादा देश शामिल हो रहे हैं। मोदी और पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और साउथ-ईस्ट एशिया के नेता भी इस समिट में शामिल होंगे।

- चीनी राष्ट्रपति को भारत आने का दिया न्योता
- ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए: जिनपिंग

# उत्तराखंडः पावर प्रोजेक्ट टनल में फंसे 19 कर्मचारियों का रेस्क्यू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट के टनल में फंसे 19 कर्मचारियों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शनिवार को लैंडस्लाइड के चलते टनल का रास्ता बंद हो गया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को ऐलागाड़ में पहाड़ी दरक गई थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की टनल के मुहाने पर जमा हो गए थे। इससे टनल में काम कर रहे 19 कर्मचारी फंस गए थे। इनमें से आठ कार्मिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। धारचूला के उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि धौलीगंगा पावर हाउस को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। टनल के मुख्य द्वार पर बार- बार आ रहे मलबे को सड़क सुरक्षा संगठन के माध्यम से लगातार हटाया गया। मौके पर पर्याप्त मशीनरी और सीआईएसएफ, एनडीआरएफ की टीम तैनात हैं। उधर पंजाब के आठ जिलों के 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। पंजाब में मानसा के जवाहरके गांव में बारिश के कारण ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिर गई।

- सितम्बर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ
- राजस्थान में किले की दीवार ढही, पंजाब में दीवार गिरने से शख्स दबा, मौत

## अगस्त में उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश 2001 के बाद सबसे अधिक

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश से जहां भूस्खलन और पहाड़ दरकने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं, मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में भी बारिश के कारण आई बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इस बीच, मौसम विभाग ने लगातार हो रही बारिश और आने वाले दिनों में मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने बताया कि पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत सात राज्यों में 2 सितम्बर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# इंदौर आ रही एयर इंडिया फ्लाइट लौटी, दिल्ली में सेफ लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली से इंदौर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2913 (ए-320 नियो विमान) को दिल्ली लौटा लिया गया। पायलट को दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना मिली थी। एयर इंडिया ने कहा कि रविवार सुबह 6.15 बजे 90 यात्रियों के साथ प्लेन ने उड़ान भरी थी।

करीब आधे घंटे बाद इंजन में फायर इंडिकेशन मिला। स्टैंडर्ड प्रोसेस के तहत पायलट ने इंजन बंद किया। बाद में प्लेन की एयरपोर्ट पर सेफ लैंडिंग हुई। एयरलाइन ने कहा कि प्लेन का ग्राउंड इंस्पेक्शन कराया जाएगा। डीजीसीए को भी घटना की जानकारी दी गई है। 29 अगस्त को भी दिल्ली से श्रीनगर आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। अधिकारियों ने बताया था कि फ्लाइट एसजी 385 में प्रेशराइजेशन की समस्या के कारण दोपहर 3.27 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया था। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बीच उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा।

- एयरलाइन बोली- पायलट को इंजन में फायर इंडिकेशन मिला था, विमान में 90 यात्री थे सवार

# वाहन सार्वजनिक स्थान का उपयोग नहीं कर रहा, तो टैक्स न लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसम्बर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है। मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसका भुगतान करना होगा। शीर्ष न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग सार्वजनिक स्थान पर नहीं किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है। पीठ ने 1985 से रसद सहायता देने के व्यवसाय में लगी एक फर्म द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि फर्म को नवंबर 2020 में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की एक कार्पोरेट इकाई, विशाखापत्तनम स्टील प्लांट, आंध्र प्रदेश के केंद्रीय डिस्पैच यार्ड में लौह और इस्पात सामग्री के संचालन और भंडारण के लिए एक अनुबंध दिया गया था।

- वाहन मालिक पर इस अवधि के लिए मोटरवाहन कर का बोझ नहीं डालना चाहिए



## फर्जी दलों पर सख्ती के लिए कोर्ट में याचिका दायर, ईसी को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपने पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गए हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है और कई नेताओं को पुलिस सुरक्षा तक मिल चुकी है। याचिका में हाल ही में मीडिया में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो कालेधन को सफेद करने का काम कर रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेन्द्र प्रताप सिंह शामली के एसपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। शामली, श्रावस्ती और कानपुर देहात के पुलिस हटाए गए हैं। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार श्रद्धा नरेंद्र पांडे एसपी कानपुर देहात, राहुल भाटी श्रावस्ती और नरेंद्र प्रताप सिंह शामली के एसपी बनाए गए हैं, जबकि प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा में डीसीपी बनाया गया है। शामली के पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम को पीटीसी मुरादाबाद भेजा गया है, जबकि कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा को पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ बनाया गया है।

### एके-47 राइफलों के साथ दो गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एके-47 राइफलें बरामद की हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान में जलकियां मंडी निवासी तारिक अहमद शेख और चैंबर निवासी रियाज अहमद नामक दो संदिग्धों को असॉल्ट राइफलों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### पांच करोड़ कीमत का सोना जब्त किया

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में सीमा सुरक्षा बल ने शनिवार को एक विशेष अभियान के दौरान पांच करोड़ रुपए के 43 सोने के बिस्कुट जब्त किए। गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत बीएसएफ की 138वीं बटालियन के सतर्क जवानों द्वारा भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चलाए गए इस अभियान की योजना उसे अंजाम दिया गया।

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व



■ वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में अंतिम रूप दिया जाएगा

जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मायावती ने कहा कि सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बीएसपी बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताज़ा ज़रूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन ज़ोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया।

मायावती ने कहा कि बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेज़ी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिज़ल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उड़ीसा और तेलंगाना राज्य में भी पार्टी संगठन की तैयारियों व वहां भी यूपी के पैटर्न पर जिला से लेकर पोलिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के मिशनरी कार्यों के लिए दिए गए टारगेट की भी समीक्षा पार्टी प्रमुख द्वारा की गई है।

# घुमंतू जातियों के विकास को प्रतिबद्ध: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार घुमंतू जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि सरकार इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेगी। विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ लखनऊ में आयोजित 'विमुक्त जाति दिवस' समारोह में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि योद्धा जातियों को क्रिमिनल ट्राइब बनाया।

1952 में क्रिमिनल ट्राइब से मुक्ति मिली। मुगलों, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। विमुक्त जातियों के लिए लगातार काम बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा। घुमंतू जातियों के लिए बोर्ड बनाने की जरूरत है। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों के पास फुर्सत नहीं थी कि 'वनटांगिया' के लिए कुछ कर सकें,



■ इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेंगे: मुख्यमंत्री

हमारी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया। जो जातियां सुविधाओं से वंचित रह गई हैं, उनके लिए जमीन के पट्टे मिलें। उनके लिए मकान की सुविधा हो। घुमंतू जाति के लोगों के लिए कालोनी बनाएंगे। सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ इन्हें दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जनपदों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं।

### कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने की सीएम से मुलाक़ात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात की। यह मुलाक़ात कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि संजय निषाद ने हाल ही में गठबंधन को लेकर काफी तीखा बयान दिया था। हालांकि अभी इस मुलाकात का पूरा ब्योरा नहीं मिल पाया है कि दोनों नेताओं के बीच किस मुद्दे को लेकर बातचीत हुई, लेकिन इस सियासी मुलाकात से लखनऊ में सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल निषाद पार्टी प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर उसे लगता है कि सहयोगी दलों ने कोई लाभ नहीं पहुंचाया है, तो वह गठबंधन तोड़ दे।

## मन की बात रेडियो प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# मेरिट में न आने वालों के लिए नया पोर्टल

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में 'यूपीएससी प्रतिभा सेतु' का जिक्र किया। यह एक पोर्टल है, जिसे संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में विभिन्न चरणों को पार करने, लेकिन मेरिट लिस्ट में स्थान नहीं बना पाने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर बनाया गया है। इसका संचालन संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली करता है।

यूपीएससी प्रतिभा सेतु एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह पहल विभिन्न नियोक्ताओं जैसे विभिन्न मंत्रालयों, लोक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और



■ यूपीएससी प्रतिभा सेतु से मिलेगा ऐसे युवाओं को रोजगार

निजी संगठनों को ऐसे योग्य उम्मीदवारों तक पहुंचने का मौका देती है जिन्हें यूपीएससपी परीक्षा की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने का अवसर नहीं मिल सका। इसका आशय यह है कि ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने यूपीएससी की विभिन्न परीक्षाओं के सभी चरणों को तो पास कर लिया, लेकिन अंतिम मेरिट सूची में जगह नहीं बना पाए।

ऐसे उम्मीदवारों को यह प्रतिभा सेतु पोर्टल एक मौका देता है। यह प्लेटफॉर्म ऐसे योग्य उम्मीदवारों को संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मुहैया कराता है, जिससे उनके करियर में नई संभावनाएं खुल सकें। यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा, भारतीय वन सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग सेवाएं, सीडीएस, सीएपीएफ जैसी परीक्षाओं के 10,000 से अधिक योग्य लेकिन गैर-चयनित उम्मीदवार इस पोर्टल पर रोजगार पाने के पात्र इसमें एनडीए और कुछ एलडीसीई परीक्षाएं शामिल नहीं हैं। इस पोर्टल पर विभिन्न परीक्षाओं में अंतिम चरणों तक पहुंच चुके दस हजार से अधिक होनहार युवाओं का डाटा बैंक है और कोई भी पंजीकृत सरकारी निकाय और सत्यापित निजी कंपनियां (कॉर्पोरेट पहचान संख्या के माध्यम से) इस प्रतिभा सेतु पोर्टल के जरिए उम्मीदवारों के बायोडेटा तक पहुंच सकती हैं।यह पोर्टल योग्य उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का काम करता है।

### एक सुरक्षा गार्ड का शहीदों के प्रति प्रेम हमें गौरवान्वित करता है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि शहीदों के प्रति एक सुरक्षा गार्ड का प्रेम गौरवान्वित करता है। श्री मोदी ने आकांशवाणी पर प्रसारित मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि गुजरात के सूरत में रहने वाले सुरक्षा गार्ड जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने एक ऐसी अद्भुत पहल की है, जो हर देशभक्त के लिए बहुत प्रेरणादायक है। राठौड़ पिछले कुछ वर्षों से उन सभी जवानों के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। उनके पास आज विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए हजारों वीर जवानों के बारे में जानकारियां मौजूद हैं। उनके पास शहीदों की हजारों तस्वीरें भी हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि राठौड़ को एक शहीद के पिता ने जो कहा था वो बातें उसके दिल को छू गईं। शहीद के पिता ने कहा था, बेटा गया तो क्या हुआ, वतन तो सलामत है ना।

# भाजपा के लोग बस देश का क्षेत्रफल बता दें: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे को लेकर रविवार को निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपाई बस देश का क्षेत्रफल बता दें मतलब ये बता दें कि भाजपा सरकार के आने के समय देश की कुल भूमि जितनी थी, अब भी उतनी ही है या अब चीनी कब्जे के बाद घट गई है। यादव ने अपने सोशल अकाउंट फेसबुक पर अपना बयान पोस्ट कर ए सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने लिखा है कि ये है तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंताजनक सच! अपने बयान में



■ सरकार आने के बाद उतनी ही है या चीनी कब्जे के बाद घट गई: सपा

उन्होंने कहा है कि चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा है कि भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे।

सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85

सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 113906
प्रति किलो

# बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

मुंबई, वार्ता

बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में शेयर बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उत्साहजनक आंकड़ों का असर दिख सकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही। ये आंकड़े बाजार खुलने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को ही दिखेगा। साथ ही तेजी से बदलते वैश्विक कारक भी निवेश धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

पिछले सप्ताह बाजार में बुधवार को गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण चार दिन ही कारोबार हुआ। इसमें अंतिम तीन दिन बाजार में बिकवाली देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 1,497.20 अंक यानी 1.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को इस साल 09 मई के बाद के निचले स्तर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह,



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 443.25 अंक (1.78 फीसदी) टूटकर 24,426.85 अंक पर आ गया, जो इसका 08 अगस्त के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली और ज्यादा देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 3.63 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.86 प्रतिशत टूट गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए, जबकि आठ के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 6.01 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.71 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक का 3.15 प्रतिशत टूटा। सनफार्मा में 2.97 फीसदी, पावर ग्रिड में 2.82, एनटीपीसी में 2.80, बजाज फिनसर्व में 2.69, आईसीआई सीआई बैंक में 2.66 और टाटा स्टील में 2.59 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.32 फीसदी, भारती एयरटेल का 2.26, ट्रेंट का 2.02 और अडानी पोर्ट्स का 2.00 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, बीईएल, इटरनल, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में कदम रखने के बाद मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। आईटीसी का शेयर 2.87 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलिवर का 1.18 प्रतिशत और टीसीएस का 1.01 प्रतिशत चढ़ा। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे।

### एक सप्ताह में रुपया 0.65 प्रतिशत टूटा, ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के दबाव में रुपया बीते सप्ताह 56.50 पैसे (0.65 प्रतिशत लुढ़ककर) शुक्रवार को अंतिम कारोबारी दिवस पर 88.09 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पहली बार 88 रुपए प्रति डॉलर से नीचे बंद हुई है। इससे पहले इसका निचला स्तर 87.88 रुपए प्रति डॉलर था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजार में भारी बिकवाली से डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे रुपया दबाव में आ गया।

# गेहूं मजबूत, चावल नरम, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी और दालें सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,827.63 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं करीब 14 रुपए महंगा होकर 2,855.55 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए बढ़ी और यह 3,310.84 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 53 रुपए और वनस्पति में आठ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी रही। सोयाबीन तेल 19 रुपये और सूरजमखी तेल 41 रुपए महंगा हुआ। वहीं,पाम ऑयल 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन करीब तीन रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल में 12 रुपए और दाल मूंग में 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी करीब 49 रुपए उतर गई, जबकि मसूर दाल की कीमत कमोबेश स्थिर रही। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में पिछले कुछ समय से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7961.07 रुपए, मसूर काली 8109.48 रुपए, मूंग दाल 10103.51 रुपए, उड़द दाल 10434.10 रुपए, अरहर दाल 10672.95 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.55 रुपए और चावल 3827.63 रुपए प्रति क्विंटल।




# लखनऊ विवि के 68वें दीक्षांत समारोह के लिए हुई पदकों की घोषणा

लखनऊ, वार्ता

लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह के लिए पदक सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदान किए जाने वाले कुल 198 पदकों में से 153 (77 प्रतिशत) लड़कियों ने हासिल किए हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुल 1.26 लाख डिग्रियां प्रदान करेगा, जिनमें 1.1 लाख स्नातक, 15,200 स्नातकोत्तर, 242 डिप्लोमा और दो प्रमाणपत्र डिग्रियां शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुल 26 छात्रों ने एक से अधिक पदक प्राप्त किए, जिनमें 5 पुरुष और 21 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की। प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व में एमए की छात्रा श्रद्धा यादव ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ पदक जीते हैं। श्रद्धा ने कहा कि यह स्वर्ण पदक सिर्फ़ मेरी उपलब्धि नहीं है - यह अनगिनत लोगों से मिले निरंतर प्यार, समर्थन और मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं यह सफलता अपने माता-पिता को समर्पित करती हूं, जिनके त्याग और प्रोत्साहन ने मेरी सबसे मज़बूत नींव रखी है। मैं अपने वरिष्ठों का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिनके मार्गदर्शन और अनुभवों ने मेरे लिए रास्ता बनाया। रायबरेली के कमला नेहरू कॉलेज की एमए भूगोल की छात्रा चित्रा साहू ने आठ पदक जीतकर दूसरे सबसे ज्यादा पदक हासिल किए। इस बीच, लखनऊ के सिटी कॉलेज के रवि चंद ने तीसरे सबसे ज़्यादा व्यक्तिगत पदक जीते। चित्रा ने कहा कि मुझे यकीन नहीं हो रहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और राजधानी के अन्य कॉलेजों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। ए पदक मुझे और अधिक मेहनत करने और नेट जेआरएफ पास करके एक दिन प्रोफ़ेसर बनने की प्रेरणा देते हैं। एलयू के अधिकारियों ने छात्रों की इन पदकों की जीत का श्रेय उनके संबंधित विभागों में उनके असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन को दिया। इन विभागों में विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष छात्रों के लिए विभिन्न पदक होते हैं, जैसे विभाग के टॉपर, विशिष्ट सेमेस्टर, पेपर या संकायों में उच्च अंक प्राप्त करने वाले। रायबरेली, हरदोई और सीतापुर के संबद्ध कॉलेजों के छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।















# लखनऊ में भड़के भाजपाई, बैरिकेडिंग तोड़ने पर अड़े, महिला कार्यकर्ता गिरी, हुई बेहोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान शनिवार को राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी मां के खिलाफ कथित आपत्तिजनक शब्दों के विरोध में कार्यकर्ता वीआईपी गेस्ट हाउस से कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया।

इस पर प्रदर्शनकारियों ने उग्र रुख अपनाया और बैरिकेडिंग पर चढ़कर पुलिस से धक्का-मुक्की की। हंगामे के बीच भगदड़ जैसी स्थिति बनी और भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रमुख सीमा गुप्ता बेहोश होकर गिर पड़ीं। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, जिला संयोजक राजेश मिश्र और मंडल अध्यक्ष अजय सिंह कर रहे थे। इनके साथ बड़ी संख्या में महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। भीड़ ने कांग्रेस कार्यालय के घेराव का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें कार्यालय से पहले ही रोक लिया। नाराज कार्यकर्ता लगातार नारेबाजी करते रहे और आगे बढ़ने पर अड़े रहे। घटना के दौरान माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिशों से हालात बिगड़ते चले गए और पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की घंटों तक जारी रही। इससे पहले पटना और दरभंगा




सहित कई स्थानों पर भी भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालयों पर हमले और घेराव की कोशिश कर चुके हैं। लखनऊ की इस घटना ने राजधानी में सियासी सरगर्मी को और तेज कर दिया है।

# लखनऊ व आसपास भारी बारिश से गंगा-यमुना में बढ़ा जलस्तर

## बाढ़ का खतरा गहराया, अगले तीन दिन तक अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी और आसपास में रविवार को सुबह से छाए काले बादलों के बीच बिजली की गड़गड़ाहट और तेज आंधी के साथ कई दौर की मूसलाधार बरसात हुई। जिससे शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप रही।

मौसम विभाग ने लखनऊ समेत अमेठी, अयोध्या, बारा. बंकी, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और उन्नाव के लिए अगले तीन दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवा, आक. ाशीय बिजली और तूफानी बरसात की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। भारी बारिश से गंगा और यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रयागराज में दोनों नदियों का पानी कई इलाकों में भर चुका है, जिससे लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। गंगा-यमुना के किनारे बसे जिलों में खतरे का निशान पार करने की स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत व बचाव कार्यों की लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। अब तक लाखों लोगों और हजारों पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सैकड़ों नावें, राहत शिविर, चिकित्सकीय टीमें और खाद्य सामग्री प्रभावित क्षेत्रों में भेजी गई हैं। लखनऊ सहित पूरे मध्य व पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो-तीन दिन तक मौसम के बिगड़े रहने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों को निचले इलाकों से हटने, बिजली के तारों और पेड़ों से दूर रहने तथा बारिश और आंधी के समय घरों में सुरक्षित रहने की हिदायत दी है। लगातार हो रही तेज बारिश से जहां खेत-खलिहान डूब रहे हैं, वहीं शहरी इलाकों में सड़कें नदियों का रूप ले रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अगले दो दिनों तक यही हाल रहा तो गंगा-यमुना के जलस्तर में और वृद्धि हो सकती है, जिससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जाएगी।

# बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के खिलाफ अवैध खनन प्रकरण में सीएजी रिपोर्ट से खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की हालिया रिपोर्ट ने उत्तर प्रदेश में अवैध खनन और राजस्व हानि से जुड़े बड़े घोटाले का खुलासा किया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष दो हजार सत्रह से दो हजार बाईस के बीच राज्य को खनन से जुड़े मामलों में चार सौ करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व नुकसान हुआ। सीएजी ने स्पष्ट किया है कि जिम्मेदार अफसरों ने अवैध खनन करने वालों पर जुर्माना नियमों के अनुसार न लगाकर रायल्टी दर पर लगाया, जबकि यह जुर्माना नीलामी दर पर वसूल किया जाना चाहिए था। इस वजह से सरकारी खजाने को करोड़ों का घाटा हुआ। रिपोर्ट में सोनभद्र जिले का मामला विशेष रूप से दर्ज किया गया है, जहां छात्र शक्ति इंफ्रा-कंस्ट्रक्शन नामक फर्म के खिलाफ अनियमितताओं की पुष्टि की गई है। यह फर्म बसपा विधायक उमाशंकर सिंह से जुड़ी बताई गई है। सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस फर्म ने बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया और अधिका. रियों की मिलीभगत से उस पर वास्तविक हानि से कम जुर्माना लगाया गया। स्थानीय स्तर पर इस मामले में लगभग साठ करोड़ रुपये की राजस्व हानि का उल्लेख किया गया है। सीएजी की टिप्पणियों के अनुसार, अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए बनाए गए निगरानी तंत्र का सही ढंग से इस्तेमाल नहीं हुआ। कई स्थानों पर खदानों की सीमा से बाहर निकासी हुई, पत्थर क्रशर बिना लाइसेंस चलते मिले और वसूली की प्रक्रिया में देरी हुई। रिपोर्ट में तत्कालीन खनन निदेशक रोशन जैकब के उस पत्र का भी हवाला है जिसमें उन्होंने अनियमितताओं की ओर संकेत किया था, लेकिन उस समय उन्हें वहां से हटा दिया गया था। इस खुलासे के बाद यह सवाल उठ रहा है कि जब सरकार पारदर्शिता और सख्ती का दावा करती रही है, तब इतने बड़े पैमाने पर खनन घोटाला कैसे हुआ और इसमें शामिल जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी। सीएजी की यह रिपोर्ट सरकार और खनन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# बुद्ध पार्क में दूसरे धर्म का पूजा स्थल बनाने का विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कानपुर नगर स्थित बुद्ध पार्क में दूसरे धर्म का पूजा स्थल बनाने के सरकारी प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसे अनुचित करार दिया है।

मायावती ने कहा कि भारत का संविधान देश को धर्मनिरपेक्ष घोषित करता है और प्रत्येक धर्म के लोगों के अपने-अपने पूजा स्थल हैं। ऐसे में बुद्ध पार्क, जो बौद्ध धर्म एवं डा. भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, वहां अन्य धर्म का पूजा स्थल बनाने का प्रस्ताव दुर्भावनापूर्ण और अशांति फैलाने वाला कदम है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस प्रस्ताव को तत्काल न रोके तो प्रदेश में व्यापक असंतोष, अशांति



और घृणा फैल सकती है। मायावती ने कहा कि बौद्ध अनुयायी और उनके समर्थक इस मुद्दे को लेकर गहरी चिंता और रोष में हैं। उनका कहना है कि बुद्ध पार्क में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ आस्था पर चोट है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मायावती ने मांग की है कि सरकार संविधान की भावना का सम्मान करते हुए बुद्ध पार्क में दूसरे धर्म का पूजा स्थल बनाने की योजना को अविलंब रद्द करे, ताकि शांति और सौहार्द बना रहे।

## मदहा झील की निकासी बाधित, धान की फसल जलमग्न

**सिंहपुर (अमेठी)।** विकास क्षेत्र सिंहपुर के ग्राम पंचायत मेहमानपुर अंतर्गत बसंतपुर गाँव के किसानों की धान की फसलें इस समय बड़े संकट से गुजर रही हैं। मदहा झील से निकली इन्हौना ड्रेन की समय से सफाई न होने के कारण झील का पानी खेतों में फैल गया है, जिससे सैकड़ों बीघे में लगी धान की फसल जलमग्न होकर खराब हो रही है। बसंतपुर के किसानों प्रदीप मिश्रा, सनतेज वर्मा, अरविंद कुमार, कुलदीप, सतगुरु व राम हरख सहित कई अन्य किसानों का कहना है कि बसंतपुर पुल से लेकर लगभग दो किलोमीटर तक ड्रेन में जलकुंभी और खरपतवार की भरमार है। इसकी वजह से झील का पानी नाले के रास्ते बाहर नहीं निकल पा रहा। परिणामस्वरूप आसपास के गाँव मेहमानपुर, हथरोहना, लौली और खंरावाँ सहित कई गांवों के किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है।

# अमेठी में डेंगू व वायरल बुखार का प्रकोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** जनपद के बाजार शुकुल क्षेत्र में डेंगू और वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। प्राइवेट अस्पतालों में दो दर्जन से अधिक मरीजों की रिपोर्ट डेंगू और वायरल पाजिटिव आई है। इन सभी मरीजों को विशेष वार्डों में भर्ती कर इलाज चल रहा है।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि सरकारी अस्पतालों की जांच रिपोर्ट और प्राइवेट अस्पतालों की रिपोर्ट में विरोधाभास सामने आ रहा है। सरकारी जांच में जहां मरीज डेंगू निगेटिव पाए जा रहे हैं, वहीं प्राइवेट अस्पतालों की रिपोर्ट में वही मरीज पॉजिटिव निकल रहे हैं। इससे ग्रामीणों और मरीजों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी बाजार शुकुल में सुविधाओं का घोर अभाव है। यहां आईवी सेट तक की व्यवस्था नहीं है। दवाइयों और आवश्यक सामग्री के लिए मरीजों को बाहर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। जांच की अधिक. ांश सुविधाएं भी बाहर ही करानी पड़ रही हैं। मरीजों के परिजन विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि सरकारी अस्पताल में केवल नाममात्र की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बड़ी संख्या में बुखार से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन इलाज और जांच की समुचित व्यवस्था न होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मौसम परिवर्तन और गंदगी के कारण मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोग क्षेत्र में नियमित फागिंग और सफाई अभियान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## समाजसेवी के निधन पर राजनेताओं ने जताया शोक

**सिंहपुर अमेठी।** रविवार को जितेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ लल्लू बाबा का सुबह आकस्मिक निधन हो गया जिसकी खबर मिलते ही तमाम भाकियू कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। भाकियू कमेरा के जिलाध्यक्ष राम फेर यादव प्रवक्ता राम धीरज यादव ने अपने शोक संदेश में कहा है कि जीवनपर्यंत जरूरतमंदों की सेवा को अपना धर्म मानने वाले जितेन्द्र सिंह लल्लू बाबा सर्वप्रिय समाजसेवी के रूप में हमेशा याद किये जाते रहेंगे। भाजपा नेता राक. ेश कुमार त्रिपाठी ने भी निधन की सूचना मिलने के बाद उनके आवास पर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे लल्लू सिंह का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन से अमेठियन पुरवा गांव समेत अहोरवा भवानी अन्य इलाकों के लोगों में शोक की लहर है। लल्लू बाबा की मृत्यु पर भाजपा नेता श्याम मूर्ति यादव सहित मंडल अध्यक्ष फतेपुर सत्य नारायण सिंह, सिंहपुर ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया है।

# चीन पर निर्भरता से उद्योग ठप, बेरोजगारी व महंगाई बढ़ी : अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार वाले नारे महज जुमले साबित हुए हैं।

चीन से आने वाले सामानों पर भारत की निर्भरता जिस तरह लगातार बढ़ रही है, उसका सबसे बुरा असर देश के उद्योगों, कारखघनों और दुकानों पर पड़ा है। कारोबार घट रहा है और बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ती जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चीन अपने उत्पाद भारत के बाजारों में भर देता है, जिससे उसकी निर्भरता इतनी बढ़ जाती है कि भाजपा सरकार उसकी हर गलत



हरकत को नजरअंदाज करने को मजबूर हो जाती है। चीन की यह नीति भारतीय उद्योगों को बंद करने तक ले जाती है और फिर वह मनमाने दामों पर सप्लाई करता है। इससे महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंचती है और जनता का आक्रोश सरकार के खिलाफ कई गुना बढ़ जाता है। नतीजे में पहले से ही कमजोर और बिना बहुमत के सहारे पर टिकी भाजपा सरकार और ज्यादा लड़खड़ाने लगती है। ऐसे में जब चीन हमारी भूमि पर अतिक्रमण करता है तो भाजपा यही दोहराती है कि हन कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि अगर यह सच्चाई 'ड्रोनवालों' को समझ नहीं आती तो उत्तर प्रदेश में विराजमान 'बुलडोजर वाले प्रवासी जी' ही यह जवाब दे दें कि चीन ने हमारी कितनी जमीन हड़प ली है, क्योंकि उनका मूल निवास भी तो चीनी कब्जे का शिकार हुआ है। उन्होंने भाजपा से यह भी सवाल किया कि क्या देश की भूमि का क्षेत्रफल वही है जो भाजपा सरकार आने से पहले था या चीन के कब्जे के बाद अब घट गया है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि दिल्ली वाले न सही तो लखनऊ वाले 'पलायन स्पेशलिस्ट' ही बता दें कि हमारी कितनी भूमि का पलायन हो गया है। जनता यह भली-भांति समझती है कि भूमि का पलायन थोड़े ना होता है, जो कहीं चलकर चली जाएगी

## चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र के मोहल्ला लहरावाड़ा मर्दाना निवासी अली खान पुत्र स्वर्गीय इज्जत अली तथा फर्रुखाबाद जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घेर श्यामू खां निवासी गुलाम अली पुत्र असलम अली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चौबीस लाकेट और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार दोनों शातिर चोर हैं। करीब डेढ़ महीने पहले केसरीगंज बाजार की सर्राफा दुकान से सामान खरीदने के बहाने चोरी की थी। बरामद मोटरसाइकिल गत वर्ष जुलाई माह में लातूर (महाराष्ट्र)से चोरी की गई थी। नंबर प्लेट बदलकर यह दोनों चोरी करने में इसका उपयोग करते थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# महज दस माह में तेरह लाख से अधिक परिवार जीरो पावर्टी अभियान से जुड़े : योगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लगातार निगरानी और सक्रियता का असर है कि उत्तर प्रदेश में जीरो पावर्टी अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। महज दस माह में प्रदेश के तेरह लाख बत्तीस हजार छ: सौ चौंतीस निर्धन परिवारों की पहचान की जा चुकी है, जिनमें से तीन लाख बहत्तर हजार परिवारों को अब तक योजना का प्रत्यक्ष लाभ भी मिल चुका है।

यह उपलब्धि गरीब कल्याण के प्रति योगी सरकार के संकल्प को दर्शाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता दिवस दो हजार चौबीस पर इस अभियान की घोषणा की थी और दो अक्टूबर को इसे औपचारिक रूप से शुरू किया गया। अभियान के तहत हर ग्राम पंचायत से पच्चीस निर्धनतम



परिवारों को चिन्हित कर उन्हें बहुआयामी सहायता प्रदान की जा रही है। इसमें रोजगार, आजीविका, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामा. जिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। योगी ने कहा है कि लक्ष्य केवल गरीबी कम करना नहीं, बल्कि वर्ष दो हजार सत्ताईस तक प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाना है। अभियान के आंकड़े बताते हैं कि आजमगढ़ बयालिस हजार बयासी परिवारों के साथ पहले स्थान पर है, इसके बाद जौनपुर में उनतालीस हजार तीन सौ चोहत्तर, सीतापुर में छत्तीस हजार पाँच सौ इकहत्तर, हरदोई में तीस हजार पचास और प्रयागराज में अठाईस हजार नौ सौ पैंतीस परिवारों को चिन्हित किया गया है। पंचायतों और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से यहां विशेष अभियान चलाकर गरीब परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार ने बताया कि चिन्हित परिवारों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना से घर, जल जीवन मिशन से नल से जल, उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य सुरक्षा, मनरेगा से रोजगार और बच्चों को शिक्षा जैसी सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर है। डेटा आधारित ट्रैकिंग और नियमित निगरानी से अभियान को गति मिल रही है और इसका असर गरीब परिवारों के जीवन स्तर में बदलाव के रूप में दिख रहा है।

# तिलोई विधानसभा में छाया शोक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने जताई संवेदना

शाह टाइम्स संवाददाता

**तिलोई, अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र में बीते दिनों कई परिवारों में हुए आकस्मिक निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल शोकाकुल परिवारों के बीच पहुँचे और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।सिंहपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम रुकूंनपुर में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वकार अहमद के पिता जी का इंतकाल हो गया। उनके अंतिम संस्कार (मिट्टी) में शामिल होकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर दुख की इस घड़ी में धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। इसी क्रम में ग्राम अहोरवा भवानी में लल्लू सिंह जी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र के लोग स्तब्ध हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल गाँव पहुँचे और परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लल्लू सिंह जैसे व्यक्तित्व का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।वहीं, ग्राम चौबे का पुरवा में रेशम अली पप्पू जी की धर्मपत्नी के इंतकाल की खबर से क्षेत्र शोकमग्न हो गया। जानकारी मिलते ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष परिवार के बीच पहुँचे और उन्हें ढांढस बंधाया।इस अवसर पर उन्होंने कहा ख्रह्ममृत्यु एक ऐसी सच्चाई है जिसे टाला नहीं जा सकता, लेकिन अपनों का असमय चले जाना अत्यंत पीड़ादायक होता है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परि. जनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी इन दुखद घटनाओं पर गहरा शोक व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि इन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, लेकिन समाज और संगठन हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।तिलोई विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही इन घटनाओं से वातावरण गमगीन बना हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के बीच पहुँचकर जिला अध्यक्ष का संवेदना प्रकट करना लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा।

# तिलोई राजभवन में 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण

**राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का सीधा प्रसारण रविवार को तिलोई के राजभवन में सुना गया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह जी ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार सुने और उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।कार्यक्रम में तिलोई ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भी उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के कई अन्य जनप्रति. निधि, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि जनजागरण और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक को इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर समाज के विकास और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी प्रधानमंत्री के उद्बोधन को गंभीरता से सुना और उनकी बताई बातों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## बैराजों से छोड़ा गया पानी बना मुसीबत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** जिले के गांजरी क्षेत्र सहित लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों के दर्जनों गांव इन दिनों बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं। खेत-खलिहान और संपर्क मार्ग पानी में डूब गए हैं। शारदा नदी के किनारे बसे तेजवा. पुर, चंदवासोत, भदफर, रमपुरवा, रतौली, सोनसरी, टिकौना सहित अनेक गांवों में जलभराव बढ़ता जा रहा है। अधिकांश संपर्क मार्ग शारदा नदी के बाढ़ के पानी में समा गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। किसानों की फसलें बाढ़ में डूबकर नष्ट हो गई हैं। जिले से होकर शारदा और घाघरा दोनों नदियां गुजरती हैं। शनिवार को शारदा बैराज से एक लाख अड़सठ हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, जबकि गिरजा बैराज व कैलाशपुरी बैराज से एक लाख छियालिस हजार क्यूसेक पानी घाघरा नदी में छोड़ा गया। इस प्रकार कुल तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी सीतापुर की ओर बढ़ रहा है। नदियां उफान पर हैं और कई जगहों पर कटान भी हो रहा है। हालात से ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

# आज से लागू होगा 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सड़क सुरक्षा का बड़ा अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। पहली सितम्बर से पूरे उत्तर प्रदेश में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' नियम लागू होगा। यानी बिना हेलमेट के किसी भी पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं मिलेगा। यह विशेष सड़क सुरक्षा अभियान जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से पूरे महीने यानी 30 सितम्बर तक चलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि जनता को सुरक्षित व्यवहार के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने अपील की कि प्रदेशवासी 'पहले हेलमेट, बाद में ईंधन' को अपनी आदत बनाएं। योगी ने कहा कि जीवन रक्षा और सबकी सुरक्षा के लिए सरकार लगातार काम कर रही है और इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि अभियान पूरी तरह जनहितैषी है और इससे दोपहिया वाहनस्वामियों में हेलमेट लगाने की आदत विकसित होगी। इस अभियान में परिवहन, पुलिस, जिला प्रशासन, खाद्य एवं रसद विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ-साथ तेल कंपनियां और पेट्रोल डीलर एसोसिएशन भी सहयोग करेंगे। पेट्रोल पंप स्तर पर निगरानी और समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा ताकि नियम का कड़ाई से पालन हो सके। सरकार का मानना है कि इस पहल से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों में कमी आएगी। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि हेलमेट पहनकर ही पेट्रोल पंप पर जाएं और सुरक्षा को जीवन का नियम बनाएं।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीनियर में जहरा व जूनियर वर्ग में तैयब रहे प्रथम

## फ्रैंड्स ऑफ अमरोहा की ओर से तकरीरी मुकाबला कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सामाजिक संस्था फ्रेंड्स ऑफ अमरोहा सोसाइटी के संयोजन में एमएच रिजॉर्ट में तकरीरी मुकाबला और तालीम से तरक्की अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उलेमाओं संग शिक्षाविद् व अन्य अतिथियों ने विभिन्न स्कूल-कॉलेज से आए छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। मुकाबले के विजेता छात्र छात्राओं को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

तिलावते कलाम पाक व नात-ए-नबी से हुई शुरुआत के साथ कार्यक्रम की सरपरस्ती विख्यात आलिमेदीन मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने की। अध्यक्षता समाजसेवी असलूब हुसैन जैदी की रही जबकि अतिथि इंजीनियर दानिश सिद्दीकी, बसपा नेता फरहान खान रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका में मिस्बाह सिद्दीकी, खान सलाउद्दीन और मास्टर मौलाना हनीफ ने निभाई। तकरीरी मुक. ाबले में शहर के अलग-अलग स्कूलों से आए बच्चों ने अपनी-अपनी तकरीर पेश की। मंच पर खड़े होकर अपनी सोच और जज्बात को पेश किया। बच्चों की बातें सुनकर साफ झलका कि अमरोहा की नई नस्ल में बोलने की सलाहियत और सोचने की ताकत किस कदर बढ़ रही है। सीनियर कैटेगरी में एमक्यूएम की जहरा, एकेके इंटर कॉलेज के मोहम्मद जैद व आईएम इंटर कॉलेज के कबीर पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर कैटेगरी में तैय्यब जूनियर हाईस्कूल के तैय्यब, हाशमी इंटर कॉलेज की नजनीन अंसारी व पीरजादा प्राइमरी स्कूल की आफिया ने बाजी मारी। वहीं, तालीम से तरक्की अवॉर्ड में दस से ज्यादा काबिल युवाओं को सम्मानित किया गया। सलीम जैदी को यूट्यूब आइकॉन, दानिश वारसी डिजिटल मार्केटिंग और ड्रॉपिंग फील्ड, फारिक अजीम को कठिन हालात के बावजूद करियर और रोजगार में योगदान, आदिल खान को बतौर साइंटिस्ट दिल्ली और राज्यसभा में प्रतिनिधित्व, डा.अदनान अनवर को एएमयू से पढ़ाई के बाद अमरोहा में सेवाएं, डा.अनस मलिक को एम्स ऋषिकेश से एमबीबीएस के बाद सरकारी सेवा, डा. जुहैब खान को सरक. ारी अस्पताल में सेवाएं, डा.दानिश को अमरोहा में लगातार सेवाएं, सोहेब खान को आर्ट व पेंटिंग में कामयाबी, जासिर खान को क्लिनिकल फिजियोलॉजी में योगदान पर अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही फैजजुद्दीन सिद्दीकी, कमर नकवी, काशिफ खान, अहमद रजा, खालिद सिद्दीकी, शाहनवाज पाशा, शजर फारुख, फैज खान मौजूद रहे। आखिर में सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद जैदी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।




अमरोहा। तकरीरी मुकाबले के विजेता छात्र को सम्मानित करते अतिथि।

## फसलें बचाने के लिए बांध का निर्माण हो

**हसनपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 24 गंगा के किनारे किनारे हरि बाबा बांध तक बांध बनाये बनाये जाने की मांग उठाई गई है। रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव चकफेरी निवासी लोकेश कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कहा है कि गंगा किनारे फसले बाढ़ का पानी आ जाने के कारण खराब हो जाती है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि करीब 5, 6 सालों से अधिक बाढ़ का पानी आने के कारण फसलों में भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस इलाके के किसानों पर कृषि के अलावा आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बांध बनवाये जाने की मांग की है।

# भक्तों ने नाचते गाते किए विदा गणपति, खूब उड़ा गुलाल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शनि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत कोहली के नेतृत्व में भक्तों ने नाचते गाते और रंग गुलाल उड़ाते हुए भगवान गणेश को विदा किया। तिगरी ले जाकर प्रशासन द्वारा किए गए निश्चित स्थान पर प्रतिमा विसर्जित की गई। सुरक्षा के द्रष्टिगत प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पर्याप्त पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

बता दें कि 27 अगस्त को नगर के फाजलपुर स्थित फाटक से श्री गणेश शोभायात्रा निकाली गई थी जो कि बुधबाजार स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत कोहली के आवास पर पहुंचकर समाप्त हुई। यहां पर प्रतिदिन संध्या में भगवान गणेश की आरती व पूजा हो रही थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को शनि सेना के पदाधिकारी और महिलाएं पुरूष और बच्चे रंग गुलाल उड़ाते और नाचते गाते हुए भगवान गणेश की प्रतिमा को लेकर निकले। जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। बुधबाजार से प्रारंभ होकर गणपति विसर्जन यात्रा नगर के खादगूजर तिराहा, रमाबाई अम्बेडकर महाविद्यालय मार्ग, इंदि. रा चौक, कविनगर, फाजलपुर आदि होते हुए तिगरी ले गए। यहां पर प्रशासन द्वारा निर्धारित किए स्थान पर गणेश प्रतिमा विसर्जित की गई और जनकल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर शनि सेना के संरक्षक सुरेन्द्र स्वामी, महंत महेन्द्र स्वामी, आक. ाश शर्मा, राजीव सैनी, पवन पंवार, जीतू सैनी, ललित भारद्वाज, अमित भारद्वाज, प्रवीण खड्गवंशी, वंश अग्रवाल, प्रेम कुमार चौहान, अतुल कुमार, शिव कुमार सैन आदि मौजूद रहे।



गजरौला। विसर्जन के लिये भगवान गणेश की प्रतिमा को ले जाते भक्त।

# शुद्ध मन ही मानव का सच्चा आभूषण

## संतोषी बनकर व्यतीत करें जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाद्रपद मास के पवित्र दिनों में मनाया जा रहा दशलक्षण महापर्व अपने चतुर्थ दिवस पर पहुँच गया। इस अवसर पर शास्त्री दीपक जैन ने धर्मप्रेमियों को उत्तम शौच की व्याख्या सुनाते हुए कहा कि सच्ची स्वच्छता केवल शरीर की नहीं बल्कि मन और विचारों की होती है।

शास्त्री जी ने स्पष्ट किया कि किसी वस्तु की इच्छा करना दरअसल इस बात का संकेत है कि हमारे पास वह वस्तु नहीं है। इसके विपरीत, जो कुछ भी हमें प्राप्त है, उसके लिए सर्वशक्तिमान परमात्मा का आभार व्यक्त करना चाहिए और संतोषी बनकर जीवन व्यतीत करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा भौतिक संसाधनों और धन-दौलत में सुख तलाशना केवल मन का भ्रम है। परम आनंद तभी प्राप्त होगा जब आत्मा को शुद्ध बनाकर मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ा जाए। उत्तम शौच का अर्थ केवल बाहरी स्वच्छता नहीं बल्कि मन की निर्मलता भी है। यह धर्म व्यक्ति को पवित्र सोच अपनाने, स्वस्थ विचार रखने और आत्मा को आंतरिक मलिनताओं से मुक्त करने का मार्ग दिखाता है। सभा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में इस संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया मन में निर्मलता धरो, उत्तम शौच धर्म को स्वीकारो और अपने अंतर्मन को बुहारो



# मायके वालों की सूचना पर शव का कराया पीएम

## रिपोर्ट दर्ज कराने को नहीं दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** इलाज के दौरान विवा. हता की मौत हो गयी। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जबकि पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गयी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना नाईपुरा का है। यहां पर मोहम्मद इलियास का परिवार रहता है। ससुराल वालों के मुताबिक इलियास की पत्नी शहनाज बीते करीब एक साल से बीमार चल रही थी। उसका काफी उपचार कराया था। वर्तमान में वह मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती थी। शनिवार को उसकी हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन दिल्ली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में शहनाज की मौत हो गई। लिहाजा, परिजन शव को घर ले आए। वहीं, मायके वालों ने विवाहिता की मौत की सूचना पुलिस को दे दी तथा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। लिहाजा, पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद रविवार को मृतका को सुपुर्द खाक कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मायके वालों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया था। मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# चोर हिटलर और तानाशाह कहना जायज ?

## तहसील में शोर शराबा, गरिमा पर गहराया संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मंडी धनौरा तहसील परिसर इन दिनों गर्म है। वजह है 22 अगस्त को घटित एक वाकया, जो धीरे-धीरे मामूली विवाद से निकल. कर गरम चर्चाओं का विषय बन गया है। दरअसल, भोजन के दौरान न्याय मंच के पहरेदार एक जिम्मेदार अधिकारी से मिलने पहुँचे। अधिकारी ने विनम्रता से कहा भोजन उपरांत मुलाकात कर लीजिए। बस, यही बात पहरेदारों को नागवार गुजरी और इसे उन्होंने अपमान समझ लिया।

बात इतनी-सी थी, लेकिन बाहर निकलते ही नारेबाजी शुरू हो गई। विरोध के सुर तेज हुए और जुलूस का रूप ले लिया। विरोध में अधिकारी का नाम व पदनाम लेकर चोर, हिटलर, तानाशाह, दादागिरी जैसे शब्दों का प्रयोग हुआ, जिसने पूरे मामले को और भड़का दिया। अब सवाल यह खड़ा है कि अगर भोजन अवकाश में इंतजार करना अपमानजनक हो सकता है तो किसी अधिकारी को चोर" या तानाशाह कहना कैसे अपमान. जनक नहीं माना जाएगा? आखिर अपमान की परिभाषा हर पक्ष के लिए अलग-अलग क्यों? स्थानीय नागरिक भी इस पर दो टूक बोल रहे हैं। कुछ लोग कह रहे हैं विरोध का हक सबको है, मगर शब्दों के व्यक्तिगत हमले न्याय की गरिमा को चोट पहुँचाती हैं। वहीं तीखा तंज कसते हुए लोग ये भी कह रहे हैं चोर और हिटलर कहकर अगर फिर उसी अधिकारी से वार्ता की उम्मीद रखते हैं, तो इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी? यही रोचक मोड़ है न्याय मंच के पहरेदार अब उसी अधिकारी से बुलावे की आस लगाए बैठे हैं, जिसके खिलाफ उन्होंने नारेबाजी की थी। उनका मानना है कि अधिकारी खुद पहल करे और वार्ता के लिए बुलावा भेजे। इस बीच तहसील परिसर में रोज प्रदर्शन और नारेबाजी से माहौल तनावपूर्ण है। जनता असमंजस में है और कई लोग जरूरी काम होने पर भी तहसील जाने से कतराने लगे हैं। मामला अब सिर्फ विरोध का नहीं रहा, बल्कि गरिमा और शालीनता की परिभाषा पर भी सवाल खड़े कर रहा है। लोग पूछ रहे हैं इंतजार करना अपमान. जनक है तो किसी अधिकारी को चोर, हिटलर हिटलर कहना शाल. ीनता है क्या?...

# महिला ने फांसी पर झूलकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चौपला चौकी क्षेत्र में एक बीमार महिला ने फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार एटा जनपद क्षेत्र निवासी शिवकुमार का परिवार सहित नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर में रहता है। वह पिछले आठ साल से एक रसगुल्ला बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है। घर में उसकी 35 वर्षीय पत्नी सीमा यही रहते हैं। पिछले कुछ माह से उसकी पत्नी सीमा की तबियत खराब चल रही थी। अनेकों डॉक्टर्स को दिखाया मगर सुधार नहीं हुआ। शिव कुमार पत्नी से गांव जाने को भी कहता था कि कभी गांव जाने से आवोहवा बदले और तबीयत में सुधार हो मगर उसने गांव जाने को मना कर दिया। रविवार को शिव कुमार तो काम पर चला गया, घर में दोपहर के समय पर सीमा ने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे में दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जब शिव कुमार वापस आया तो अंदर से कमरा बंद था। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई को भेजे। वहीं सलेमपुर गौसाई में एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने उसे प्रयास करके बचा लिया।

**सलेमपुर में भी एक महिला ने की जान देने की कोशिश**

# किसानों की समस्याओं को दूर करे सरकार

## भाकियू खालसा की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन खालसा की बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए किसानों की समस्याओं के निदान पर बातचीत की गई।

रविवार को नगर के रोडवेज बस स्टैंड के निकट आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि जो पदाधिकारी पुराने समय से संगठन में कार्य कर रहे हैं, उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाया जाएगा। कहा कि गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने के अभियान चलाया जाएगी और किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। कहा कि उनकी केन्द्र सरकार से मांग है कि वे शीघ्र ही एमएसपी कानूनी बनाएं ताकि किसान को उसकी फसलों को वाजिब दाम मिल सके। कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों व आम आदमी की समस्याओं के निवारण में रूचि दिखाएं। विभागों में किसानों और आम आदमी से किया जा रहा भ्रष्टाचार समाप्त किया जाए, अन्यथा भाकियू खालसा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने से पीछे नहीं बैठेगी। बैठक में सचिव नितिन कुमार, मंडलाध्यक्ष यशवीर सिंह, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश, सुखबीर सिंह, अरविंद कुमार, इकरार अली, दयाराम सिंह, रामौतार सिंह आदि मौजूद रहे।

## यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रविवार को हाइवे स्थित जलालपुर में श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रविंद्र सिंह यादव का समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 जितेंद्र यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस मौके पर संजीव कुमार, नरेश यादव, नरसिंह यादव, ओमपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, संजीव यादव, रामनिवास यादव, राजवीर, तीर्मल सिंह, संजय सिंह, कपिल कुमार, महेंद्र सिंह, संजीव कुमार, परवीन, डॉ.प्रशांत यादव, रतन सिंह, विवेक सिंह, सोनू यादव विजयवीर सिंह मौजूद रहे।

# एससीएसटी शिक्षकों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एससी एसटी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित विधायक राजीव तरारा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है, इसलिए शिक्षक का जितना भी सम्मान हो, वह कम ही कम है। रविवार को नगर के आरपी फॉर्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि भारत कोअगर विश्व गुरु बनाना है तो शिक्षक को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बच्चों के भविष्य का निर्माण करना होगा। वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह मौर्य ने कहा की आज समाज में कहीं न कहीं नैतिक गिरावट आ रही है, उसे उच्च बनाने के लिए शिक्षकों को अपना सर्वस्व योगदान देना होगा। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि वे शिक्षकों के सुख दुख में साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को हमेशा एक जुट रहकर अपने अधिकारों के लिए तत्पर रहना चाहिए। जिलाध्यक्ष करतार सिंह एवं जिला मंत्री जगवीर सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों को विधायक राजीव तरारा द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर राजकुमार अरूण, शेर सिंह बौद्ध, रामरतन सिंह, प्रकाश सिंह, डॉ0धर्म सिंह, टीपी सिंह, गजराज सिंह, सुरेश चंद्र मौर्य, करन सिंह, जयवीर सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

**शिक्षक राष्ट्र निर्माता, सदैव सम्मान के योग्य:विधायक**



## एक पेड़ माता पिता के नाम कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस आर्गेनाइजेशन द्वारा संच. ालित ब्लॉक के ग्राम चौकपुरी में स्थित मानव सेवा संस्थान पर 'एक पेड़ माता-पिता के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फलदार, छायादार व फूलों के 150 पौधे रौंपे गए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एलसी गहलोत, राष्ट्रीय महासचिव मनमो. हन सिंह सेन, रामगोपाल गंगवार, धर्मेंद्र चौधरी, मुनेश सैनी, राकुमार गिरि, सर्वेश सक्सेना, मानव सेवा संस्थान के संस्थापक हेम सिंह सैनी, रमेश सिंह वैद्य, चौ.विजेंद्र सिंह, प्रेम कुमार मानव, प्रियंका शर्मा, मंजू चौहान आदि मौजूद रहे।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों को प्रतिदिन 460 मजदूरी

## शहर को स्वच्छ बनाने में वाहन चालकों का भी विशेष योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पालिकाध्यक्ष श्रीमति शशि जैन ने कहा कि आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को 460 रूपये प्रतिदिन की मजदूरी देने का निर्णय लिया गया है। इससे इन कर्मचारियों की स्थिति में सुधार आयेगा था वह लगन व मेहनत के साथ अपने काम को अंजाम देंगे।

स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ व वाहन चालक की ओर से आजाद रोड स्थित एक बैंकेट हाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पालिक. ाध्यक्ष श्रीमति शशि जैन ने कहा कि आउट सोर्सिंग कर्मचारी प्रतिदिन मेहनत व लगन से अपने काम को अंजाम दें। उन्हें कोई परेशानी है तो उसे संज्ञान में लायें। समय रहते उसे दूर किया जायेगा। उन्होने बताया कि सितम्बर माह से उन्हें प्रतिदिन 460 रूपये की मजदूरी दी जायेगी। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि आउट सोर्सिंग कर्मचारी भी नगर पालिका का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनकी परेशानियों का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होने वाहन चालकों के कार्यो की प्रशंसा करते कहा कि वह प्रतिदिन डोर टू डोर कूड़ा एकत्र कर नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। कार्यक्रम सफाई मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दलीप कुमार, रोहित कुमार, प्रदीप चौहान, संजय सहदेव, बिल्लू चौहान, ओमीलाल, पूरन सिंह सैनी, संजय सहदेव, डा. राजेन्द्र राणा, विजेन्द्र कुमार, विनोद राणा, जसवीर सिंह, गुलशन कुमार, सुभाष सहदेव, अंकित राही, गौरव कुमार, राजीव राणा, पंकज राणा, दीपराज, रामपाल, सीताराम, रामबाबू, मुकेश, विपिन, मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।



## मैढ़ समाज का सम्मेलन 3 अक्टूबर को

**अमरोहा।** मैढ़ क्षत्रिय सोनार समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रोहताश कुमार वर्मा ने बताया कि तीन अक्टूबर को मोहल्ला वासुदेव नगर में वार्षिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा।

## पंचायत सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गजरौला पर पंचायत सहायक कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के चार दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस मुरादाबाद और जोया ब्लॉक के पंचायत सहायकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पंचायत सहायकों को स्वच्छ भारत मिशन, सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण, पंचायत कल्याण कोष, मातृभूमि योजना, अंत्येष्टि स्थल योजना, एमएस वर्ल्ड, एक्सेल, ईमेल आईडी का प्रशिक्षण दिया गया। पंचायत सहायकों को ईशांत कुमार शर्मा, अब्दुल कादिर, रिजवान अली, सुरेश आर्य, सत्येंद्र कुमार, आवरण अग्रवाल, रेखा रानी, कु0 खुशी, सत्येंद्र शर्मा आदि प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में न हो लापरवाही: डीएम

■ डीएम ने की डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा बैठक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस देर शाम डिजिटल क्राप सर्वे की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे में अभी कुछ तहसीलों में आईडी एक्टिव नहीं हो पायी हैं, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र आईडी एक्टिव करने साथ ही निरन्तर मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे सरकार की प्रमुख प्राथमिकता में से एक है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में निर्देश दिये कि जो लोग डिजिटल क्राप सर्वे कार्य में लगे हैं उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाए, जिससे वह अपने कार्य को शीघ्र व समयान्तर्गत समाप्त कर लें। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा डिजिटल क्राप सर्वे की आईडी जनरेट करने की अन्तिम तारीख 06 सितम्बर है। समस्त एडीओ पंचायत को निर्देश दिये गए कि सप्ताह में एक बार निरीक्षण करते रहें, जिससे सुधार आ सके।

बैठक मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी सहित समस्त उपजिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ईद मिलाद-उन-नबी पर शांति बनाए रखने को बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर के आजाद इंटर कॉलेज में रविवार को एक शांति सभा का आयोजित की गई, जिसमें थाना हाफिजगंज अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को शांति का पाठ पढ़ाते हुए कोई भी नई परंपरा नहीं डालने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने उल्लंघन किया तो कानून अपना काम करेगा। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने अपने अधीनस्थ सेंथल चौकी इंचार्ज को दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद आलम मिस्बाही, शमीम अहमद, महराब अहमद, इम्तियाज रजवी, जावेद खान, हाजी कय्यूम इदरीसी, राहत हुसैन अंसारी आदि सहित अनेक संभ्रांत लोगों ने बैठक में भाग लिया।

## एक नजर

## गणपति विसर्जन यात्रा की झांकी निकाली गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डूंडा शुमाली में गणपति विसर्जन यात्रा की झांकी निकाली गई, जिसमें पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। बप्पा के जयकारों के साथ पूरा गांव झूम उठा। इस मौके पर कताई मिल चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे, और बहेड़ी थाने से महिला पुलिस भी मुस्तैद रही।



ग्राम डूंडा शुमाली के निवासियों ने गणपति विसर्जन यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गांव के मुख्य लोगों में अंकित श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, दीपु श्रीवास्तव, विनोद कुमार, हरीश कुमार, विकास गंगवार, सूरज पाल, मली और डूंडा शुमाली से बीडीसी प्रत्याशी भूपेंद्र गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

गणपति विसर्जन यात्रा के दौरान पुलिस की मौजूदगी ने शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखा। कताई मिल चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार ने बताया कि यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, और किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात था।

गणपति विसर्जन यात्रा के दौरान पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। बप्पा के जयकारों के साथ ग्रामीण झूम उठे, और गणपति बप्पा की भक्ति में डूब गए। इस मौके पर ग्रामीणों ने गणपति बप्पा की आरती उतारी और उनकी पूजा-अर्चना की।

## रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज और चौड़ीकरण के लिए संयुक्त सर्वे पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बरेली-नैनीताल हाइवे से सटी रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या को लेकर रिछा राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी और नगर पंचायत रिछा चेयरमैन कैसर जहां ने संयुक्त सर्वे की मांग की थी। इस मांग को पूरा करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे, पीडब्ल्यूडी, उपशा और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त सर्वे किया गया।

संयुक्त टीम ने अपनी रिपोर्ट में दो प्रपोजल भेजे हैं, एक ओवरब्रिज और दूसरा चौड़ीकरण को लेकर। अंडरपास की संभावना पानी भरने की वजह से खारिज कर दी गई है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने जाम की समस्या को देखते हुए क्रॉसिंग की चौड़ाई बढ़ाने का सुझाव दिया है।

अवैध कब्जा हटाकर रोड चौड़ा किया जाएगा, और बीच में स्थाई बैरिकेड बनवाए जाएंगे। सिंगल बैरियर को डबल बैरियर किया जाएगा। रेलवे हाल्ट के मुद्दे पर भी संभावना देखी जा रही है, और अगर रेलवे द्वारा उचित पाया गया तो कार्रवाई आगे बढ़ने की उम्मीद है।

अतहर हुसैन नियाजी ने कहा कि रिछा रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम की समस्या को लेकर वे और रिछा नगर पंचायत चेयरमैन काफी समय से प्रयासरत हैं। अब आकर जाम से निजात की उम्मीद जागी है, और जल्दी ही उनकी मांग को हरी झंडी मिल जाएगी

# जिला ईंट निर्माता समिति ने शीशगढ़ प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित

■ तय समय पर ही ईंट भट्टे चलाने का समिति ने लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जिला ईंट निर्माता समिति के एक कार्यक्रम में शीशगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह को शाल उड़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने ईंट निर्माता समिति के कार्यों की सराहना की तथा सायबर क्राइम से सावधान रहने एवं ईंट भट्टा व्यापारियों को पूरी सुरक्षा देने का आश्वासन भी दिया।

शीशगढ़ के नायक पैलेस में आज रविवार को आयोजित जिला ईंट निर्माता समिति की बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष डाक्टर हाजी आफताब अहमद ने सभी भट्टा स्वामियों से अपील की कि वह समिति के नियमों का पूरी तरह से पालन करें किसी के बहकावे में न आएं तय समय पर ही ईंट भट्टों का संचालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई।

उन्होंने यह भी चेताया कि ईंट निर्माता समिति ने एक जुटता से काम नहीं किया तो भट्टा उद्योग फिर बरबादी के कगार पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। बैठक में ईंट निर्माता समिति रामपुर के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने सभी भट्टा स्वामियों को विस्तार से बताया तथा अपने व्यापार के प्रति सजग रहने एवं यूनियन के नियमों का पालन करने की अपील की गई। हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री ने कहा कि जिला ईंट निर्माता समिति पूरी तरह एक जुट है, इसी तरह एकजुटता से कार्य करेंगे तभी कामयाबी मिलेगी।

बैठक में मकसूद रहमानी, शरीफ अहमद, हाजी मुहम्मद शरीफ, रियाजुल रहमान, तौसीफुर रहमान, खुर्शीद दद्दा, डाक्टर मुजीबुर रहमान, इमरानुल हक , जुनैद अहमद, अजीमुर रहमान, जमशेद, इंतिखाब आलम आदि मौजूद रहे संचालन एजाज अहमद ने किया।

### ईंटभट्टा व्यापारियों को मिलेगी पूरी सुरक्षा

प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि व्यापारियों को सुरक्षा देना उनका कर्तव्य है। यदि भट्टा व्यापारी धनराशि लेकर कहीं बाहर जाते हैं तो उनको सूचना दे दें, वह अपने स्तर से सुरक्षा मुहैया कराएंगे, लेकिन भट्टा व्यापारी साइबर क्राइम से भी सावधान रहें । यदि किसी से अनजाने में कोई गलती हो भी जाए तो वह तुरंत उसकी सूचना दें हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि शीशगढ़ के भट्टा व्यापारी बड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने कार्य को अंजाम देते हैं। यही उनके व्यापार की खूबी भी है। इसी लग्न और मेहनत के कारण ही उनको व्यापार में सफलता भी मिल रही है।

## दबंगों ने किया चकमार्ग पर कब्जा, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे के दबंगों द्वारा चकमार्ग पर कब्जा कर लिए जाने से क्षेत्रीय किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। तमाम शिकायतों के वाबजूद समस्या जियो की त्यों बनी हुई है। क्षेत्रीय किसान लल्लू पुत्र छुट्टन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली और संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समस्या निदान की मांग की है।

प्रार्थी लल्लू ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि उन्हें अपने चक पर जाने के लिए इसी एक चकमार्ग का सहारा था, जिसे राहत हुसैन पुत्र शराफत हुसै,न कलीम अहमद पुत्र शफीक अहमद, इरफान शाह पुत्र अख्तर अली शाह यह तीनों लोग वहीं निर्मित एक स्कूल के साझीदार हैं, और बाबू, जाफर, मुन्ने इन लोगों के सहयोगी हैं, इन लोगों से जब भी कब्जा हटाने को कहा जाता है, यह लोग फसाद करने पर आमादा हो जाते हैं, और जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने हल्का लेखपाल पर भी कब्जा धारियों से मिली भगत का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

## कस्बे में राधा रानी के जन्मदिन पर मंदिरों में हुआ जलाभिषेक और कीर्तन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में राधा रानी के जन्मदिन पर कस्बे के मंदिरों में कीर्तन और अभिषेक के साथ बधाई कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया।

कस्बे के साहूकारा मोहल्ले में स्थित सनातन धर्म वैश्य सभा ठाकुरद्वारा मंदिर में राधा अष्टमी के अवसर पर महिलाओं और पुरुषों ने राधा रानी के जन्मदिन पर राधा कृष्ण का अभिषेक कर भव्य श्रृंगार के साथ कीर्तन भजन का आयोजन कर बधाईयां दी।

महिलाओं ने नाचझूमकर राधा रानी जन्मदिन की बधाई दीं। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद भी वितरण किया।

इस अवसर पर राकेश अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,नरेश ऐरन, आशीष अग्रवाल, कमल गुप्ता, शशांक गुप्ता, दीपक गोयल, अंशुल अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, रमा जायसवाल,नैना गोयल, मधु अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सुची गोयल आदि महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के चुनाव में जितेन्द्र गंगवार को निर्विरोध प्रांतीय मंत्री चुना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** लखनऊ में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के चुनाव में ग्राम पंचायत अधिकारी जितेंद्र गंगवार को तीसरी बार निर्विरोध प्रांतीय मंत्री चुना गया है।

इस मौके पर उन्हें उनके करीबियों ने शुभकामनाएं दी है। रविवार को उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन/प्रांतीय कार्यकारिणी का निर्वाचन लखनऊ के एक होटल में संपन्न हुआ। जिसमें जितेंद्र गंगवार पुन: तीसरी बार निर्विरोध प्रांतीय मंत्री पद निर्वाचित हुए है।वह वर्तमान में बरेली के ब्लॉक भोजीपुरा में ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर कार्यरत है। निर्वाचन के उपरांत उन्होंने उपस्थित प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्षों, जिला मंत्री, प्रांतीय प्रति. निधियों का आभार व्यक्त किया है। उनकें शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

## राधाष्टमी पर मन्दिरों में हुए महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर में रविवार को राधाष्टमी की धूम रहीं और गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन भी हुआ।

नगर के श्री राधाकृष्ण मन्दिर, श्री शिव पार्वती मौर्य मन्दिर, श्री सुदामा सहित अन्य सभी मंदिरों में विशेष सजावट कर राधा रानी की आरती कीर्तन किया गया व प्रसाद वितरण किया गया।

बड़ी संख्या में सेंथल नगर के श्रद्धालु राधा जी की जन्मस्थली बरसाना जाकर माथा भी टेकते हैं। वहीं गणेश चतुर्थी महोत्सव में गणेश जी की आरती व भोग लगाया गया। श्याम स्वरूप गुप्ता, अविनाश मिश्रा, घनश्याम दास मिश्रा, श्रवण कुमार, सतेन्द्र जोशी, डॉ. लेखराज मौर्य, चंद्रपाल मौर्य, धर्मेन्द्र मौर्य, सेवाराम मौर्य, अंकित मौर्य, रंजीत मौर्य, अरुण मौर्य विशाल कश्यप, बबलू सैनी, रमेश सक्सेना, संजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## शेरगढ़ इलाके में पशु के अवशेष मिलने से हिंदू संगठन आक्रोशित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शेरगढ़ इलाके के मोहम्मदपुर गांव में पशु के अवशेष और रस्सियां मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बजरंग दल के कार्यकर्ता मोहित सिंह और सोनू मोदी मौके पर पहुंचे, और पशु वध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस से पशु वध करने वालों का पता लगाने और उन पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

हिंदू संगठनों ने प्रशासन से पशु वध की घटनाओं पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, और प्रशासन को ऐसे मामलों में सख्ती से निपटना चाहिए। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है, और वे प्रशासन से मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी शेरगढ़ राजेश कुमार ने बताया चिकित्सक की जांच के बाद ही पता चल जाएगा किस जानवर के अवशेष हैं। आरोपीयों पर सख्त कारवाही की जायेगी।

# कच्ची सड़क पर जलभराव होने से नौनिहाल परेशान

■ हाथ में जूते चप्पलें लेकर पानी पार करने को मजबूर स्कूली बच्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नम्बर 25 मोहल्ला नई बस्ती रजानगर में कच्ची सड़क पर पानी भरा होने से नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी भरने से रास्ता निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। महिलाएं व स्कूली नन्हे मुन्ने बच्चे पानी पार करने के लिए अपने जूते चप्पलें हाथ में लेकर जाते हुए देखे जा सकते हैं।

इस समस्या के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि कच्ची सड़क पर पानी भरा होने से लोगों को कितनी परेशानी हो रही है। स्कूल जाते नौनिहाल हाथों में जूते लेकर कच्ची सड़क से गुजरते हुए स्कूल जा रहे हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाता है। दरअसल, नगर के वार्ड नम्बर 25 मोहल्ला नई बस्ती रजानगर में लगभग पांच सौ से छह सौ की आवादी निवास करती है। यहां पर तकरीबन 35 मीटर कच्चा रास्ता है, जहां पर जरा सी बारिश में भी जलभराव हो जाता है। जिस कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं और यहां निवास करने वाले सभी निवा. सियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

उनका कहना है कि जलभराव की समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए जल्द ही कदम उठाए जाएंगे। नालियों की सफाई और पानी की निकासी के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।

## डाक्टर हाजी अय्यूब अंसारी परिवार के साथ उमराह को हुए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर के रहने वाले अलमदीना अलमास अस्पताल के एमडी डॉक्टर हाजी मो0 अय्यूब अंसारी रविवार को अपनी डॉक्टर फैमिली के साथ उमराह करने के लिए रवाना हो गए।



इनटेलेक्चुअल सोशल वेलफेयर एसोसिएशन (इसवा) के अध्यक्ष हाजी डॉक्टर मो0 अय्यूब अंसारी उनकी पत्नी डॉक्टर स्वाति खां, पुत्री डॉक्टर मनतशा अय्यूब, पुत्र डॉक्टर शरजिल अय्यूब को मुकद्दस उमराह शरीफ को जाने पर रविवार को डॉक्टर अनीस बेग, आला हजरत अस्पताल के एमडी और इसबा के निवर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर मो० फाजिल मंसूरी, डॉक्टर फहमी खां, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर लईक अंसारी, डॉक्टर एहतिशाम उल हक, डॉक्टर मो० ताहिर, हाजी मो० याकूब, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज अंसारी गुड्डू, सगीर अहमद सहित बड़ी तादात में लोगों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर अपने लिए दुआ की दरखास्त कर रवाना किया।

सगे भाईयों ने मरघट पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काटे

## 6 माह बाद प्रधान ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 6 माह बाद क्षेत्र के गांव मुझैना जागीर के ग्राम प्रधान ने मरघट पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ चोरी से काट लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव के प्रधान कृष्ण पाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि गाटा संख्या 141 रकबा 0.443 जो मरघट के नाम दर्ज है। गांव के प्रधान ने गांव के छोटे लाल के पुत्रों रामेंद्र कुमार और महेन्द्र कुमार पर 6 माह पहले ग्राम के मरघट में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ चोरी से काट लिए जाने का आरोप लगाते हुए थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## धार्मिक कार्यक्रम में आई किशोरी को बहला-फुसला कर ले गए युवक, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घर से मंदिर जाने की बात कहकर निकली एक किशोरी को जनपद शाहजहांपुर के दो युवक बहला-फुसला कर अपने साथ ले गए, काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को उनका कोई पता नहीं मिला। घटना की रिपोर्ट किशोरी के पिता की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी 26 अगस्त को अपने घर से मंदिर जाने की बात कहकर निकली थी, जिसके बाद से वह कहीं लापता हो गयी। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं मिला। बाद में उसके पिता को पता चला कि जनपद शाहजहांपुर की पुवायां तहसील की ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के ग्राम रामपुर का शिवा पंडित व श्याम पंडित उससे फोन पर बात करते थे, वह उसे बहला-फुसला कर अपने साथ ले गए हैं। घर से जाते समय वह घर में रखे अपने कुंडल व 20 हजार रुपए नगद भी अपने साथ ले गयी है। घटना की रिपोर्ट किशोरी के पिता की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। पुलिस किशोरी की बरामदगी में जुटी है।

### जिसके लिए भूल गए अपनी दुनियां आज वहीं छोड़ गए बीच मझधार में

# बेटों ने बुजर्ग माता-पिता को मारपीट कर घर से निकला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दो बेटों ने अपने माता-पिता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। बुजुर्ग दंपत्ति सड़क पर भटकने को मजबूर हैं। दंपत्ति ने न्याय की आस में पुलिस को तहरीर दी है, जिसपर पुलिस जांच कर रही है।

### दंपत्ति ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव अगरास निवासी आशिक हुसैन ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका बेटा सज्जाद और शारिक ने शनिवार को उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हुए उन्हें घर से निकाल दिया। इस्लामन और उनके पति की अब काफी उमर हो चुकी है, और उनके पास रहने को गांव में एक ही मकान है, जबकि उनका कहना है कि महेशपुरा में 400 गज जमीन में चार बेटे हैं, सभी लोग बराबर बाँट कर वहीं रहें। लेकिन उस जमीन पर दो लोग अवैध कब्जा करना चाहते हैं।

### दोनों बेटे दंपति को दे रहे जान से मारने की धमकी

पीड़ित आशिक हुसैन व इस्लामन ने रो-रोकर बताया कि उनके दो बड़े बेटों और उनकी पत्नियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है, अब वह सड़क पर भटकने को मजबूर हैं। दोनों बेटों और उनकी पत्नियों ने जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने बताया कि अगर उनके साथ कोई घटना घटित होती है, तो उसके जिम्मेदार दोनों बेटे और उनकी पत्नी होंगी।

### बड़े बेटे ने पूरे मकान पर किया अवैध कब्जा

पीड़ित दंपत्ति ने मीडिया को बताया कि उनके चार बेटे हैं। बड़े बेटे ने उनके मकान पर अकेले अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जबकि वह मकान चारों बेटों को मिलना है। इस मामले में थाने में शिकायत की है, पुलिस ने मदद का पूरा भरोसा दिलाया है। दंपत्ति ने कहा कि अगर हमें यहां से इंसाफ नहीं मिला तो एसएसपी के दरबार में पेश होकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

बेटा और बहू उन्हें मकान में नहीं रहने दे रहे हैं, जिससे वे इस उम्र में बेहद परेशान हैं, और उनके पास कोई सहारा नहीं है। तहरीर के आधार पुलिस जांच को घर गई तो दोनों बेटे भाग गये। थाना प्रभारी फतेहगंज पश्चिमी अभिषेक सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। दंपत्ति के दोनों बेटों को थाने बुलाया गया है। मामले में उचित कार्यवाही कर दंपत्ति को न्याय दिलाया जाएगा।

## हादसों में कमी लाने को नो हेलमेट-नो फ्रयूल...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में हुई। डीएम ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाहनों के सुगम, सुचारू और सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। वहीं, एक सितंबर से चलने वाले नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान पर जोर दिया।

डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को जिले में चिह्नित 45 ब्लैक स्पॉट पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सुधारात्मक कार्य शुरू कराते हुए मुख्य मार्गों पर डिवाइडर, सिग्नलिंग सिस्टम और सड़क चिन्हों को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। ब्लैक स्पॉट की सूची आगामी बैठक में एनएचएआई को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में खराब स्ट्रीट लाइट और प्रकाश व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

डीएम ने बैठक में पुलिस, परिवहन और पूर्ति विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान प्रभावी तरीके से चलाया जाए।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# झोलाछाप डाक्टरों पर कार्रवाई कम स्वास्थ्य विभाग की फजीहत ज्यादा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सीएमओ कार्यालय परिसर के आस पास काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि अगर कोई झोलाछाप डॉक्टरों की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत होती है तो टीम मौके पर छापेमारी करती है। उसके बाद सीएमओ कार्यालय से नोटिस जारी कर झोलाछाप,अवैध नर्सिंग होम संचालकों को बुलाया जाता है। कार्यालय के संपर्क में आते ही झोलाछाप को कार्रवाई की धमकी देकर बचाव के रास्ते बताए जाते हैं। इसके लिए उनसे रकम वसूली कर मामला रफादफा कर दिया जाता है झोलाछाप,अवैध नर्सिंग होम कार्रवाई कम स्वास्थ्य विभाग की फजीहत ज्यादा हो रही है। शिकायत पर






सीएमओ की टीम के नोडल डॉ पवन जायसी, बाबू जाकर नर्सिंग होम को सील कर देते है तो फिर वहीं मोहन झा, बाबू नितिन यादव झोलाछाप के क्लीनिकों, और अवैध अस्पतालों पर छापेमारी के लिए खुद जाकर सील खोलकर मोटी रकम वसूल लेते है, इस दौरान कार्रवाई कम झोलाछाप नोडल , बाबू की फजीहत ज्यादा हो रही है। शिकायत पर कुछ समय पूर्व पहले झोलाछाप टीम ने कुंवरगांव स्थित एक अवैध हॉस्पिटल को नोटिस जारी कर गुरु नानक हॉस्पिटल पर पहुंची जहां बिना कार्रवाई करके बैरंग लौट आई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।इस मामले में अपर निदेशक स्वास्थ्य बरेली मंडल बरेली ने संज्ञान लिया है ।

# तहसीलदार के बिगड़े बोल कहा: मुझ पर चार छह मुकदमे चल रहे हैं एक और सही

मैं मुकदमा विचाराधीन दौराने ही कराता हूं कब्जा या तो जमीन स्वेच्छा से दे दो नहीं तो जबरन करा दूंगा कब्जा

**अजीत कुमार शर्मा ,शाह टाइम्स**

**बदायूं ।** सदर तहसीलदार का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें पीड़ित के सामने तहस. ीलदार के बिगड़े बोल नजर आ रहे हैं । पूरा मामला सदर तहसील की ग्राम पंचायत यूसुफ नगर है जहां के निवासी उदयवीर पुत्र गोधेराम का जयप्रकाश नाम के व्यक्ति से जमीन विवाद संबंधित मुकदमा सदर तहसीलदार न्यायिक और अपर आयुक्त बरेली के यहां विचाराधीन हैं उसके बाबजूद भी तहसीलदार विपक्षी पार्टी को कब्जा दिलाने की बात कहते नजर हैं। वायरल वीडियो में तहसीलदार सदर दीपक कुमार अपने आफिस में वादी उदयवीर के लड़के तेजेन्द्र सागर को धमकाते नजर आ रहे हैं कि कब्जा देना है तो स्वेच्छा से दे दो नहीं तो जबरन कब्जा करा दूंगा इसके बाद तुम कुछ भी करना मुझपर चार छः मुकदमे चल रहे हैं एक और सही । तहसीलदार बार बार पीड़ित के लड़के को धमकाते हुए विपक्षी पार्टी को जबरन कब्जा कराने की बात कहते नजर आ रहे । वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है जहां हल्का लेखपाल प्राची यादव द्वारा वादी के पुत्र तेजेन्द्र सागर को सदर तहसीलदार के आफिस में बुलाया गया था ।। वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा का विषय बना हुआ है ।।पीड़ित ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है ।। मौके पर खेत में उर्द की फसल खड़ी हुई है उक्त जमीन पर उदयवीर का पुस्तैनी कब्जा है उदयवीर के भाई रुपराम ने 1993 में उदयवीर के नाम एक वसीयतनामा करा दिया था जिसके बाद उनकी 1994 में मृत्यु हो गई जबकि विपक्षी पार्टी जयप्रकाश का जन्म 1997 में हुआ है जिसके पीड़ित के पास शैक्षिक प्रमाण पत्र उपलब्ध हैं । फिर भी सदर तहसीलदार दीपक कुमार तानाशाही रवैया अपनाते हुए विपक्षी पार्टी को जबरदस्ती कब्जा दिलाने की बात कर रहे हैं ।

# मुख्यमंत्री जी इस्लामनगर में सरकारी अस्पताल खुलवाओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** ये अमन का शहर है, पूनम की चांदनी सा है। प्यार की खुशबू बहती है, सुरीली राँगिनी सा है। मा० मुख्यमंत्री जी इस्लामनगर में सरकारी अस्पताल खुलवाओ। 80 हजार की आबादी मे सरकारी चिकित्सा का अभाव है। इस्लामनगर (बदायूँ) का ब्रिटिश कालीन सरकारी अस्पताल जिला प्रशासन ने 11 किमी दूर कस्बा रुदायन में करोना काल में शिफ्ट कर दिया। और नगर की जनता को परेशानी की हालत में छोड़ दिया। जो आज तक सरकारी चिकित्सा के अभाव से ग्रस्थ नगर की जनता शासन की ओर सरकारी सुविधा पाने की टक टकी लगाये बैठी है। किन्तु प्रशासन इस समस्या को लगातार अनदेखा कर रहा है। नगर एवं क्षेत्र की जनता की परेशानी को देखते हुए समाज सेवियों ने नगर में सरकारी अस्पताल खुलवाने की माँग के तहत धरना प्रदर्शन किया था। तथा कई बार उक्त समस्या से शासन प्रशासन को अवगत कराया। किन्तु इस समस्या का समाधान अभी तक नही हो पाया है। अब तक लोगो ने समाचार पत्रों के माध्यम से इस विकराल समस्या पर कोई गौर नही किया है। प्रदेश सरकार की जिला प्रभारी मंत्री मा० गुलाबो देवी को भी इस समस्या को ज्ञापन से समय समय पर अवगत कराया है।

लेकिन परिणाम आज तक सामने नहीं आया। विदित हो मा० प्रभारी मंत्री इस्लामनगर ब्लॉक मुख्यालय की रहने वाली है। तब भी समस्या पर ध्यान नही दिया जा रहा है। तब मा० मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन व समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। कि मा० मुख्यमंत्री इस्लामनगर में सरकारी अस्पताल शीघ्र अतिशीघ्र खुलवाये। जिससे जनता को सरकारी अस्पताल की सुविधा मिल सके। जनता की समस्या का करो निदान, सरकारी अस्पताल खुलवाओ श्रीमान।

# चुनावी रंजिश को लेकर ग्राम के विकास कार्य में डाल रहे बाधा

## ग्राम प्रधान पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव वेन निवासी वर्तमान प्रधान/ग्राम प्रधान संगठन महामंत्री रविंद्र गौतम ने आईजी बरेली मंडल बरेली से शिकायत करते हुए अवगत कराया है गांव में प्रधानी चुनाव लड़ा था चुनाव के दौरान गांव के चंद्रपाल भी चुनाव लड़े थे लेकिन वह हार गए थे और शिकायतकर्ता जीत गया था तभी से गांव का दबंग चंद्रपाल उसका भतीजा विजय रंजिश मानने लगे ग्राम प्रधान का आरोप है कि उक्त आरोपी गांव में ग्राम प्रधान को विकास कार्य भी अपनी दबंगई के चलते नहीं करने दे रहे हैं आए दिन उसके खिलाफ झूठी शिकायतें करते रहते हैं ग्राम प्रधान का आरोप है कि आने वाले चुनाव में भी ना खड़ा होने की हिदायत दे रहे हैं बीते दो दिन पूर्व ग्राम प्रधान जरूरी काम से रायपुर बुजुर्ग जा रहे थे तभी आरोपी विजय ने आधा दर्जन अपने समर्थकों के साथ ग्राम प्रधान पर हमला बोल दिया जिसमें ग्राम प्रधान घायल हो गए ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत संबंधित थाने पर की लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है ग्राम प्रधान का आरोप है कि चुनावी रंजीत के चलते और आने वाले चुनाव को देखते हुए उक्त आरोपी कभी भी उसकी हत्या कर सकते हैं वह प्रशासन से कई बार शिकायत कर चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है उक्त आरोपी गांव में दबंगई के बल पर नृत्यकियो की रंगशाला चलाते हैं अश्लील डांस भी गांव में करवाते हैं जिस गांव की युवा पीढ़ी पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है और गांव का माहौल भी खराब हो रहा है उन्होंने उच्च अधिकारियों को बताया है अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह ग्राम प्रधान संगठन को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वह स्वयं जिले के ग्राम प्रधान संगठन के महामंत्री हैं।

# बिसौली में मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रविवार सुबह 5:00 से लगातार बिसौली तहसील क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश में धमाके के साथ एक मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने मंदिर में दरारें पड़ गई जिससे आसपास के लोगों में हडकंप मच गया। हम आपको बता दें कि बिसौली तहसील क्षेत्र मे रविवार सुबह 5:00 से हो रही झमाझम बारिश में तेज धमाके के साथ व गरज के साथ कुआंडांडा गांव में स्थित शिव मन्दिर आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर में दरारें पड़ गई वहीं आसपास रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया वहीं लोगों में बारिश एवं आकाशीय बिजली को लेकर दहशत का माहौल है।

# श्री कृष्ण लीला पुराना भादो मेला का हुआ उद्घाटन



**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** हर साल की तरह इस बार भी श्री कृष्ण लीला पुराना भादो का मेला हुआ शुरू मेले का उद्धघाटन दातागंज विधायक राजीब कुमार सिंह बब्बू भैय्या और चेयरमैन बाबर मियाँ ने किया उनके साथ सी ओ करनवीर सिंह और इस्पेक्टर क्राइम सहसवान भी मौजूद रहे मेले मे अनेको प्रकार के झूले व खेल खिलोनो की दुकाने लगी है ये मेला प्रमोद इंटर कॉलेज की फील्ड मे लगा है मेले के प्रवधक कृष्णा शंकर रायजादा ने मेहमानों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर दीपक सिंह,जैनू शैख पिंटू भैय्या, सभासद बंटी, चन्द्र पाल मौर्य, अतुल फौजी, अबधर शर्मा, सचिन सक्सेना, अनवर अली बब्बू भाई,बिंटू भैय्या, ठाकुर सुखन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अपराध निरोधक कमेटी का दोबारा जिला सचिव बनने पर शमसुद्दीन का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जेल मैनुअल उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संरक्षित एवं जेल मेनुअल के अंतर्गत सन् 1938 से संचालित उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ के यशस्वी चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव जी द्वारा जनपद बदायूं के जिला सचिव के रूप में मोहम्मद शमसुद्दीन शम्स को पुन: दूसरी बार जिला सचिव नियुक्त किया गया है। दूसरी बार जिला सचिव बनने पर जनपद के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला सचिव शमसुद्दीन शम्स का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिला सचिव ने बताया कि संस्था को देश की आजादी से पूर्व ब्रिटिश शासन के दौरान जेल मैनुअल में स्थान दिया गया था। आजाद देश होने के बाद इस संस्था द्वारा जेल मैनुअल के अनुसार कारागारों में व्यापक रूप से बंदियों के जीवन को सुधारने व बंदियों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सदैव प्रयासरत रही है। उन्होंने आगे बताया कि संस्था के स्लोगन ष्अपराध से घृणा करो, अपराधी से नहीं..ष की तर्ज पर काम करते हुए लगातार प्रयासों से कारागारों में बंद बंदियों के जेल से छूटने पर प्रभावी असर देखा गया है। दूसरी बार



जिला सचिव बने मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह मेरा स्वागत किया गया है उसी जोश से कमेटी का कार्य करना है। कमेटी का लक्ष्य समाज को अपराध मुक्त बनाना है जिसे हम सब मिलकर प्रशासन का सहयोग कर प्राप्त कर सकते हैं। डॉ नेत्रपाल सिंह शैलानी एवं पूर्व प्रधानाचार्य सी पी सिंह ने कहा कि कमेटी द्वारा राम बारात बाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा गुरु गोविंद जयंती पर शोभा यात्रा का जबरदस्त स्वागत किया गया जो काबिले तारीफ है इसी क्रम में आने वाली 5 सितंबर को जुलूस ए मुहम्मदी का इस्तकबाल भी कमेटी द्वारा कैंप लगाकर किया जाएगा। पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद खिजर अहमद ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि विगत वर्ष शमसुद्दीन शम्स के नेतृत्व में कमेटी द्वारा जिला कारागार, वृद्धा आश्रम, कुष्ठ आश्रम में ऊनी वस्त्र कंबल एवं फल वितरण आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

जो सराहनीय हैं। इन्हें प्रदेश चेयरमैन द्वारा दुबा. रा जिला सचिव बनाए जाने पर हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। आरिफ नूरी ने कहा कि इस बार बारावफात के मौके पर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को फल या बिस्किट वितरित किए जाएं। जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। अंसार अल्वी उर्फ गुड्डू ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी इंतजार हुसैन, अंसार अली, धर्मपाल सिंह, डॉ अशरफ अली, अहमद नबी उर्फ भाई भाई, सगीर अली,मुहम्मद आरिफ नूरी, रामऔतार मिश्र, तारिक अब्दुल्लाह आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति पर मंडी सचिव हिम्मत सिंह को दी विदाई

**आई एम खान,शाह टाइम्स**



**बिसौली।** मण्डी समिति बिसौली के सचिव हिम्मत सिंह की सेवा. निवृत्ति पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां उनकी सेवाओं को लेकर फूल मालाएं भेंट की गई और सम्मानित किया गया। शाहजहांपुर से आए मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप ने कहा कि हिम्मत सिंह ने एक कर्मठ कर्मचारी के रूप में मंडी समिति की जिम्मेदारियां का निर्वाहन किया है। उनके कार्यों को समिति हमेशा याद करेगी। विभिन्न पदों पर 39 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले मंडी सचिव हिम्मत सिंह ने अपनी सेवानिवृत्ति पर कहा कि व्यापारियों, किसानों एवं मंडी कर्मचारियों का जो हमें सहयोग मिला उसको मैं कभी भूल नहीं सकता। इस दौरान फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, एसआई नरेंद्र सिंह, शाहजहांपुर के मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप, बदायूं के मंडी सचिव प्रभात यादव, उझानी के मंडी सचिव खंडविन्द प्रकाश, बिल्सी के मण्डी सचिव अरविंद चौहान, मंडी निरीक्षक रंजीत कुमार मौर्य, मंडी निरीक्षक दिलीप गुप्ता, इस्लामनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता, नितिन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, के.पी. मौर्य आदि मौजूद रहे।

# यमुना नदी का लगातार बढ़ रहा जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पहाड़ों में हो रही बरसात और हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण यह स्थिति बनी है। नदी के किनारों पर कटान जारी है।

सबगा, जागोश, कोताना, काठा, साकरोद और सुभानपुर सहित दर्जनों गांवों के किसान प्रभावित हुए हैं। सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। किसानों को रोजाना लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करने में भी किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासनिक अधिकारी लगातार यमुना के किनारों का जायजा ले रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे न जाने की अपील की है। सुरक्षा के लिए गोताखोरों की भी तैनाती की गई है। अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# मेले हमारी प्राचीन संस्कृति की यादें ताजा करते हैं : बीएल वर्मा

**बिसौली।** क्षेत्र के ग्राम गुधनी खौसारे स्थित श्री बालाजी बल्देवधाम के बलदाऊ जी महाराज के जन्मोत्सव मेले का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बलदाऊ महाराज एवं बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर महंत श्री श्री 1008 ललितेश्वर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा मेले हमारी प्राचीन संस्कृति की याद दिलाते हैं। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और आपसी सौहार्द को बढ़ाते हैं। इसलिए मेलों का आयोजन भव्यता और श्रद्धा के साथ होते रहना चाहिए। पूरे कार्यक्रम स्थल पर भक्ति रस की गूंज रही श्रद्धालुओं ने जय बलदाऊ महाराज जय बालाजी महाराज की के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मासिक बैठक का आयोजन मालवीय आवास ग्रह बदायूं पर किया गया । बैठक को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मोर गुप्ता ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लाभार्थी का चेहरा प्रमाणी करण करते हुए परेशान हैं ।विभाग द्वारा ना तो रिचार्ज का पैसा दिया जा रहा है । और ना ही नए मोबाइल दिए जा रहे हैं । जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि जब तक नए मोबाइल और रिचार्ज का पैसा नहीं दिया




जाए तव तक अनावश्यक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर दबाव न बनाया जाए । जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोका गया है उसको तुरंत ही चालू किया जाए ।कार्य करने के बदले प्रोत्साहन राशि में परियोजना स्तर पर पैसे की उगाई बंद की जाए ।कुछ परियोजनाओं पर पैसे लेकर ही पी एल आई बनाई जा रही है जिसके लिए संगठन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा । इस मौके पर एक ज्ञापन मजिस्ट्रेट के लिए सोपा गया । जिसमें प्रमुख मांग चेहरा प्रमाणीकरण , एवं पी एल आई पर पैसा वसूली बंद किया जाए । देहगवॉ परियोजना की ग्राम पंचायत सलावतपुर भूड में आंगनबाड़ी सहायिका का प्रमा. ेशन किया जाए ।सेवानिवृत्ति के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के लिए ६500000 की एकमुश्त धनराशि जारी की जाये जिससे कि वह अपना जीवन यापन कर सकें ।

# गृह क्लेश से तंग महिला ने कोसी नदी में कूदकर की आत्महत्या की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** कोतवाली अंतर्गत चोकी सैदनगर की एक विवाहिता ने पारिवारिक विवाद के चलते लालपुर स्थित कोसी नदी में कूद कर आत्महत्या की कोशिश की।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को बचा लिया गया।बाद महिला और उसके पति की कोतवाली में पुलिस द्वारा कराई गई काउंसिलिंग के बाद महिला मायके वालों के साथ घर वापस चली गयी। रामपुर की सिविल लाइन क्षेत्र निवासी एक महिला की शादी 3 वर्ष पहले टांडा कोतवाली अंतर्गत चोकी सैदनगर के ग्राम ईश्वरपुर निवासी व्यक्ति के साथ हुई।बताते हैं कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ दिनों से मतभेद चल रहे थे।जिसके कारण महिला तनाव में थी।बताते हैं कि रविवार को महिला किसी को बताए बिना अपने घर से निकलकर कोसी नदी पहुंची और नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को बचा लिया। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस, महिला को थाने ले आयी, और उससे पूरी जानकारी करने के बाद पति को भी थाने



बुला लिया। पुलिस ने पति पत्नी को समझाते हुए दंपति की आपस में वार्ता कराई। काउंसिलिंग के बाद पति द्वारा भविष्य में पत्नी को प्रताड़ित न करने के आश्वासन के बाद महिला अपने मायके वालों के साथ घर जाने को तैयार हो गयी।इस तरह महिला बिना किसी कार्रवाई के अपने मायके चली गयी।

# हम संस्कारी हैं, कमजोर नही हैं : वीरेश शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर के विकास खण्ड स्वार के ग्राम रहमतगंज के शिव मन्दिर पर ब्लॉक अध्यक्ष सोहपाल सिंह के नेत्रत्व में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। पहला सत्र प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिया जिसमें इन्होंने संगठन भारतीय किसान संघ की मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला और दूसरा सत्र विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद ने लिया इन्होंने संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डाला गया। तीसरा सत्र जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद ने लिया जिसमे इन्होंने भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। चौथे सत्र में जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने ग्राम समिति पर प्रकाश डाला एवं सभी संगठन के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और सभी किसानों से संबोधित करते हुए कहा अपने अधिकार के लिए सड़को पर किसानों को उतरना पड़ेगा। यह कहते हुए किसानों से आग्रह किया होने वाले 4 सितंबर के धरना प्रदर्शन मे सभी किसान मिलक चलेंगे। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरिओम मौर्य, जिला सहमंत्री अरविंद कुमार, मिंटू तिवारी, सचिन शर्मा, संजीव वर्मा, रमेश शर्मा, हरविंदर सिंह, विक. ाश कुमार, सत्य प्रकाश, देवेंद्र सिंह आर्य, गुरदीप सिंह, विकास कुमार सुरेश कुमार सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# धमोरा में कृष्ण लीला का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** शनिवार की देर शाम धमोरा की साप्ताहिक बाजार के पास कृष्णा लीला मैदान में कृष्ण लीला का आयोजन प्रारंभ किया गया। गति वर्षों की भांति इस वर्ष भी धमोरा की साप्ताहिक बाजार के पास वर्षों होती चली आ रही। कृष्ण लीला मेंले का आयोजन का प्रारंभ कर दिया गया है मेला मैदान में दूर दराज से आए चक्कर झूले वालों ने अपने-अपने झूलो को लाइट से सजाकर मेले में आए लोगों और बच्चों को झूला झुलाकर मनमोहित कर दिया।

# छात्रों ने कॉलेज के बाहर जाम लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक इंटर कॉलेज में पिछले एक माह से बिजली कनेक्शन कट जाने से शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कॉलेज में पढ़ने वाले करीब 2500 विद्यार्थी भीषण गर्मी में बिना पंखे और लाइट के पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

परेशान छात्रों ने शनिवार को कॉलेज के बाहर बिजरोल रोड पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि कॉलेज का बिजली बिल समय पर जमा किया गया है, लेकिन विभाग ने नलकूप का बकाया दिखाकर कॉलेज का कनेक्शन काट दिया। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी है कि अगर सोमवार तक कनेक्शन बहाल नहीं किया गया तो वे दिल्ली-सहारनपुर हाईवे जाम करेंगे। साथ ही भूख हड़ताल भी करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी ने छात्रों का समर्थन किया है।

एबीवीपी के प्रांत संयोजक अमित कुमार ने कहा कि अगर विभाग ने तुरंत कनेक्शन नहीं जोड़ा तो सोमवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# दो सिपाहियों समेत छह नशा तस्कर गिरफ्तार

## सिपाही की कार से 40 लाख की स्मैक बरामद, गैंग में एक नाबालिग भी शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस ने दो सिपाहियों के साथ छह नशा तस्करों को 40 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि गये आरोपियों में एक नाबालिग है जबकि जिस कार से नशीले पदार्थ की तस्करी की जा रही थी वह भी सिपाही के नाम से ही पंजीकृत है।

सैदनगली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की टीम उझारी-ढवारसी रोड स्थित गंगा एक्सप्रेस वे पुल के नीचे वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इस दौरान वैगनआर कार संख्या डीएल4सीएएस-0701 को रोककर जब उसकी तलाशी ली गयी तो मौके से 1340 ग्राम स्मैक बरामद की। जिसकी अनुमानित कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 40 लाख रूपये है। जबकि इसके अलावा पांच मोबाइल फोन, तीन हजार 490 रूपये की नकदी भी आरोपियों से बरामद की गयी है। जिस कार से स्मैक की तस्करी की जा रही थी वह ढवारसी चौकी पर तैनात सिपाही योगेश की बतायी जा रही है। उक्त सभी आरोपी दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में माल बेचने जा रहे थे। परन्तु रास्ते में ही पुलिस टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आज एएसपी अखिलेश भदौरिया ने पुलिस कार्यालय में मामले का खुलासा करते बताया कि जब नाजिम ने ढवारसी चौकी पर तैनात आरक्षी योगेश कुमार व आशू सैनी के साथ मिलकर स्मैक को छीनने की योजना बनायी, जब सौदा तय हो रहा था तो योगेश व आशू वर्दी में मौके पर पहुंच गये। नशे के तस्करों में दबिश समझकर हड़कम्प मच गया। जबकि तीन-चार लोग मौके से फरार हो गये। योगेश की वैगनआर कार से उक्त दिल्ली व एनसीआर में यह माल खपाया जाना था तथा रकम मिलने के बाद इसे सभी आपस में बांटने की योजना बना रहे थे। फरार अभियुक्तों की तलाश में भी पुलिस दबिश दे रही है।



अमरोहा। एसपी कार्यालय में स्मैक तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते एएसपी अखिलेश भदौरिया।

### ढवारसी चौकी पर तैनात हैं दोनों पुलिस कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों योगेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश गौतम जिला गौतमबुद्ध नगर के जेवर थाना क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर का रहने वाला है तथा वर्तमान में उसकी तैनाती ढवारसी चौकी पर है। इसके अलावा आशू सैनी पुत्र जयपाल सिंह मुजफ्फरनगर के थाना भौराकलां के गांव बहरामगढ़ का रहने वाला है तथा ढवारसी चौकी पर ही तैनात है। इसके अलावा योगेश कुमार पुत्र मदन सिंह गांव साथलपुर, नाजिम पुत्र आस मौहम्मद निवासी गांव गारबपुर थाना आदमपुर, आदिल पुत्र युसुफ निवासी गांव फूलपुर थाना रहरा के अलावा एक नाबालिग को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

### खुलासा करने वाली टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** खुलासा करने वाली टीम में एसओ सैदनगली विकास कुमार, एसआई सतवीर सिंह, राजेश मिश्रा, हेड कांस्टेबिल सतेन्द्र मलिक, संजय, कांस्टेबिल प्रवीण कुमार, रामजीलाल, रोहित कुमार, प्रदीप कुमार, एसओजी व सर्विलांस टीम में सर्विलांस प्रभारी सेल विजेन्द्र मलिक, एसओजी प्रभारी कुलदीप तोमर, हेड कांस्टेबिल गौरव शर्मा, वाजिद अली, अंकुर, कृष्णवीर सिंह, कमल कुमार, आशीष कुमार व लव चौधरी शामिल थे।

# दो दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर आरोपी

## नहीं निकाला जा सका कब्र से शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुकदमा दर्ज होने के दो दिन बाद भी युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर हैं जबकि डीएम कार्यालय से रिपोर्ट न मिलने के कारण हैंडलूम कारोबारी का शव भी कब्र से नहीं निकाला गया है।

बताते चलें कि 24 अगस्त को हैंडलूम कारोबारी मोहल्ला नल नईबस्ती स्थित अपने आवास पर गुफरान ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। मामले में सुसाइड नोट व वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार को मृतक की भाभी समेत आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ गुफरान को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पिता अताउल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने फजल अहमद, सोनू कबाब वाला, अयूब बावर्ची, बब्लू, मो. हसिन, तंजीम बेग, सना व सलीम को नामजद किया था। आरोपियों में शामिल फजल ने पुलिस की मदद से गुफरान को कोट चौकी बुलाया था। वहां उसकी बेइज्जती करते हुए मारपीट की गई थी। हड़काते हुए दरोगा के सामने ही गोली मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद कोट चौराहे पर एक दुकान में बंधक बनाकर भी गुफरान को प्रताड़ित किया गया था। आरोपियों से छूटकर घर पहुंचे गुफरान ने वीडियो बनाने के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया था। परिजन दरवाजा तोड़कर निजी अस्पताल भी ले गए थे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजनों ने 25 अगस्त को बिना पोस्टमार्टम शव को सुपुर्दे खाक कर दिया था। फिलहाल, मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएम कार्यालय से पत्राचार किया गया है लेकिन अभी तक अनुमति नहीं मिल सकी है।

# पैसे के लालच में फंस गए दोनों सिपाही

## डेढ़ माह से अधिक कब्जे में रखी स्मैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ढवारसी चौकी पर तैनात सिपाही योगेश व आशू लालच में फंस गये। उन्होने डेढ़ माह से अधिक समय पहले छापा मारकर 40 लाख रूपये कीमत की स्मैक छीनी थी तभी से वह उसे ठिकाने लगाने की फिराक में थे। पकड़े गये आरोपी नितिन ने गौरव को बताया कि उसके दोस्त मयंक यादव निवासी गांव साथलपुर के पास स्मैक है जिसे बेचकर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। गौरव ने यह बात नाजिम को बतायी। जिस पर नाजिम ने बताया कि ढवारसी चौकी पर तैनात सिपाही योगेश व आशू की उससे अच्छी जान पहचान है। तभी उक्त सभी ने मयंक से स्मैक छीनने की योजना बनायी। 19 जुलाई को मयंक को स्मैक बेचने के लिए बुलाया। तब सौदा तय हो गया तो योजना के अनुसार सिपाही योगेश व आशू ने वर्दी पहनकर गैंग को दबोचने का प्रयास किया। गिरोह के सदस्य पुलिस की दबिश समझकर फरार हो गये। इस बीच योगेश व आशू ने स्मैक उनसे छीन ली। तभी से यह स्मैक इन दोनों के कब्जे में थी।

# लाखों की ठगी करने में तीन पर मुकदमा

## मुख्यमंत्री का संबंधी बताकर सौ महिलाओं से ठगे थे 35 लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मुख्यमंत्री का घनिष्ठ सम्बंधी बताकर संविदा पर नौकरी दिलाने व सरकार से आवास दिलाने के नाम पर 100 महिलाओं व 12 युवकों से 35 लाख रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। सीओ के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के बागड़पुर मुजब्ता निवासी सरजीत सिंह पुत्र धर्मवीर ने आरोप लगाया है कि बर्ष 2022 में हसनपुर थाना क्षेत्र के बीझलपुर गांव निवासी अयूब खान पुत्र तौकीर लखनऊ घुमाने के लिए ले गया था। लखनऊ में अयूब खान ने हेमंत गंगवार व अमित कुमार सक्सेना निवासी ग्राम लखीमपुर, थाना शीशगढ़ जनपद बरेली तथा नितिन गौड़ पुत्र वासुदेव गौड़ से मिलवाया था। हेमंत गंगवार ने स्वयं को मुख्यमंत्री का घनिष्ठ सम्बंधी बताते हुए कहा कि जिन लोगों को आवास की आवश्यकता हो तथा बेरोजगार युवाओं को संविदा पर नौकरी की आवश्यकता हो तो उनसे सम्पर्क कर लो उनकी नौकरी व आवास मिल जायेगा। नौकरी के लिए डेढ़ लाख रुपए प्रत्येक तथा आवास के लिए 15 हजार रुपए खर्च करने पड़ेंगे। सरजीत सिंह ने 12 लोगों से 18 लाख रुपये तथा 100 महिलाओं से 15 लाख रुपए समेत 35 लाख रुपए एकत्र करके मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताने वाले व उसके दो अन्य साथियों को दे दिये। आरोप है कि 22 लाख रुपए बैंक खातों में ट्रांसफर किये गये।जबकि 13 लाख रुपए नगद दिये गये। कुछ समय बीत जाने के बाद जब युवकों और महिलाओं ने नौकरी व आवास ना मिलने पर रूपये वापस करने की मांग की तो सरजीत सिंह ने हेमंत गंगवार आदि से रूपए वापस मांगे तो उन्होंने रूपए वापस करने से इंकार करते हुए कहा कि ज्यादा दबाव बनाने की कोशिश की तो जान से मारने की धमकी दी। सरजीत सिंह ने सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत को रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। जिसके आधार पर आदमपुर थाने में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी कुमरेश त्यागी ने बताया कि सरजीत सिंह की तहरीर पर हेमंत गंगवार, अमित सक्सेना, नितिन गौड़ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

# पांचवे दिन भी नहीं मिल सके गंगा में डूबे तीनों सगे भाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा में डूबे तीन सगे भाईयों का पांचवे दिन भी कुछ पता नहीं चल सका। सुबह होते ही तीनों भाईयों के पिता और माता सहित अन्य परिजन घाट पर पहुंच गए। उनकी तकलीफ का कोई ठिकाना नहीं था। दिन भर टीम ने तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला। बता दें कि अमरोहा के मौहल्ला दानिश मंदान निवासी रामपाल 27 अगस्त को अपने 08 माह के पौत्र विनायक पुत्र आकाश कुमार के मुंडन संस्कार के लिए परिवार के सदस्यों के साथ तिगरी गंगा आए थे। बताते हैं कि जब शाम के समय परिजन वापस जाने को हुए तो रामपाल के तीन बेटे 27 वर्षीय ओंकार, 23 वर्षीय बंटी व 18 वर्षीय अनुज नहीं मिले। परिजनों ने इनका फोन मिलाया तो फोन रिसीव नहीं हुआ, इनकी खोजबीन की गई तो इन तीनों के कपड़े व मोबाइल तख्त पर रखे मिले। आशंका है कि तीनों गंगा में डूब गए हैं। उस दिन से रविवार को पांचवा दिन रहा, लगातार उनकी तलाश की जा रही है मगर कुछ पता नहीं चला है। रविवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव, वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह मौर्य, प्रो.ओमकार सिंह, चंद्रपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, नरेश कुमार, पीतम सिंह, मुकेश कुमार, लखपत सिंह आदि ने तीनों भाईयों के परिजनों की हिम्मत बढ़ाई। वहीं शाम होते होते जब तलाश टीम ने तलाश बंद की तो दुखी परिजन घाट से तिगरी स्थित रिश्तेदारी में चले गए। वहीं तीन सगे भाईयों के गंगे में डूबने की घटना मन को झकझोर देने वाली है।

**नेताओं ने माता, पिता व परिजनों की हिम्मत बढ़ाई**



गजरौला। तीन सगे भाईयों के दुखी पिता की हिम्मत बंधाते नेतागण।

### मारपीट में तीन भाईयों व पिता पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र मिल्क गौसपुर गांव निवासी युवक ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है।पीड़ित फुरकान ने बताया कि रविवार शाम वह अपने घर के बाहर रास्ते में खड़ा था। उसी दौरान गांव के अल्तमस, खुशनवी, तथा इसान भाई बहन व पिता वहां आ गए और बिना वजह उसे घर के बाहर खड़ा होने को लेकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जब उसने विरोध किया तो तीनों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित फुरकान की तहरीर पर पुलिस ने भाई बहन और पिता सहित तीनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# कैश व जेवर लेकर रिक्शा चालक की पत्नी फरार

## मकान बनाने के लिए इकट्ठे किये थे पैसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के एक गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। रिक्शा चालक पति की पत्नी गैर समुदाय के युवक के साथ घर से फरार हो गई। हैरानी की बात यह कि विवाहिता न केवल नकदी और जेवरात लेकर गई, बल्कि पति के सपनों को भी चकनाचूर कर गई। पति ने मकान बनाने के लिए खून-पसीने की कमाई से डेढ़ लाख रुपये जोड़ रखे थे।

पीड़ित पति ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही गैर समुदाय के सानिब पुत्र नौशे पर पत्नी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पति का कहना है कि करीब तीन माह पहले सानिब उनके घर मिट्टी का भराव डालने आया था, तभी से उसकी पत्नी से पहचान बढ़ी। धीरे-धीरे दोनों की नजदीकियां रिश्ते में बदल गईं। दो दिन पहले भी उसने पत्नी को फोन पर सानिब से बातें करते देखा था। घटना 29 अगस्त की है। रिक्शा चालक रोज की तरह धनौरा रिक्शा चलाने चला गया था और घरवाले खेत पर चारा लेने गए थे। घर पर अकेली रह गई पत्नी मौके का फायदा उठाकर प्रेमी संग फरार हो गई। पति का दावा है कि उसने मंडी धनौरा में पत्नी को सानिब की बाइक पर पीछे बैठकर जाते देखा। आवाज देने के बावजूद पत्नी ने एक बार मुड़कर नहीं देखा। घर लौटने पर पति के पैरों तले जमीन खिसक गई। घर से करीब डेढ़ लाख नकद और सोने-चांदी के आभूषण भी गायब थे। जब उसने आरोपी युवक के पिता नौशे को शिकायत बताई तो उल्टा जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

## एक नजर

### खेत की जमीन को विवाद, पिता-पुत्र फंसे

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** खेत की जमीन को लेकर हुए विवाद में मारपीट और धमकी देने पर पिता और पुत्र के विरुद्ध प्राथमिकी दर्जद्यथाना मण्डी धनौरा क्षेत्र के गांव देहरा चक निवासी सुनील कुमार ऊर्फ सुरजीत सिंह की भूमि इकोंदा स्थित जंगल में है। पीड़ित ने बताया कि उसके नाम पर गाटा संख्या 583/0477 व 249/0.093 दर्ज है। बीते 27 अगस्त की शाम वह अपने खेत गाटा संख्या 583 पर मौजूद था। तभी गांव के ही धीरेन्द्र उर्फ दीपू व पिता हुकुम सिंह खेत पर आ गए और जमीन का बैनामा वापस करने का दबाव बनाने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर दोनों ने उसे लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा खेत में लगे पिलर उखाड़कर फेंक दिए। इतना ही नहीं,गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिता और पुत्र के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किसान की छत भर भराकर गिरी, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारी बारिश के चलते किसान के मकान की छत भरभराकर गिरने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। किसान ने शासन से सहायता करने की गुहार लगाई है। आदमपुर थाना क्षेत्र में गांव सांथलपुर चक की मढैय्या में रविवार की सुबह बारिश के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। रविवार की सुबह से हुई भारी बारिश के चलते किसान गंगादास के कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। घ्हादसे के वक्त परिवार के सभी बच्चे बरामदे में सो रहे थे। जिसकी वजह से कोई हताहत नहीं हुआ है। अगर बच्चे कमरे के अंदर होते तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। पीड़ित गंगादास ने बताया कि छत गिरने से घर में रखा उनका सारा जरूरी सामान जैसे अनाज, रजाई, कपड़े और गद्दे सब मलबे के नीचे दबकर बर्बाद हो गये हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना में उनका पचास हजार रुपए से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। इस घटना की सूचना तुरंत राजस्व विभाग को दी गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

### दो पक्षों में मारपीट, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी कैलाश सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते 19 अगस्त को उनका बेटा राजवीर गांव के ही प्रवीण के साथ बैठा था। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि प्रवीण ने गाली-गलौज शुरू कर दी और इसी बीच रामकुवंर व मुखराम, जय सिंह,परवीन डंडे लेकर मौके पर आ पहुंचे और मारपीट करने लगे। कैलाश सिंह और उनके बेटे को भी पीटा गया। वहीं बेटे राजकुमार को सिर पर गहरी चोट आई। शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे। जिसके बाद भीड़ इकट्ठा हो गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से भाग गए।घटना में घायल लोग फिलहाल अपना उपचार करा रहे हैं। कैलाश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि की है।

### सांड के हमले में महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** पशुओं को चारा डालने जा रही महिला पर सांड ने हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में मेरठ रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव परौरा की मढैयो निवासी शकुन्तला पत्नी हरिराज सिंह आज सुबह घर के पास बनी पशुशाला में पशुओं को चारा डालने जा रही थी। अचानक सड़क पर खड़े सांड ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। यह देख ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़ पड़े तथा किसी तरह महिला को सांड से छुड़ाया। परिजनों ने उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर शकुन्तला को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है।

### सड़क पर केले के पेड़ लगाकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को ग्रामीणों ने गड्ढो में केले के पेड़ लगाकर धरना प्रदर्शन किया। गांव रूस्तमपुर में सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा बदहाल सड़क पर फूट पड़ा। यह सड़क करीब सौ से अधिक गांव को जोड़ती है परन्तु कई सालों से इसकी हालत जर्जर है। जिस कारण आये दिन हादसे होते रहते हैं। आज ग्रामीणों ने सड़क पर बने गड्ढो में केले के पेड़ लगाये तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चेताया कि अगर दस दिन के अंदर सड़क की मरम्मत नहीं करायी गयी तो जाम लगाने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में कुलदीप भारती, विजय सैनी, सोनू गुर्जर कमल राणा, वीर सिंह जाटव, अशोक, नीटू, प्रिंस, सुमित, अनिल, लवित, नसीम, प्रशांत, विरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# अधिकार चाहिएं तो किसानों को बनानी होगी अपनी सरकार: बीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने किसान महापंचायत में किसानों से आह्वान किया कि वह अपनी सरकार बनाएं तभी उनकी मुश्किलें हल हो सकती हैं। कहा कि केंद्र सरकार किसानों को सम्मान निधि मात्र 6 हजार रुपये साल देती है और गन्ना मूल्य न बढ़ाकर किसानों की आमदनी कम करती है। इसीलिए सम्मान निधि मिले या न मिले मगर किसान के गन्ने का मूल्य कम से कम पांच सौ रुपए प्रति कुंतल होना चाहिए।

**हुंकार**

**राकिमसं की महापंचायत में गरजे राष्ट्रीय अध्यक्ष**

नगर के शिव इंटर कॉलेज में रविवार को भारी बरसात के बाद भी किसान महापंचायत में किसानों की भीड़ उमड़ी। दुपहर एक बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने संबोधन प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार किसानों के हित में काम करने को तैयार ही नही है। एमएसपी को लेकर कानून की कोई बात नहीं, गन्ना मूल्य बढाने की कोई बात नहीं। वो तो हम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में किसानों की लड़ाई लड़कर उन्हें गन्ने का बकाया और ब्याज दिलवाने के काम लगातार करते आ रहे हैं, अन्यथा सरकारों को किसानों की कोई सुध नहीं। उन्होंने कहा कि किसानों को अगर अपनी ताकत बनानी है तो उन्हें अपनी सरकार बनानी होगी। पूरे उत्तर प्रदेश में किसान और उनके परिवारों के तीन करोड़ से अधिक वोट हैं, उन्हें सही जगह इस्तेमाल करना होगा। वीएम सिंह ने केंद्र व प्रदेश सरकार से कहा कि यदि किसानों के साथ इतनी बड़ी हमदर्दी है तो गन्ना मूल्य 100 रुपये बढ़ाएं, यदि 100 रुपये सरकार बढ़ाती है तो 100 रुपये और बढ़वाने की ताकत किसान भी रखते हैं। सरदार वीएम सिंह ने कहा कि आज थाने व कचहरी के भ्रष्टचार से किसान और आम आदमी परेशान है। खुलेआम किसानों व आम आदमी के साथ थाने व तहसील में लूट की जा रही है। कुछ ऐसे किसान संगठन जिनका किसानी से कोई वास्ता नहीं है, वे आज किसानों के साथ छल फरेब करके थानों व तहसील के भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं से किसान बर्बाद हो रहा है। छुट्टा पशु किसानों की पूरी पूरी फसलें बर्बाद कर रहे हैं मगर शासन प्रशासन के पास छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने का कोई प्लान नहीं है। इसलिए किसान को खुद खड़ा होना होगा तभी जाकर किसानों को तकलीफों व परेशानियों से छुटकारा मिल सकेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी यूपी उपेंद्र सिंह, प्रवक्ता पश्चिमी यूपी सरदार जगजीत सिंह व मुकुल त्यागी, महासचिव पश्चिमी यूपी कैलाश लाम्बा व वीरपाल सिंह, मंडल प्रभारी मुरादाबाद राजवीर सिंह, मेरठ मंडलाध्यक्ष रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष अमरोहा जोरावर सिंह आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला पहनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह का स्वागत किया। वहीं महापंचायत के चलते पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को निर्देश दिए।



# नोडल अधिकारी ने विकास भवन में की समीक्षा बैठक अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शासन द्वारा नामित जनपद के नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण उत्तर प्रदेश शासन सुभाष चंद्र शर्मा ने विकास भवन पहुंचकर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के साथ ही विद्युत आपूर्ति



व्यवस्था तथा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति के बारे में भी अधिकारियों से विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन को समय-समय पर निर्धारित प्रारूप पर भेजी जाने वाली सूचनाओं के प्रेषण के दौरान समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्युत आपूर्ति को लेकर समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए साथ ही खराब ट्रांसफार्मरों को गंभीरता पूर्वक निर्धारित समय सीमा के भीतर बदलवाया जाए।

छात्रवृत्ति योजना में विद्यालयों और समाज कल्याण विभाग के स्तर से निर्धारित समय सारणी के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली जाएं। जन शिकायतों का निस्तारण मा. मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए अधिकारी निर्धारित समय में कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुनें साथ ही समाधान दिवस और आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विभागीय अधिकारी अपनी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर भी गंभीरता दिखाएं और अधिकतम पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

# सैफनी नगर में चंद्रवंशी समाज ने भगवान श्री गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में रविवार को अरुण चंद्रवंशी ने किया भगवान गणेश प्रतिमा का विसर्जन। बताते चले कि 27 अगस्त बुधवार को अरुण चंद्रवंशी ने अपने घर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को विधि विधान से आचार्य मोहित वशिष्ठ ने वेद मन्त्रों द्वारा अरुण चंद्रवंशी सहित परिवार सहित पूजा अर्चना कराकर प्रतिमा को स्थापित किया गया। जिसमें रविवार को लगभग 11 बजे भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को रथ पर स्थापित कर ढोल नगाड़ों के साथ अबीर उड़ाते हुए गणपति बप्पा मौर्या के जयकारों के उदघोषों से नगर गूंज उठा और फिर विभिन्न मार्गों से होते हुए रामगंगा नदी पर पहुंचकर आचार्य मोहित वशिष्ठ नें वेद मन्त्रों द्वारा अरुण



चंद्रवंशी सहित चंद्रवंशी समाज द्वारा पूजा अर्चना कराकर श्री गणेश प्रतिमा का गणपति बप्पा मौर्या के उदघोषों के साथ विसर्जन किया। जिसमें उपस्थित अरुण चंद्रवंशी, दुर्योधन चंद्रा, डालचंद्र चंद्रा, चोखेलाल चंद्रा,राज चंद्रा, ओंकार चंद्रा सहित चंद्रवंशी समाज मौजूद रहा।

# भाजपाइयों ने सुना मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** रविवार को टांडा नगर मंडल पर मोदी जी की मन की बात के 125वें संस्करण को सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया।

इस अवसर पर नगर मंडल कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में मोदी ने आज की मन की बात में देश में भर्ती प्रक्रिया और खेल प्रतिभाओं का जिक्र किया तथा जम्मू कश्मीर में डल झील में हुई नौकायन प्रतियोगिता के बारे में भी विस्तार से बताया तथा विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों से फोन के माध्यम से बात की।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, योगेश सैनी, करन सिंह, पप्पन सक्सेना, रामस्वरूप सैनी, उमेश चंद्र और रजत सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरकर करना होगा संघर्ष

**वीरेश शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** रविवार को भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर के बिकास खण्ड स्वार के ग्राम रहमतग. ंज के शिव मन्दिर पर ब्लॉक अध्यक्ष सोहपाल सिंह के नेत्रत्व मे प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ स पहला सत्र प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिया जिसमे इन्होंने संगठन भारतीय किसान संघ की मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला और दूसरा

सत्र विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद ने लिया इन्होंने संगठन की रीति नीति




पर प्रकाश डाला गया

तीसरा सत्र जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद ने लिया जिसमे इन्होंने भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला चौथे सत्र मे जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने ग्राम समिति पर प्रकाश डाला एवं सभी संगठन के कार्यकर्ताओ का आभार ब्यक्त किया और सभी किसानो को संबोधित करते हुए कहा अपने अधिकारो के लिए सड़को पर किसानो को उतरना पड़ेगा यह कहते हुए किसानो से आग्रह किया कि होने वाले 4 सितंबर के धरना प्रदर्शन मे सभी किसान मिलक चलेंगे । इस अवसर पर निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष हरिओम मौर्य , जिला सहमंत्री ब्लॉक अध्यक्ष सोहन लाल मौर्य,अरविंद कुमार, मिंटू तिवारी, सचिन शर्मा , संजीव वर्मा , रमेश शर्मा, हरविंदर सिंह, विकाश कुमार, सत्य प्रकाश, देवेंद्र सिंह आर्य, गुरदीप सिंह, विकास कुमार सुरेश कुमार सहित सेकड़ो किसान मौजूद रहे।

# एसपी ने सैफनी थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाने का पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने किया आकस्मिक निरीक्षण बताते चले कि शनिवार को देर शाम थाने में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर विभिन्न रजिस्टर एवं उनके रख रखाव साफ सफाई व उनमें अंकित की जाने वाली प्रवष्टियों को चेक किया गया। साथ ही थाना परिसर में बने कंप्यूटर कक्ष महिला हेल्प डेस्क मालखाना साइबर सैल आदि एवं विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का निरीक्षण किया गया तथा थाने पर नियुक्त थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा सहित पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जैन समाज ने मनाया दस लक्षण पर्व का चौथा दिन, उत्तम शौच दिवस, प्रवचनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा वातावरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन समाज का महापर्व दशलक्षण पर्व नगर में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को इसका चौथा दिन उत्तम शौच दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर फूटा महल एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शौकत अली रोड पर दिनभर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना कर आत्मशुद्धि एवं आंतरिक पवित्रता का संकल्प लिया। शाम को इंदौर और मथुरा से पधारे विद्वानों ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए उत्तम शौच धर्म का महत्व समझाया।

शौच का वास्तविक अर्थ केवल बाहरी स्वच्छता नहीं है, बल्कि मन, वचन और शरीर की पवित्रता है। जब तक हमारे विचार शुद्ध नहीं होंगे, तब तक जीवन में शांति और संतोष संभव नहीं। हमें लोभ, क्रोध और ईर्ष्या जैसे आंतरिक विकारों को त्यागकर आत्मा को स्वच्छ बनाना चाहिए।

ब्रह्मचारिणी बबीता एवं ब्रह्मचा. रिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने कहा कि जैसे गंदे पात्र में रखा हुआ अमृत भी दूषित हो जाता है, वैसे ही अशुद्ध हृदय में भक्ति और साधना का बीज अंकुरित नहीं हो सकता। शौच का पालन करने से आत्मा के ऊपर जमे हुए कर्मों का मैल धीरे-धीरे धुलने



लगता है। शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने अपने प्रवचन में कहा कि बाहरी स्वच्छता जितनी जरूरी है, उससे कहीं अधिक आंतरिक स्वच्छता महत्त्वपूर्ण है। यदि हम अपनी वाणी को मधुर रखें, आचरण को सादा रखें और मन को ईर्ष्या-द्वेष से मुक्त रखें, तभी उत्तम शौच धर्म की सार्थकता है।

प्रवचनों के उपरांत मंदिरों में आरती की गई।

आरती के बाद बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। इस प्रकार, दशलक्षण पर्व का चौथा दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालु अब पाँचवें दिन उत्तम सत्य दिवस की तैयारी में जुट गए हैं।

# श्री राम मंदिर परिसर में लगाई जाए कल्याण सिंह की मूर्ति : जगदीश कुमार राज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश कुमार राज ने रामपुर के पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात श्री राम मंदिर में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह हिंदू रत्न की मूर्ति श्री राम मंदिर परिसर में लगाई जाये। इसी पर एक घंटे तक चर्चा चली अगर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्री राम मंदिर परिसर में बाबू की प्रतिमा लगाई जाती है। तो आज के युवाओं में हिंदुत्व के प्रति भावना जागृत होगी और आने वाले समय के लिए सनातन के लिए लड़ने वाले योद्धा



तैयार होंगे। इस लिए उत्तर प्रदेश सरकार से हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की मांग है कि श्री राम मंदिर परिसर में बाबू जी की प्रतिमा लगाई जाए। जिससे आने वाले समय के लिए युवा प्रेरणा ले सके सांसद से मुलाकात के समय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत , सुनील राजपूत, कांता प्रसाद लोधी, रमेश, धर्मपाल, मनीष श्यामबाबू, खुशीराम, नरेंद्र राजपूत एन के और तमाम लोग मौजूद रहे।

# सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91 वें स्थापना दिवस पर हुई नात प्रतियोगिता

**■ दो ग्रुपों में आयोजित नात प्रतियोगिता में विभिन्न मदरसों, स्कूलों एवं अन्य शैक्षिक संस्थानों के ८२ छात्र एवं छात्राओं ने लिया हिस्सा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर की ऐतिहासिक सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91 वें स्थापना दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी के हिमायतुल्लाह खान हाल में नाते पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न मदरसों एवं स्कूलों के 82 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। यह नात का मुकाबला जूनियर और सीनियर दो ग्रुपों में कराया गया। प्रोग्राम की अध्यक्षता डॉ महमूद अली खान अध्यक्ष सौलत पब्लिक लाइब्रेरी रामपुर ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी जिला अध्यक्ष जमीयत उलेमा हिंद रामपुर मौजूद रहे। रविवार प्रात: काल कुरान ख्वानी के उपरांत सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के संस्थापक सौलत अली खान साहब, सभी मरहूम पूर्व अध्यक्ष एवं सेक्रेटरी एवं विशेष रूप से मुफ्ती ए आजम व शहर इमाम मौलाना महबूब अली कादरी वजीही के लिए दुआए मगफिरत की गई।

नात प्रतियोगिता के प्रारंभ से पूर्व अध्यक्ष सौलत पब्लिक लाइब्रेरी डॉक्टर महमूद अली खान ने इमामे शहर और मुफ्ती आजम मौलाना महबूब अली कादरी वजीही के निधन पर गहरे रंज ओ गम का इजहार करते हुए उनकी जिंदगी पर तफसील



से रोशनी डाली और मरहूम मुफ्ती साहब के लिए सामूहिक दुआ कराई। नात प्रतियोगिता में जज के रूप में मशहूर शायर नईम नजमी, हसन आफंदी, मजहर मियां मजहर रामपुरी, अब्दुल् अहद खान आजर नोमानी, अजीज बकाई, आलअहमद खान सुरूर मौजूद रहे। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने अनूठे एवं सुरीले अंदाज में नाते पाक पेश की जिसने माहौल को बहुत पाकीजा और नूरानी बना दिया। नात प्रतियोगिता में संच. ालन की जिम्मेदारी हुसैन मंजूर ने अंजाम दी।

इस अवसर पर नात प्रतियोगिता के कन्वीनर डॉक्टर मेहंदी हसन व डॉक्टर सैयद जाफर शाह ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के प्रवक्ता जीशान मोहम्मद खान मुराद ने बताया कि नात प्रतियोगिता में जिन मदरसों एवं स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं ने शिरकत की उनमें मदरसा जामिया उल उल उलूम फुरकानिया ,मदरसा अरबिया फैजुल उलूम थाना टीन, मदरसा अरबिया फैजे हिदायत, दारुल उलूम गुलशने बगदाद इसलाहे कौम हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्या गर्ल्स स्कूल ,जामिया गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल ,सनवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शमसी गर्ल्स इंटर कॉलेज ,गवर्नमेंट जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कॉलेज, जामिया तरतील उल कुरान, फैजुल उलूम जूनियर हाई स्कूल, स्काईलार्क पब्लिक स्कूल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल ,मदरसा जमीअतुल मुस्तफा ,मदरसा मारीफुल कुरान हादी एकेडमी जामिया रहमानिया ,सेफ हैंड वर्ल्ड स्कूल ,ब्लू अंब्रेला स्कूल ,राइज अकैडमी जूठिया, यूपीएस घाटमपुर कंपोजिट स्कूल आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर लाइब्रेरी सचिव डॉ अदनान जियाई, हक रामपुरी, डॉक्टर अब्दुल वहाब सुखन,निर्मल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित जिला अध्यक्ष कांग्रेस, ताहिर अंजुम, हारुन खान शहर अध्यक्ष कांग्रेस ,साहिर अली खान, नोमान खान के अलावा मजलिस मुशावरत के मेंबर डॉक्टर सैयद अनवारुल हसन कादरी, हाफिज सदीद अहमद खान , शाहिद अली खान, सैयद अदनान जफर , जुबेद खान ,जकी हसन खान ,मसूद अख्तर खान ,सैयद इमरान मियां, फहीमा बी ,लाइब्रेरियन मजहर मोइन खान, शहजादा रिजवान खान , इरफान उर रहमान खान, इशरत अली आदि मौजूद रहे।

# जातिगत टिप्पणी का वीडियो वायरल करने में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** इंस्टाग्राम पर डॉ. अंबेडकर और सांसद चंद्रशेखर आजाद पर जातिगत टिप्पणी का वीडियो वायरल करने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली पुलिस में तैनात एक पुलिसकर्मी की तहरीर पर ग्राम गहलुईया थाना मिलक जनपद रामपुर निवासी कनिश के द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी पर 30 अगस्त को एक वीडियो पोस्ट की गई। जिसमें संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को नृत्य करते हुए दिखाया गया है। वीडियो कैप्शन में ठाकुर की हवेली पर मुजरा लिखा है तथा वीडियो में कनिश के द्वारा अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहा हैं।

उक्त वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के कारण जाति वर्ग विशेष व्यक्तियों में काफी रोष है समाज में जाति वर्ग की भावना तथा वैमानश्यता फैल रही है। इस समाज में समरसता बिगड़ने की पूर्ण संभावना बनी हुई है जाति वर्ग संघर्ष हो सकता है। आरोपित कनिश नामक के व्यक्ति का यह कृत अपराधिक श्रेणी में आता है इस संबंध में पुलिसकर्मी की तहरीर पर आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

# मुफ्ती महबूब अली के निधन पर शोक व्यक्त करने का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुस्लिम बहुल्य शहर रामपुर में 65 सालों तक मुफ्ती का दायित्व निभाने वाले मौलाना महबूब अली कादरी वजीही के निधन पर शोक व्यक्त किए जाने का सिलसिला जारी है।

तीजे की फातिहा के बाद तमाम अहम शख्सियतों ने मौलाना मरहूम के बेटों से मुलाकात कर गम का इजहार किया।

पालिकाध्यक्ष पति समाजसेवी मामून शाह खां, राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां और जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रहे माजिद खां उर्फ राजा खां ने जामा मस्जिद



और मदरसा फुरकानिया में आयोजित महफिले ईसाले सवाब में शिरकत की। इसके बाद अमेरिका से आए उनके बेटे मौलाना डॉ जफर अली अंजुम से मुलाकात कर गम का इजहार किया। इसके अलावा दिनभर शोक जताने के लिए देशभर से लोग आते रहे।

# गणेश विसर्जन यात्रा के साथ संपन्न हुआ गणेश चतुर्थी महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** नगर मे चल रहे गणेश चतुर्थी महोत्सव गणेश विसर्जन यात्रा के साथ आज संपन्न हुआ। गणेश चतुर्थी महोत्सव के आखिरी दिन विसर्जन यात्रा रंगोली मंडप से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई जूनियर हाई स्कूल पर आकर समाप्त हुई।

इस दौरान गणेश जी के भक्तों ने रंग और गुलाल उड़ा कर जमकर जयकारे लगाये समापन समारोह पर विसर्जन यात्रा में समाजसेवी एवं भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार उपस्थित रहे। साथ में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ऋषि पांडे, चंद्रभान मित्तल, बसंत कुमार एडवोकेट और सर्राफा कमेटी के सभी पदाधिकारी रामू रस्तोगी,नितिन सिंघल, राजू रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, महेंद्र सर्राफ सहित काफी संख्या मे भक्तगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की पंचायत में शामिल हुए रामपुर के सैकड़ों किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रविवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की एक बैठक गजरौला इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें रामपुर जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा पूरे दलबल के साथ गजरौला पहुंचकर पंचायत में शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एम सिंह और एडवोकेट महमूद प्राचा से मुलाकात की। संगठन के सभी साथियों को भी मिलवाया बी एम सिंह को किसानों को आ रही परेशानियां के बारे में अवगत कराया। समय रहते जो जरूरी समस्याएं हैं रामपुर जिले की वह उनको बताएं और उन्होंने उत्तर देते हुए समझाया की हम सबको अपनी लड़ाई अपने संगठन के माध्यम से खुद ही लड़ना होगी। किसान का उत्पीड़न लंबे समय से हर प्रदेश व जिला मंडल में



हो रहा है जिसकी समस्याएं आए दिन हमें मिलती रहती हैं। हम सभी शिकायतों को लिखित में सरकार को भेजेंगे समय रहते समाधान भी कराएंगे। रामपुर जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने अगवत करते हुए समस्याओं को लेटर पैड पर देने की बात की। जहां पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष संभल जिला अध्यक्ष बिजनौर जिला अध्यक्ष अमरोहा जिला अध्यक्ष गजरौला जिला अध्यक्ष मेरठ जिला अध्यक्ष हापुड़ बहुत से जिलों के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। साथ में रामपुर से जाने वालों के नाम नासिर मियां, मोहम्मद जाहिद, दर्शन लाल मोर्या, प्रधान मास्टर मंगल सिंह, ज्ञान मौर्य, सुमेरी लाल, बृजलाल, जगदीश सागर, नरोत्तम, हनीफ खां, जुल्फिकार, भूपेंद्र मौर्य, जफर खां, शारिक खां , जावेद खान, असलम खान, अयूब खां, फुरकान खां, सफरुद्दीन मंसूरी, कमरुद्दीन मियां आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री सनातन धर्म रामलीला समिति ने किया भूमि पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामल. ीला समिति द्वारा 40 वर्षों से आयोजित हो रही रामलीला महोत्सव के लिए आज सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के रामलीला ग्राउंड में धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ रामलीला के कार्यों का शुभारंभ करने के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में सांसद एवं संस्था के मुख्य संरक्षक डा. महेश शर्मा, कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व विधायक बिमला बाथम सहित अन्य अतिथियों ने भूमि पूजन कर ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही रामलीला के कार्यों को गति देने का कार्य का शुभारंभ किया गया।

श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का भव्य आयोजन 22 सितंबर 2025 से 3 अक्टूबर तक किया जायेगा। सभी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। भूमि पूजन के उपरान्त समिति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने की विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डा. टीएन गोविल, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, स्वागताध्यक्ष पीयूष द्विवेदी, रामकुमार शर्मा, शुभकरण राणा, रमेश कुमार, अल्पेश गर्ग, प्रमोद रंगा, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, अतुल मित्तल, विकास जैन, राधा कृष्ण गर्ग, अनिल खण्डेलवाल, सौरभ गो. विल, मित्रा शर्मा, एनके अग्रवाल, डा. एसपी जैन, गौरव सिंहल, प्रताप मेहता, वीरेन्द्र मेहता, विनीत मेहता, एनपी सिंह, पीके अग्रवाल, मनोज शर्मा, मुकेश शर्मा, रामनिवास बंसल, राकेश कत्याल, डिम्पल आनंद, रमेश कुमार, अनुज गुप्ता, विपिन बंसल, डीके मित्तल, विनय शर्मा, रामरतन शर्मा, संजय गुप्ता, अतुल वर्मा, महेन्द्र कटारिया, पवनद. ीप सिंह, चितरंजन, शशिधर उपाध्याय, अशोक मिश्रा, मनीष तिवारी, नीरज चौधरी, विकास तिवारी, अर्चना राय, देवेन्द्र गंगल, सौरभ अग्रवाल, एससी गोयल, प्रमोद बहल, अमित अग्रवाल, सुधीर पोरवाल, भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# इस्कॉन मंदिर में राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज इस्कॉन मन्दिर में श्रीमती राधारानी का प्राकट्य दिवस राधाष्टमी का दिव्य उत्सव अत्यन्त श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। श्रीमती राधारानी, जो भगवान श्रीकृष्ण की नित्य प्रेयसी एवं उनकी आह्लादिनी शक्ति हैं, भक्तों को भगवान के प्रेम में प्रवेश दिलाने वाली परम कृपालु शक्ति हैं। उनके चरणों में समर्पण ही भक्ति का परम मार्ग है। इस दिव्य अवसर पर भक्तों ने उनके श्रीचरणों में प्रेम, सेवा और भजन अर्पित कर आध्यात्मिक आनन्द की अनुभूति की। मन्दिर को रंग बिरंगे सुगन्धित पुष्पों से सजाया गया था, मानो स्वयं वृन्दावन की दिव्यता प्रकट हो रही हो। प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ हुए मुख्य उत्सव में भजन, कीर्तन, पंचगव्य एवं पुष्पों से युगल जोड़ी का अभिषेक और श्रीराधा की दिव्य लीलाओं पर आधारित कथा ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।

# 21 साल से कम उम्र वालों को नहीं परोसी जाएगी शराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में शराब पीने के शौकीन युवाओं के लिए एक बड़ा बदलाव किया गया है. अब अगर आपकी उम्र 21 साल से कम है, तो शहर के किसी भी पब या बार में आपको शराब नहीं मिलेगी। प्रशासन ने इसको लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं और बार-पब मालिकों को कड़ी चेतावनी दी है। नए नियम का मकसद नाबालिगों को शराब से दूर रखना और सामाजिक माहौल को बेहतर बनाना है।

नोएडा में प्रशासन ने शराब परा. ेसने को लेकर सख्त रुख अपनाया है. अब जिले के पब और बार में नाबालिगों को शराब परोसने पर न सिर्फ भारी जुर्माना लगेगा, बल्कि लाइसेंस रद्द होने तक की कार्रवाई हो सकती है। हाल ही में बढ़ती शिकायतों को देखते हुए आबकारी विभाग ने बार और पब पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है/ इसी कड़ी में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने गार्डन गैलेरिया मॉल के बार मालिकों और प्रबंधकों के साथ बैठक कर उन्हें साफ निर्देश दिए हैं कि नियम तोड़ने पर कोई ढील नहीं बरती जाएगी।

**आबकारी विभाग का एक्शन:** आबकारी विभाग ने साफ कर दिया है कि नाबालिगों को शराब परोसने पर किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अगर किसी बार या पब में नियमों की अनदेखी पाई गई, तो सीधे एक्शन लिया जाएगा. बैठक के दौरान कुछ संचालकों ने परिवार के साथ आने वाले नाबालिगों के मामलों का हवाला देते हुए आयु सीमा लागू करने में दिक्कत बताई, लेकिन जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यह कानूनन नियम है और इसे सख्ती से लागू करना ही होगा।

इसके साथ ही सभी बार और पब को अपने एंट्री गेट के नोटिस बोर्ड पर लिखना होगा कि 21 साल से कम उम्र वालों को शराब नहीं परोसी जाएगी. वहीं, हाल ही में सस्ती शराब परोसने की शिकायतों पर विभाग ने दोहराया कि नई आबकारी नीति के अनुसार 1,000 रुपये से कम MRP वाली शराब की बिक्री प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, जबकि बार संचालकों ने आश्वासन दिया कि वे निर्धारित नियमों का पालन करेंगे।

# शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा, शख्स से हुआ लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के शाहबेरी निवासी सूर्यमोहन धर को साइबर जालसाजों ने शेयर बाजार में तीन गुना मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। खुद को एंजेल वन कंपनी का प्रतिनिधि बताकर 15 दिन की ट्रेनिंग दी और एप पर खाता खुलवाया।

निवेश के नाम पर 23 दिन में 40. 50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित को ठगी का पता तब चला जब वह मुनाफे समेत पूरी रकम नहीं निकाल पाया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है।

सूर्यमोहन धर एक निजी कंपनी से सेवानिवृत्त हैं। शेयर बाजार में भी उनकी रुचि है। 2 जुलाई को सानिया गोखले नाम की महिला ने उनसे व्हाट्सएप पर संपर्क किया। उसने खुद को एंजेल वन कंपनी के सीईओ अंबरीश खेंग का कथित प्रतिनिधि बताया। उसके कहने पर उसने शेयर बाजार में निवेश कर 100 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। उसने सूर्यमोहन को 136 लोगों के एक व्हाट्सएप ग्रुप में भी जोड़ लिया। जालसाज सूर्यमोहन की हर बात मान लेता था। उसने सूर्यमोहन को कंपनी के कुछ शेयर खरीदने के लिए मजबूर किया और भरोसा दिलाया कि मुनाफा बैंक खाते में जमा हो जाएगा।

इसी भरोसे के आधार पर जालसाजों ने 21 जुलाई को ऐप पर उसका डीएमए अकाउंट खुलवाया। 21 जुलाई से 12 अगस्त तक जालसाज निवेश के नाम पर पैसे जमा करवाते रहे। 12 अगस्त तक सूर्यमोहन ने जालसाज के बैंक खाते में 40.50 लाख रुपये जमा करा दिए थे। जब पैसे खत्म हो गए और उन्हें कुछ जरूरी काम पड़ा, तो उन्होंने पैसे निकालने चाहे।

## एक नजर

### ट्रेन में पत्थर मारकर शीशे तोड़े

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर चिपियाना व मारीपत रेलवे स्टेशन के बीच रांची राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारकर बदमाशों ने शीशे तोड़ दिए। गनीमत रही कि यात्रियों को चोट नहीं आई। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस पत्थर मारने वाले आरोपियों की तलाश में लगी है। आरपीएफ ने बताया कि 30 अगस्त को एक्सप्रेस ट्रेन चिपियाना व मारीपत रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची तो कोच नंबर ए4 की सीट नंबर 20, 21 व कोच नंबर बी6 की सीट नंबर 7 पर पत्थर मारे गए। इससे एसी कोच के शीशे टूट गए। आरपीएफ की जांच में पता चला कि गेरिया नाले के पास संदिग्ध लोगों ने पत्थर मारकर शीशे तोड़े हैं।

### सीए चमन सिंह नोएडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा बार एसोसिएशन के शनिवार को चुनाव हुए। चुनाव में सीए चमन सिंह भड़ाना अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सीए अश्वनी गोयल को 33 मतों के अंतर से हराया, जबकि प्रतिद्वंदी एसी अश्वनी गोयल को केवल 10 मतों से ही संतोष करना पड़ा। नवनिर्वाचित सीए चमन सिंह भड़ाना ने बताया कि पूरे पैनल ने शानदार जीत हासिल की, जिसमें अधिवक्ता प्रतीक गर्ग महासचिव, अधिवक्ता एस के रस्तोगी उपाध्यक्ष पद पर चुने गए। नव निर्वाचित टीम ने बार एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प व्यक्त किया है।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सामने दनकौर रैम्प पर सड़क धंसी, कोई एक्शन नहीं

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक गंभीर समस्या सामने आई है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सामने दनकौर की तरफ जाने वाले रैम्प पर सड़क धंस गई है। टोल बूथ के पास रेलिंग के नजदीक सड़क टूटने से गहरा गड्ढा बन गया है। यह रैम्प एक्सप्रेसवे से सर्विस रोड तक जाने के लिए प्रयोग किया जाता है। वाहन चालकों ने इस समस्या को सोशल मीडिया पर उठाया है। उन्होंने गड्ढे की वीडियो बनाकर शेयर की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति दुर्घटना को न्योता दे रही है। चिंता की बात यह है कि अभी तक इस खतरनाक स्थिति के बारे में कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। शिकायतों के बावजूद अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। इससे रोजाना हजारों वाहन चालकों की सुरक्षा जोखिम में है।

### मिनटों में घर के दरवाजे पर दवा और खाना पहुंचाएगा ड्रोन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अगर आप नामचीन कंपनी से ऑनलाइन खाना और दवा मंगवा रहे हैं तो डिलीवरी ब्वॉय की जगह घर के दरवाजे पर ड्रोन पहुंचाता दिखाई देगा। महाराष्ट्र के शिरडी स्थित संजीवनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्रों ने स्वदेशी तकनीक से एक ऐसा ड्रोन तैयार किया है। नोएडा स्टेडियम में आयोजित वर्ल्ड रोबोटिक गेम्स टेक्नोशियन प्रतियोगिता में छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। टीम का नेतृत्व करने वाले छात्र कृष्णा गवाने ने बताया कि उनकी टीम का नाम एरोड्रॉप है। टीम के सभी साथी कॉलेज में बीटेक तृतीय वर्ष में पढ़ते हैं। टीम ने एक वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद इस ड्रोन को बनाया है।

इसके पीछे टीम की मंशा है कि देश में विदेशी नहीं स्वदेशी तकनीक से बने ड्रोन से दावा, खाना और अन्य सामग्री की सप्लाई हो। इस ड्रोन की विशेषता यह है कि अपने वजन से ढाई गुना वजन उठाकर सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से पहुंचा सकता है। ड्रोन का वजन करीब चार किलो हैं। कई बार किए ट्रायल के दौरान यह ड्रोन अधिकतम 10 किलो वजन उठा सकता है। इसमें इस्तेमाल होने वाली 22 हजार एमएच की बैटरी को 10 से 15 मिनट में चार्ज किया जा सकता है। बैटरी के सहारे यह एक घंटे तक हवा में उड़ान भर सकता है। छात्रों ने बताया कि इस ड्रोन को महानगरों में खड़ी बहुमंजिला इमारतों को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह 500 फीट ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसमें एक कैमरा लगा होगा। कैमरे के जरिये ड्रोन बहुमंजिला इमारतों में बालकनी से ही सामग्री पहुंचा सकता है। 80 हजार रुपये आई है लागत इसे तैयार करने वाले छात्रों ने बताया कि शुरुआत में इसे तैयार करने में 80 हजार रुपये से अधिक की लागत आई है। आने वाले दिनों में इसकी लागत और भी कम की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह ड्रोन विक्रेता से सीधे ग्राहक तक जल्द, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल साम्रगी पहुंचाएगा। कैसे ड्रोन से ऑर्डर किया जाएगा फूड ड्रोन का इस्तेमाल विक्रेता के स्टोर्स और कॉमन कस्टमर प्वाइंट के बीच इन्वेंट्री को फिर से भरने के लिए किया जाएगा।

# हाथरस के लिए मास्टर प्लान जल्द तैयार होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण ने हाथरस अर्बन सेंटर (फेज-2) के लिए मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी हो गई है। विशेष कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि हाथरस में सासनी तहसील के 66 गांवों में फैले दो से चार हजार हेक्टेयर क्षेत्र में नया शहर विकसित किया जाएगा। सासनी हाथरस अर्बन सेंटर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में है। इससे शहर को हाथरस की कृषि क्षमता, मौजूदा उद्योगों और अच्छे सड़क और रेलवे कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। साथ ही एनएच-93, एसएच-33 का भी शहर से जुड़ाव होगा।

हाथरस में 10,293 लघु एवं कुटीर उद्योग पंजीकृत हैं। इनमें दाल मिलें, हींग व अचार इकाइयां, कोल्ड स्टोरेज, होजरी, कांच की माला, घुंघरू, हस्तशिल्प, धातु कला, कालीन निर्माण, डेयरी, बॉटलिंग प्लांट और बीपीसीएल का एलपीजी प्लांट शामिल हैं। बताया गया कि शहर का मास्टर प्लान 2041 तैयार करने के लिए आरएफपी जारी कर दी गई है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 6 अक्टूबर है और तकनीकी बोलियां 8 अक्टूबर को खोली जाएंगी। चयनित सलाहकार को 8 महीने का समय मास्टर प्लान पूरा करने के लिए मिलेगा।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन किया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित इरोज सम्पूर्णम सोसाइटी के लोगों ने रविवार को बिल्डर प्रबंधन के सेल्स ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में पानी और बिजली जैसी सुविधाएं भी ठीक से नहीं मिल रही है। सोसाइटी में हर हफ्ते पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसका समाधान नहीं किया जा रहा है। सोसाइटी में रहने वाले शशिधर और अभिषेक ने बताया कि परिसर में गुरुवार रात को पानी की सप्लाई बाधित हुई थी। शुक्रवार सुबह सोसाइटी के टैंक का सारा पानी खत्म हो गया, जिसके बाद लोगों के घरों में पानी आना बंद हो गया। लगातार बिल्डर प्रबंधन शिकायत करने पर प्राधिकरण की कमी बताई। लोगों का आरोप है कि यह समस्या प्रबंधन की मोटर खराब होने के कारण हुई, जोकि लोगों को नहीं बताई गई।

# ऊर्जा, उत्साह और नए संकल्प का स्रोत, मोदीः नबाब सिंह नागर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के अंतर्गत ग्राम बरौला स्थित कॉन्वेंट स्कूल बूथ संख्या 304 पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम ष्मन की बातष को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि

प्रधानमंत्री के विचार हम सभी के लिए ऊर्जा, उत्साह और नए संकल्प का स्रोत हैं। यह संवाद राष्ट्र निर्माण की दिशा में हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नीरज चौधरी, राजवीर प्रधान, इंद्रराज खटाना, धर्मवीर चौहान, उमेश चौहान, पुनीत चौहान, गोविंद कोरंगा एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# फॉरेंसिक जांच से सामने आएगा निक्की मर्डर केस का सच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में विवाहिता निक्की भाटी की कथित तौर पर दहेज के लिए जलाकर हत्या करने के मामले में नोएडा पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस अब घर में मिले लाइटर और थिनर की बोतल की भी फॉरेंसिक जांच कराएगी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी और पीड़िता के मोबाइल फोनों को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा सकता है।

कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता निक्की की जलाकर हत्या करने का आरोप लगा है। उधर, आरोपी पक्ष घटना को आत्महत्या बता रहा है। पुलिस हत्या और आत्महत्या की जांच में जुटी है। इसके लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े कुछ साक्ष्य फॉरेंसिक लैब भेजे जाएंगे। इनमें सबसे अहम साक्ष्य घटना के समय इस्तेमाल किया गया लाइटर और थिनर की बोतल है, जिन्हें पुलिस ने मौके से बरामद भी किया था। फॉरेंसिक जांच से पता लगाया जाएगा कि लाइटर और बोतल पर किसके फिंगरप्रिंट थे। पुलिस इन साक्ष्यों के जरिये सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। इसके लिए तमाम साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

**मोबाइल और वीडियो की भी जांच होगी :** घटना से जुड़े उन वीडियो को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। फॉरेंसिंक जांच से पता लगाया जाएगा कि वीडियो एडिट तो नहीं हैं। इसके साथ ही इनके दिन और समय का भी पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि जरूरत पड़ने पर आरोपी और पीड़िता के मोबाइल को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा सकता है, जिससे मोबाइल में छिपे हर राज के बारे में पता लगाया जाएगा। पुलिस इन सभी फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट को विवेचना में शामिल करेगी। पुलिस का दावा है कि साक्ष्य इकट्ठा कर जल्द से जल्द चार्जशीट तैयार की जाएगी।

**परिवार ने अदालत से न्याय की उम्मीद जताई:** निक्की के परिवार ने इस मामले में पुलिस और कोर्ट पर भरोसा जताया है। परिजनों का साफ तौर पर कहना है कि पुलिस इस मामले में जांच कर सच्चाई का पता लगाएगी। इसके बाद कोर्ट से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद है। कुछ लोग नए-नए वीडियो बनाकर आरोपी पक्ष को बचाने और उल्टा पीड़ित परिवार पर लांछन लगा रहे हैं। निक्की के परिवार इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए 300 से अधिक प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चाइल्ड पीजीआई के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स (आईएएमएम) दिल्ली चौप्टर का दूसरा वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका विषय वायरल डायग्नोस्टिक्स में हालिया प्रगति, चुनौतियां और अवसर रहा। इसमें देशभर से 300 से अधिक विशेषज्ञों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

आरएमएल अस्पताल की डॉ माला छाबड़ा ने वायरल प्रकोपों के बदलते स्वरूप पर व्याख्यान दिया, जिसमें निपाह, मंकीपॉक्स, कोविड-19 और जीका जैसे उभरते संक्रमणों का जिक्र किया गया। सत्र का संचालन डॉ गीता मेहता और डॉ अनीता चक्रवर्ती ने किया। डॉ एकता गुप्ता ने बाल्यावस्था में वायरल हेपेटाइटिस की जांच में नवाचार पर प्रस्तुति दी। इसमें डॉ. रेशु अग्रवाल और डॉ. शोभा ब्रोअर ने अध्यक्षता की। मॉलिक्यूलर वायरल डायग्नोस्टिक्स की संभावनाएं और सीमाएं विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में डॉ बीएल शेरवाल, डॉ ललित दर, डॉ डीके सिंह और डॉ सुमी नंदवानी शामिल हुए। इसका संचालन डॉ अशोक रत्तन ने किया।

इस दौरान एमडी व पीएचडी छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता हुई। इसका संचालन डॉ संजीब गोगोई व डॉ प्रभाव अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीस से अधिक प्रतिभागियों के के बीच पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर आईएएमएम दिल्ली चौप्टर के अध्यक्ष डॉ मनोज जैस, डॉ विकास मंचंदा, चाइल्ड पीजीआई के निदेशक प्रो डॉ अरुण कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ से डॉ रेशु अग्रवाल भी शामिल हुए।

# तीन वर्ष से रजिस्ट्री के लिए भटक रहे हैं 1100 परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** तीन साल से 1100 परिवार रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं। कोई उनकी सुध नहीं ले रहा है। इन मुद्दों को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित 7 एवेन्यू सोसाइटी के निवासियों ने उठाया। रविवार को आयोजित अमर उजाला संवाद में निवासियों ने कहा कि लाखों रुपये देकर उन्होंने अपना सपनों का घर खरीदा था। कई साल गुजर जाने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई है। कई बार बिल्डर से रजिस्ट्री कराने की मांग की गई। हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

निवासियों ने बताया कि उनसे कहा गया कि पहले ई-स्टंप शुल्क देना पड़ेगा। उसके बाद रजिस्ट्री शुरू होगी। ई-स्टंप शुल्क देने के तीन साल बाद भी रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। रजिस्ट्री नहीं होने के कारण वह अपना फ्लैट नहीं बेच पा रहे हैं। उनका कहना है कि बिल्डर जानबूझकर रजिस्ट्री नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब वह बिल्डर की प्रताड़ना को नहीं सहेंगे। यदि जल्द से जल्द रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो वह सड़कों पर उतरेंगे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बाइक मिस्त्री की दुकान पर सरे बाजार किसान को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कस्बे में रविवार की दोपहर बाइक ठीक कराने आए गांव के एक किसान को मिस्त्री की दुकान पर अचानक एयर गन से गोली लग गई। अचानक हुई इस घटना में किसान घायल हो गया। पीड़ित के सिर में खून बहने पर एक निजी चिकित्सक के यहां एक्स-रे कराया। एक्स-रे में सर में गोली की तरह की नुकीली चीज फसी हुई है ईकोटेक कोतवाली के अमरपुर गांव निवासी किसान राजदीप दनकौर कस्बे में दीनदयाल तिहारी के पास स्थित एक बाइक मिस्त्री की दुकान पर अपनी बाइक ठीक करने आए थे। वह दोपहर के समय अपनी बाइक ठीक कर रहे थे तभी अचानक उनकी कनपटी पर पीछे से आकर गोली लग गई।

हाथ लगाने पर देखा तो उनके हाथ में खून बह रहा था। घायल का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने इस संबंध में दनकौर कोतवाली में तहरीर दे दी है। पीड़ित का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयर गन की गोली उनके सिर में लगी है। पुलिस ने घायल मेडिकल परीक्षण करने और उपचार के लिए जिम्स अस्पताल ग्रेटर नोएडा में भर्ती कराया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। दनकौर पुलिस का कहना है कि युवक के सिर में किसी व्यक्ति द्वारा चलाई गई एयर गन की गोली लगी है। जिस व्यक्ति द्वारा हवा में गोली चलाई गई है उसकी जांच की जा रही है।

# बरौला में कई बिल्डिंगें अवैध घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बरौला में हनुमान मंदिर के पास नौ खसरा नंबरों पर बनी कई कॉमर्शियल बिल्डिंगों को अवैध घोषित कर दिया है। इनके खसरा नंबरों की लिस्ट प्राधिकरण की ओर से विज्ञापन छापकर जारी की गई है। प्राधिकरण का दावा है कि यह बिल्डिंगें शीघ्र ही ध्वस्त होंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह भूमाफियाओं के झांसे में आकर यहां पर खरीद-फरोख्त न करें।

नोएडा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को एक विज्ञापन जारी किया गया है। इस विज्ञापन में नोएडा प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि सलारपुर के खसरा संख्या 582, 601, 602, 603, 605, 606, 607, 608 और 609 की भूमि पर बनी बिल्डिंगें अवैध हैं, जो बरौला में हनुमान मूर्ति के आस-पास हैं।

इनकी पूर्व दिशा में विश्वकर्मा रोड और उत्तर में डीएससी रोड, पश्चिम ममें बरौला की आबादी तथा दक्षिण में हनुमा न मंदिर के मध्य स्थित हैं, जिसकी सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्राधिकरण करेगा, जिसकी पत्रावली पर काम चल रहा है। इन्हें शीघ्र ही ध्वस्त किया जाएगा। कुछ भूमाफियाओं ने इस जमीन पर दुकानें बनाकर बेच दी हैं, जो गलत हैं।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने लोगों से अपील की है कि वह इन खसरा नंबरों पर बनी अवैध बिल्डिंगों में किसी भी तरह की संपत्ति की खरीद-फरोख्त न करें।

**प्रदूषण विभाग ने सुपरटेक बिल्डर को भेजा नोटिसः** वहीं, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने सुपरटेक बिल्डर को नोटिस भेजा है। कार्रवाई के लिए मुख्यालय को डिटेल रिपोर्ट भेजने के साथ डीएम को भी पत्र लिखा है। यह कार्रवाई जनरेटर न हटाने पर हुई है। बता दें कि पूर्व में बिल्डर पर 40 लाख से अधिक का जुर्माना भी लगा चुका है।

सुपरटेक बिल्डर की ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ईकोविलेज-टू सोसाइटी में दो जनरेटर लगे हैं। आरोप है कि मानकों के अनुसार चिमनी नहीं लगी है,जिसकी वजह से जनरेटर का धुआं पास की सोसाइटी पंचशील ग्रीन्स-1 के फ्लैटों में जाता है। इस पर निवासियों ने मामले की शिकायत यूपीपीसीबी से की थी। विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने पर बिल्डर ने 12 अगस्त को एक जनरेटर तो हटा लिया, लेकिन दूसरा अब तक नहीं हटाया। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने बिल्डर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

नोटिस और अन्य बिंदुओं की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई है। अधिकारी के मुताबिक बिल्डर पर अब मुख्यालय स्तर से कार्रवाई की जाएगी। वहीं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है।

# सात्विक-चिराग ने जीता कांस्य पदक



● सात्विक और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियूयी ने 19-21, 21-18 व 12-21 से हराया

**पेरिस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

शनिवार को एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियू यी ने 19-21, 21-18,12-21 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले सात्विक-चिराग ने टोक्यो में 2022 में हुई बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने मैच की अच्छी शुरुआत की और 4-0 की बढ़त बना ली। मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाए रखी। लेकिन इसके बाद चीनी जोड़ी ने वापसी की और 14-13 की बढ़त हासिल कर ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 5-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन चीनी जोड़ी ने इसे 11-9 कर दिया। लेकिन एक बार फिर सात्विक और चिराग ने अपनी पकड़ को मजबूत किया और 16-11 से बढ़त बना ली। इसके बाद चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन 32 शॉट की रोमांचक रैली ने सात्विक-चिराग को गेम प्वाइंट दिलाया और मैच को निर्णायक तक पहुंचाया। निर्णायक मुकाबले में, चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए 9-0 की बड़ी बढ़त बना ली और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# युकी भांबरी अगले दौर में, बोपन्ना बाहर

● यूएस ओपन ●

● रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को हराकर यूएस ओपन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है।

वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। शनिवार रात एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और माइकल वीनस सोमवार को दूसरे दौर में कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से भिड़ेंगे। इसी बीच रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-3 से हराया। इसी हार के साथ बोपन्ना टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। दूसरी ओर, अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार इक्वाडोर के डिएगो हिडाल्गो क्रोएशिया के मेट पाविक और अल सल्वाडोर के मार्सेलो एरेवालो से तीन सेटों में हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए। अर्जुन काधे और डिएगो हिडाल्गो ने पहले सेट के 12वें गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल कर पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरा सेट टाई-ब्रेक में हार गए। निर्णायक सेट के 10वें गेम में भारतीय-इक्वेडोर की जोड़ी की सर्विस एक बार फिर टूटी और उन्हें 5-7, 7(7)-6(4), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।



## हरारे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

खेल विशेष

## टाई-ब्रेकर्स आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वहीं हम मैच जीते: सुनील

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में यू मुम्बा के कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेक प्रारुप की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हमें जीत तक ले गया। यू मुम्बा ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत के साथ की। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबला 29-29 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में यू मुम्बा ने 6-5 से बाजी मारी। विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में हुआ यह मैच सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में दूसरी बार नए टाई-ब्रेकर नियम तक पहुंचा, जिसने दर्शकों को आखिरी रेड तक रोमांचित रखा। कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेकर प्रारुप की सराहना करते हुए इसे रोमांचक और स्वागत योग्य बदलाव बताया। सुनील ने मैच के बाद कहा, ह्टाई-ब्रेकर में सबसे जरूरी है शांत रहना। ऐसे पलों में आपको अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करना होता है और दिमाग से खेलना होता है। वही धैर्य हमें आज जीत तक ले गया। गुजरात के स्टार डिफेंडर मोहम्मदरेज़ा शादलुई के साथ टाई-ब्रेकर में हुए अहम पल पर सुनील ने कहा कि वह बेहद तीखा मुक. ाबला था। उन्होंने मुझसे अंक लेने की कोशिश की, लेकिन ऐसे मौकों पर अनुभव काम आता है। ऐसे मैच दिखाते हैं कि कैसे मामूली अंतर से नतीजा तय होता है। टीम के पहले मैच में मिली कड़ी जीत को अहम बताते हुए सुनील ने कहा कि टाई-ब्रेकर में ओपनिंग मैच जीतना टीम में विश्वास जगाता है। यह हमारी टीम की ताकत और एकता को दर्शाता है और हमें लंबे सीजन के लिए आत्मविश्वास देता है। लीग अभी शुरू हुई है, लेकिन यह जीत हमारे लिए सही लय सेट करती है।

भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में

# लगातार दो जीत के साथ सुपर-4 में भारत

## जापान की हॉकी टीम को 3-2 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल दागे, नंबर-1 पर पहुंची टीम

**राजगीर, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर-4 में प्रवेश कर गई है। टीम ने रविवार को जापान पर 3-2 की जीत हासिल की। इस जीत ने टीम इंडिया को पूल ए पाइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचा दिया।

राजगीर के बिहार यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के मैदान पर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल दागे। उन्होंने 5वें और 45वें मनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। मैच के तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने भारत के लिए पहला फील्ड गोल किया। जापान की तरफ से 2 गोल किए गए। मैच के सिर्फ तीसरे ही मिनट में मंदीप सिंह ने भारत को बढ़त दिला दी। बाएं फ्लैंक से सुखजीत ने शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद पकड़ी, घूमे और लाइन के साथ दौड़ते हुए गोल के सामने तेज क्रास मारा। वहीं मौजूद अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने गेंद को ट्रैप किया और आसानी से नेट में डाल दिया। 5वें और 45वें मिनट में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। वे मौजूदा सीजन के टाप स्कोरर हैं। हरमनप्रीत ने पिछले मुकाबले में चीन के खिलाफ गोल की हैट्रिक लगाई थी। तीसरे क्वार्टर में जापान की टीम ने वापसी की। किमुरा नारू के पास पर कावाबे कोसेई ने गोल कर दिया। कोसेई ने बैक हैंड शाट खेला और बाल को गोल पोस्ट के अंदर धकेल दिया। 150वां मैच खेल रहे कृष्ण बहादुर के पास इस शाट का कोई जवाब नहीं था। कृष्ण बहादुर 150वां मैच खेल रहे हैं। इस मौके पर भारत के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें स्पेशल जर्सी दी। आखिरी सेकेंड तक मैच में रोमांच बना रहा। जापान ने गेंद को भारतीय सर्कल के पास घुमाने के बाद जोरदार शाट लगाया, लेकिन डिफेंस ने उसे आसानी से रोक लिया। फिर भारत ने अंतिम पलों को संभालते हुए जीत पक्की कर ली। 59वें मिनट भारत को आखिरी मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। स्टार कप्तान हरमनप्रीत सिंह को यलो कार्ड मिला। 58वें मिनट कावाबे ने दूसरा गोल किया। बाल लगभग बेसलाइन पार करने वाली थी, लेकिन कावाबे ने उसे शानदार तरीके से ट्रैप किया। इसके बाद उन्होंने जरमनप्रीत के पास से गिरते हुए गेंद गोल पोस्ट में डाल दिया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर, भारत ने रेफरल गंवाया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर मिला। लेकिन भारतीय डिफेंडर्स ने शानदार बचाव किया।अगले ही मिनट में भारतीय टीम ने काउंटर अटैक किया।



## नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु, वार्ता।** नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के आधार पर रविवार को दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह बना ली। नॉर्थ जोन ने दो विकेट पर 388 रन से आगे खेलना शुरु किया। यहां सुबह कप्तान अंकित कुमार और आयुष बदोनी अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गए। इसी दौरान 444 के स्कोर पर मुख्तार हुसैन ने दो. हरे शतक की ओर बढ़ रहे अंकित कुमार को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अंकित कुमार मात्र दो रन से अपना दोहरा शतक चूक गए। उन्होंने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली। इसके बाद चौथे विकेट के रूप में निशांत लसधु (68) रन बनाकर आउट हुये। नॉर्थ जोन ने आयुष बदोनी का दोहरा शतक बनने के बाद 146.2 ओवर में चार विकेटपर 658 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ 833 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। आयुष बदोनी 223 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 204 रन बनाये।कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे। नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी चार विकेट पर 658 के स्कोर पर घोषित की। अपनी पहली पारी में 230 रन बनाये और दूसरी में वह बल्लेबाजी नहीं कर पायी।

# ज्वेरेव को हराकर फेलिक्स यूएस ओपन के चौथे दौर में



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कनाडा के स्टार टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने अपने करियर के एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2025 के चौथे दौर में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय ने फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6(7), 6-4, 6-4 से हराने के लिए आक्रामक मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 फ़ोरहैंड सहित 50 विनर्स के साथ जीत दर्ज की। वर्तमान में 27वें स्थान पर काबिज ऑगर-अलियासेम ने अब तक शीर्ष पांच प्रतिद्वंदी के खिलाफ अपनी पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की है। वह अपने पिछले 11 प्रयासों में केवल दो बार किसी स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 15वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से होगा।

## राजस्थान को हराकर केरल फाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के टायर-2 के दूसरे सेमीफाइनल में केरल की टीम ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में केरल ने राजस्थान को 8-2 से हराया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार सुबह आठ बजे खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने शानदार प्रदर्शन किया। केरल की अर्पिता ने तीन गोल दागकर हैट्रिक बनाई। मैच जीत के बाद टीम के कोच डॉ- जेम शॉट ने कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। इस महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच तीन सितम्बर को केरल और यूपी के बीच खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 800 किमी साईकिल यात्रा का भव्य समापन

**खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है: मांडविया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश मे खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के द्वारा मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा का रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों का उद्देश्य है हर नागरिक को स्वस्थ और सक्रिय जीवन की ओर प्रेरित करना। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि स्वस्थ भारत ही सशक्त भारत की नींव है। फिट इंडिया मूवमेंट, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और ब्रह्माकुमारीज स्पोर्ट्स विंग के सहयोग से आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा जो 24 अगस्त को प्रयागराज से प्रारंभ होकर विभिन्न शहरों और कस्बों में फिटनेस का संदेश फैलाते हुए आज मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची। यहां इसे लोकप्रिय फिटनेस स्पर्धा संडे ऑन साइकिल के साथ जोड़ा गया, जिसे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर न केवल सैकड़ों साइक्लिंग प्रेमियों ने भाग लिया, बल्कि देशभर में खेलों के महत्व, सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन ने बताया कि इस साइकिल यात्रा अभियान का शुभारंभ प्रयागराज से हुआ।

# खेल की दुनिया में जम्मू-कश्मीर को मिली पहचान: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बाढ़ और तबाही की घटनाओं के बीच जम्मू -कश्मीर में हाल में खेलों के दो बड़े आयोजन हुए हैं जिन्होंने राज्य को खेलों की दुनिया में नई पहचान दी है।

मोदी ने आकाशवाणी से रविवार को प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी में कहा कि बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया लेकिन जब इन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो बहुत खुशी होगी। राज्य के पुलवामा के एक स्टेडियम में पुलवामा का पहला डे नाईट क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें रिकॉर्ड संख्या में लोग एकत्रित हुए। पहले ऐसा होना असंभव था लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते दिखें-ये नजारा वाकई देखने लायक था। श्री मोदी ने राज्य के एक और खेल आयोजन का जिक्र करते हुए कहा ष्दूसरा आयोजन जिसने ध्यान खींचा, वो है देश में हुआ पहला ' खेलो इंडिया जल स्पोर्ट्स उत्सव' और वो भी श्रीनगर की डल झील पर हुआ।

## शहडोल जिले के फुटबॉल खिलाड़ी प्रशिक्षण लेने जाएंगे जर्मनी: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में छिपी खेल प्रतिभाओं पर पूरी दुनिया की नजर है और इससे गौरवान्वित होने की जरूरत है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि आज पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ है। उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के एक गांव के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया।

# 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाक मैच के टिकट

● टिकट बिक्री के पैकेज सिस्टम के चलते फैंस को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा, कीमत 33 हजार से 3 लाख तक

**दुबई, वार्ता।** किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं, लेकिन, 14 सितम्बर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम। भारत- पाक मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है। इस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत- पाक, बी1-बी2, ए1-ए2, ए1-बी2, ए1-बी1 और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। आयोजक भारत-पाक मैच के जरिए अन्य मैचों में भी दर्शकों को आकर्षित करना चाह रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह पैकेज सिस्टम लागू किया है। एशिया कप में कुल 12 ग्रुप मैच होने हैं। इनमें से 11 मैचों के टिकट आम तौर पर 1200 रुपए (जनरल) से लेकर 12 हजार रुपए (ग्रैंड लाउंज) तक उपलब्ध हैं। भारतीय फैन रविकांत का कहना है कि उनके आफिस में कई लोग महंगे पैकेज की वजह से टिकट नहीं ले पाए। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि मैच के करीब आते-आते सिर्फ भारत-पाक मैच का टिकट भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी प्रशंसक हसन अब्बास ने बताया कि टिकट पैकेज देखकर पहले निराशा हुई, लेकिन क्वालिफायर और फाइनल समेत 7 मैचों की डील खराब नहीं है।

## पाक टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतआएगी

**हॉकी इंडिया बोला: पाकिस्तान ने टीम भेजने पर सहमति दी, 28 नवम्बर से टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने तमिलनाडु में होने वाले इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए अपनी जूनियर टीम भेजने पर सहमति दे दी है। वर्ल्ड कप तमिलनाडु के मदुरई और चेन्नई में 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक खेला जाएगा। दूसरी ओर, भारत में चल रहे सीनियर हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम ने भारत आने से मना कर दिया था। वहां की सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपना नाम वापस लिया था। भारत ने 2023 में चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को ही 2-1 से हराया था। भारत-पाकिस्तान पूल बी में हॉकी एशिया कप से पाकिस्तान के हटने के बाद, जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता थी। हालांकि, अब कन्फर्मेशन के बाद टूर्नामेंट तय शेडडूल पर हो सकेगा। भारत और पाकिस्तान को चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। महासचिव ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन से बात की टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर महासचिव भोला नाथ ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के साथ बातचीत की। वे टूर्नामेंट के लिए अपनी जूनियर टीम भारत भेजेंगे। नाथ ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान ने सहमति दी है कि वे अपनी जूनियर हॉकी टीम को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भेजेंगे, जो चेन्नई और मदुरई में होगा। पाकिस्तान को एशिया कप खेलने आना चाहिए था- असलम शेरखान भारतीय हॉकी के दिग्गज असलम शेरखान ने एशिया कप में पाकिस्तान के न आने पर कहा, टीम को टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहिए था। भारत में डरने की कोई बात नहीं है। देश खेल और संस्कृति के मामले में बहुत अच्छा है। यहां सुरक्षा में चूक का सवाल ही नहीं। पाकिस्तानी टीम ने बिहार के राजगीर में चल रहे सीनियर एशिया कप में भारत आने से मना कर दिया था। टीम ने सुरक्षा कमी को कारण बताया था। 21 सितम्बर को भारत सरकार ने मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी पिछले हफ्ते, भारत सरकार ने नई स्पोर्ट्स पालिसी में पाकिस्तान के साथ मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत को खेलने की इजाजत दी थी।

# चीन में मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन के शहर तियानजिन में हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर तक चलेगा। इस शिखर सम्मेलन में 20 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, साउथ एशिया, साउथ ईस्ट एशिया के नेता भी यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब टैरिफ को लेकर भारत व अमेरिका के बीच ही नहीं बल्कि अन्य देशों के साथ भी अमेरिका से तनाव बना हुआ है। स्वाभाविक है कि इस पर अमेरिका सहित तमाम यूरोपीय देशों की नजर लग गई। हालांकि यूरा. पीय देश भी अमेरिका के टैरिफ से पीड़ित हैं, लेकिन फिर भी वह अमेरिका से दूरी बनाकर ज्यादा देर तक टिके नहीं रह सकते। जाहिर है ऐसे में शिखर सम्मेलन के सदस्य एक दूसरे के अधिक निकट आएंगे ही और वह आते भी दिखाई दे रहे हैं। शिखर सम्मेलन से इतर रविवार को चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाकात लगभग 50 मिनट तक चली, बताती है कि चीन व भारत अब पिछली बातों को भुलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। चीन के राष्ट्रपति ने भी पीएम मोदी से मिलकर खुशी जताई और कहा कि ड्रेगन यानि चीन और हाथी यानि भारत को साथ आना चाहिए। पीएम मोदी ने जिस तरह जिनपिंग के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया उससे साफ है कि भारत आतंकवाद को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। मोदी का यह कहना सही है कि आतंकवाद आज किसी एक देश की समस्या नहीं है बल्कि वैश्विक समस्या है। इसलिए चीन को भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देना चाहिए, जाहिर है जब मोदी ऐसा कह रहे थे तो अप्रत्यक्ष रूप से चीन का ध्यान पाकिस्तान की ओर यह याद दिलाने के लिए कह रहे थे कि वहां पर पल रहे आतंकवादियों का वह बचाव न करें, क्योंकि विदित है कि कई अवसरों पर चीन ने पाकपरस्त आतंकवादियों का बचाव किया है। वह भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। अभी यह तो कहना जल्दबाजी ही होगा कि शंघाई शिखर सम्मेलन से क्या निकलकर बाहर आता है, क्योंकि यह तो तभी सामने आएगा जब सम्मेलन की समाप्ति के बाद साझा एजेंडा सामने आएगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह बड़ी संख्या में राष्ट्रों के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हो रहे हैं, वह अमेरिका के लिए एक तरह से खुली चुनौती जैसा है। यह शिखर सम्मेलन यही बताता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की दूसरे देशों को धमकाने की तमाम कोशिशें नाकाम होती जा रही हैं। इरान, मिस्र, म्यांमार, नेपाल जैसे देश न सिर्फ इसमें हिस्सा ले रहे हैं बल्कि पीएम मोदी इनके नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। अमेरिका को समझना होगा कि टकराव के रास्ते से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यूं भी व्यापार को राजनीति से अलग रखना चाहिए, लेकिन ट्रम्प किसी को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं और सनकभरे फैसले ले रहे हैं। जाहिर है इससे दुनिया में तनाव ही बढ़ेगा।

## बिहार में अकेले चलेगी बसपा



बसपा बिहार में अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी, आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा, बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताजा जरूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन जोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी लिया गया, बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेजी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिजल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है।

**-सुश्री मायावती**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

### मन्नतें मांगने और निशान 'नेजा' चढ़ाने दूर-दराज से आते हैं लाखों लोग

# हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है मेला गुघाल

सहारनपुर से करीब 5 किमी दूर सहारनपुर-गंगोह मार्ग पर एक गांव है मानकमऊ, जो शहर से मिला हुआ है, जहां पराक्रमी गुग्गावीर की समाधि बनी हुई है जो म्हाड़ी के नाम से विख्यात है। हर वर्ष भादो शुक्ल दशमी को सैकड़ों वर्षों से गुग्गावीर की स्मृति में गुघाल नाम से भव्य मेला लगता चला आ रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में लोग आते हैं और मन्नतें मांगते हैं और निशान चढ़ाते हैं। लंबे बांस पर कपड़ा लिपटा हुआ यह निशान गुग्गावीर की विजय पताका का प्रतीक माना जाता है। इस मेले का सबसे अधिक महत्व यह है कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में गुग्गा के राष्ट्र वेदी पर हुए बलिदान व उनके प्रति सभी धर्मावलंबियों की मान्यता होने के कारण उनकी स्मृति में लगने वाला यह मेला हिन्दू मुस्लिम राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गया है। इस मेले की पूरी व्यवस्था नगर निगम सहारनपुर करती है और नगर वासियों तथा बाहर से आए नागरिकों की सुविधा के लिए गंगोह मार्ग रेलवे फाटक ईदगाह के आसपास भव्य बाजार सजाए जाते हैं, जिसमें दूसरे जनपदों के व्यापारी आकर अपनी दुकानें सजाते हैं।

गोगावीर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जाहरवीर दीवान को लेकर क्षेत्र में अनेक किवदंतियां हैं। कहा जाता है कि सिरसा पारत राजस्थान के राजा कुंवरपाल की दो लड़कियां थीं। बाछल व काछल, बाछल ने गुरु गोरखनाथ गोरख की वर्षों प्रार्थना कर जब संतान का वरदान चाहा तो उनकी बहन काछल ने रात्रि में गुरु गोरखनाथ के पास पहुंचकर पुत्र प्राप्ति की प्रार्थना की एक रानी बाछल व काछल के हमशक्ल होने की वजह से गुरु गोरखनाथ ने काछल को रानी बाछल समझ कर दो पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। काछल के लौटने के बाद जब रानी बाछल के पास पहुंची तब तक उनका डेरा उखड़ चुका था। रानी बाछल ने गुरु गोरखनाथ का पीछा कर उन्हें गद्दी पर पा लिया तथा गुरु से अपनी सेवा का हल चाहा। शिव का अवतार समझे जाने वाले गुरु गोरखनाथ ने जब रानी बाछल से कहा कि बीती रात तुम्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे चुका हूं तो रानी बाछल ने उत्तेजित होकर उन्हें झूठा करार दिया। इस पर गुरु ने शिव का ध्यान किया तो बाछल रानी काछल के वेश में उनकी छोटी बहन उन्हें चकमा दे गई। रानी बाछल की मनोकामना पूरी करने के लिए गुरु गोरखनाथ अपनी योगिक शक्तियों के सहारे झूमने लगे आखिर उन्हें भगवान शिव के पास गुग्गल मिली। गुरु गोरखनाथ ने रानी बाछल को गुग्गल देकर कहा कि तुम इसको धूप देना जिससे पुत्र प्राप्त होगा तथा तुम्हारी बहन ने धोखा देकर पुत्र प्राप्त किए हैं उनका वध नहीं करेगा। गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से बाछल ने गुग्गा व काछल ने अर्जन व सर्जन को जन्म दिया। संपत्ति और धन के बंटवारे को लेकर हुए युद्ध में अर्जन सर्जन मारे गए। बाछल का पुत्र गुग्गा युद्ध समाप्ति पर अर्जन व सर्जन का सिर लेकर अपनी मां रानी बाछल के पास पहुंचा। अर्जन और सर्जन की मौत का समाचार सुनकर रानी बाछल अचंभित रह गई तथा उसने अपने पुत्र गुग्गा का मुंह न देखने का प्रण लिया। अपनी मां के प्रण को निभाने के लिए गुग्गा जंगल में चला गया, लेकिन रात्रि में छुपकर अपनी पत्नी के पास आया जाया करता था। गुग्गा की पत्नी के श्रंगार को देखकर जब रानी बाछल ने गुग्गा के बारे में पूछा तो उसकी पत्नी ने कहा कि रात में आते हैं लेकिन आते समय नहीं दिखाऊंगी जाते समय दिखाऊंगी।

अगली रात्रि जब गुग्गा अपनी पत्नी के पास से लौट रहा था तो रानी बाछल उसके पीछे दौड़ पड़ी। मां को पीछे आते देख गुग्गा बागड़ देश के जंगल में जा छुपा। जंगल में प्रकट होकर गुरु गोरखनाथ ने जहां गुग्गा को पीरी दी ही पर बाद में म्हाड़ी बना दी गई। बताया जाता है कि एक बार गुग्गावीर जब घूमते हुए सहारनपुर आए तो उन्होंने गंगोह रोड पर जोहड़ से कुछ लोगों को मछली मारते हुए देखा गुग्गावीर ने जब इनसे पूछा तुम यह क्या कर रहे हो तथा झोले में क्या है उन्होंने कहा कि हम मछलियां मार रहे हैं तथा हमारे झोले में भी मछलियां ही हैं। इस पर गुग्गावीर ने उनसे कहा कि तुम्हारे झोले में मछलियां नहीं हैं झांक कर देखो, उन लोगों ने अपने झोले में झांका तो उनमें सांप ही सांप नजर आए।

गुग्गावीर के चमत्कार को देखकर उनके पैरों में गिर पड़े। उनकी प्रार्थना से खुश होकर गुग्गावीर ने उन्हें अपना प्रतीक नेजा भेंट किया तथा प्रति वर्ष मेला आयोजित करने को कहा। संबंधित परिवारों ने जब इसमें रूचि नहीं ली तो एक घरेलू नौकर कबली भगत ने नेजे का ग्रहण कर लिया तब से प्रतीक नेजा उसके परिवार के पास ही है।

गोगा पीर लोगों की है आस्था का केंद्र



सहारनपुर जनपद में बांगड़ वाला गुग्गावीर को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि उनकी सेवा करने से संतान प्राप्ति आर्थिक समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ होता है संतान प्राप्ति की इच्छा पूरी होने पर लोग मकान के बाहरी भाग में दो ईंटों का नाथ बना देते हैं, इसे म्हाड़ी कहा जाता है। तिथि, त्योहार को इसमे दीप जलाया जाता है तथा गुग्गावीर को खुश करने के लिए पतल कंदूरी भी की जाती है जिसकी यहां के लोग रात्रि अखाड़ा कहते हें। इसमें कढ़ी चावल का प्रसाद चढ़ाते हैं और रातभर गुग्गावीर का पूजन किया जाता है। गुग्गावीर का मेला इस जनपद का सबसे प्राचीन मेला माना जाता है। बताते हैं कि इसे लगते हुए करीब साढ़े तीन सौ वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ मेले में परिवर्तन होते रहे हैं कहा जाता है कि पहले गुग्गावीर का मेला सिर्फ म्हाड़ी पर ही लगता था जहां पर दूर से आने वाले व्यक्ति मनोकामना की पूर्ति हेतु निशान चढ़ाते थे पर अब मेला कई स्थानों पर लगता है और उनमें सबसे बड़ा मेला यहीं लगता है। अद्भुत शक्ति के कारण ही उन्हें जाहीरपीर यानि साक्षात देवता नीले घोड़े वाला और सांपों के देवता के रूप में भी मानते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग गोगावीर को पीर के रूप में मानते हैं। ज्ञातव्य है कि रेशमी कपड़े से सजी 24 छड़ियां एक सरदार छड़ी और धातु का बना नेजा शहर की परिक्रमा करने के बाद दशमी के दिन म्हाड़ी पर पहुंचते हैं। जहां उनके मालिक उनकी विधिवत पूजा करते हैं इसके बाद मेला शुरू हो जाता है। मेला खत्म होने के बाद छड़ियां भक्तों के घर लौट जाती हैं और हर साल यही सिलसिला जारी रहता है। इस मेले में अनेक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

सहारनपुर नगर निगम के मेयर डा. अजय कुमार के अनुसार गुघाल मेला 5 सितम्बर से शुरू होकर एक पखवाड़े तक चलेगा, जबकि छड़ी का मेला 2 सितम्बर से शुरू हो जाएगा।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं मो. नं-9837776610 )**

# भारत में सत्ता परिवर्तन और आधुनिक युग

**वीरेश तरार**

1857 की क्रांति भारतीय इतिहास में एक ऐसा मोड़ थी जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी। यह विद्रोह केवल एक सैनिक आंदोलन नहीं था बल्कि किसानों, कारीगरों, शासकों और आम जनता की सम्मिलित पीड़ा और असंतोष का विस्फोट था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को केवल अपने व्यापार का क्षेत्र माना, उसकी नीतियां पूरी तरह शोषणकारी थीं। कर वसूली, जमींदारी, किसानों की बदहाली, देसी उद्योगों का विनाश और सांस्कृतिक उपेक्षा इन सबने मिलकर भारतीय समाज को असंतोष से भर दिया। 1857का गदर इसी असंतोष का परिणाम था। अंग्रेज इस क्रांति को दबाने में सफल तो हुए, लेकिन उन्होंने एक गहरी सीख ली कि केवल शोषण के बल पर भारत जैसा विशाल देश नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

यही कारण था कि 1 सितंबर 1858 को एक ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ। इस दिन महारानी विक्टोरिया की घोषणा के साथ भारत ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन से निकलकर सीधे ब्रिटिश क्राउन के अधीन आ गया। यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं था, बल्कि शासन की मानसिकता में भी परिवर्तन का संकेत था। अंग्रेजों ने पहली बार यह माना कि भारत को केवल व्यापार और कर वसूली का साधन मानकर नहीं चलाया जा सकता, बल्कि इसे अपनी प्रजा समझकर शासित करना होगा। इसी सोच से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रेलवे, डाक और बिजली जैसी व्यवस्थाओं की नींव रखी गई। ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन जनता से पूरी तरह दूर था। स्थानीय राजा-नवाब और अमलदार उनके लिए महज राजस्व इकट्ठा करने के माध्यम थे। परंतु 1857 ने बता दिया कि जब तक जनमानस की भागीदारी नहीं होगी, कोई भी सत्ता स्थिर नहीं रह सकती। ब्रिटिश हुकूमत ने कंपनी को समाप्त करके सीधे सत्ता अपने हाथ में ली और भारत के साथ एक 'प्रजा-राज्य' का रिश्ता बनाने की कोशिश की। यही कारण है कि 1858 के बाद अंग्रेजों ने भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं को समझना शुरू किया।

पुरातत्व विभाग, शिक्षा आयोग, विश्वविद्यालयों की स्थापना, अस्पतालों का निर्माण, सिंचाई के लिए नहरों की खुदाई, और सबसे बढ़कर रेल व्यवस्थाकृए सब कदम केवल आधुनिकता की शुरुआत नहीं थे, बल्कि शासन की नई सोच के प्रतीक थे, आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह दौर दोहरी प्रवृत्ति का रहा। एक ओर अंग्रेजों ने भारत में आधुनिक व्यापार और उद्योग का ढांचा खड़ा किया, बैंकिंग और मुद्रा व्यवस्था को संगठित किया, रूपया आना पैसा की प्रणाली को प्रचलित किया, दूसरी ओर देसी उद्योगों का विनाश भी किया। कपड़ा उद्योग, हथकरघा और पारंपरिक शिल्प धीरे-धीरे समाप्त कर दिए गए, क्योंकि अंग्रेजों का उद्देश्य अपने कारखानों के माल को भारत में खपाना था। किसानों पर करों का बोझ बढ़ता गया और कई जगह विद्रोह हुए। लेकिन रेल, डाक और तार की सुविधा ने पूरे देश को एक आर्थिक इकाई में बदलना शुरू किया, जो बाद में स्वतंत्रता आंदोलन का बड़ा आधार बनी। सामा. जिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था। मैकाले की शिक्षा नीति के तहत अंग्रेजी शिक्षा ने एक नया मध्यमवर्ग तैयार किया। यह वर्ग बाद में भारतीय राजनीति और समाज सुधार आंदोलनों का नेतृत्व करने वाला बना। समाचार पत्र, पत्रिकाएं और साहित्यिक आंदोलन इसी शिक्षा से उपजे। चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पताल और आधुनिक दवाओं ने जनता का ध्यान खींचा। समाज सुधार आंदोलनोंकृसती प्रथा का उन्मूलन, विधवा विवाह की स्वीकृति, कन्या शिक्षा, अस्पृश्यता के विरुद्ध आवाज इन सबको अप्रत्यक्ष रूप से ब्रिटिश कानूनों का समर्थन मिला। सबसे बड़ा परिवर्तन राजनीतिक क्षेत्र में हुआ। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने भारतीयों की राय सुनने की औपचारिकता की शुरुआत की। शुरुआत में कांग्रेस केवल प्रार्थना-पत्रों और मांगों तक सीमित रही, लेकिन धीरे-धीरे उसने आंदोलन का रूप ले लिया। 1919 और 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट्स के जरिए स्थानीय सरकारों का गठन हुआ। पंचायत स्तर तक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था बनी और भारतीयों को प्रशासन में आंशिक भागीदारी मिली। 1937 में प्रांतीय सरकारों का गठन हुआ, जिसने भारतीय नेताओं को शासन का प्रत्यक्ष अनुभव दिया। इसी क्रम में गांधी का नेतृत्व सामने आया। असहयोग, सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन ने जनता को राजनीति का सक्रिय हिस्सा बना दिया। 1940 में पूर्ण स्वराज की मांग ने अंग्रेजों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब भारत को स्वतंत्र करना ही होगा। द्वितीय विश्वयुद्ध ने ब्रिटेन की स्थिति कमजोर कर दी और अंततः 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। 1 सितंबर 1858 से 15 अगस्त 1947 तक का यह सफर केवल सत्ता के हस्तांतरण का नहीं था, भारतीय समाज के पुनर्निर्माण और राजनीतिक चेतना के विकास की कहानी भी था। ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह ब्रिटिश राज भी शोषण पर टिकता, तो संभव था कि भारत में इतनी व्यापक राजनीतिक एकता कभी न बन पाती। लेकिन क्राउन के अधीन शासन ने शिक्षा, संचार और प्रशासन की आधुनिक नींव रखी, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित किया और भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिन्दुस्तानी गज़ल से मशहूर हुए दुष्यंत कुमार

**अशोक मधूप**







आज एक सिंतबर है प्रसिद्ध हिंदी गजलकार दुष्यंत कुमार की जन्मदिन है। बिजनौर के राजपुर नवादा गांव में एक सितंबर 1933 में जन्मे दुष्यंत कुमार का मात्र 43 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर 1975 को भोपाल में उनका निधन हुआ। हिंदी साहित्यकार गजलकार दुष्यंत कुमार हिंदी गजल के लिए जाने जाते हैं। वह हिंदी गजल के लिए विख्यात हैं किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं , हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली।

संसद से लेकर सड़क तक मशहूर हुए उनके शेर हिंदुस्तानी हिंदी में हैं। हिंदुस्तानी हिंदी में उन्होंने सभी प्रचलित शब्दों का इस्तेमाल किया। शब्दों को प्रचलित रूप में इस्तेमाल किया। वे अपनी पुस्तक साए में धूप की भूमिका में खुद कहते हैं गजलों को भूमिका की जरूरत नहीं होनी चाहिए, लेकिन एक कैफियत इनकी भाषा के बारे में जरूरी है। कुछ उर्दू दां दोस्तों ने कुछ उर्दू शब्दों के प्रयोग पर एतराज किया है। उनका कहना है कि शब्द 'शहर' नहीं 'शह्र' होता है, वजन नहीं 'वज्न' होता है। कि मैं उर्दू नहीं जानता, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग यहां अज्ञानतावश नहीं, जानबूझकर किया गया है। यह कोई मुश्किल काम नहीं था कि शहर की जगह नगर लिखकर इस दोष से मुक्ति पा लूं, किंतु मैंने उर्दू शब्दों को उस रूप में इस्तेमाल किया है, जिस रूप में वे हिन्दी में घुलमिल गए हैं। उर्दू का 'शह्र' हिन्दी में 'शहर' लिखा और बोला जाता है। ठीक उसी तरह जैसे हिन्दी का 'ब्राह्मण' उर्दू में 'बिरहमन' हो गया है और 'ऋतु' 'रुत' हो गई है।

उर्दू और हिन्दी अपने अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच आती हैं तो उनमें फर्क कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नीयत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को ज्यादा से ज्यादा करीब ला सकूं। इस लिए ये गजलें उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे मैं बोलता हूं। गजल की विधा बहुत पुरानी, किंतु विधा है, जिसमें बड़े-बड़े उर्दू महारथियों ने काव्य रचना की है। हिन्दी में भी महाकवि निराला से लेकर आज के गीतकारों और नए कवियों तक अनेक कवियों ने इस विधा को आजमाया है। गजल पर्शियन और अरबी से उर्दू में आई। गजल का मतलब है औरतों से अथवा औरतों के बारे में बातचीत करना। यह भी कहा जा सकता है कि गजल का सर्वसाधारण अर्थ है माशूक से बातचीत का माध्यम। उर्दू के साहित्यकार स्वर्गीय रघुपति सहाय 'फिराक' गोरखपुरी ने गजल की भावपूर्ण परिभाषा लिखी हैं। कहते हैं कि जब कोई शिकारी जंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता है और हिरन भागते-भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता हैं जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज निकलती हैं। उसी करूण स्वर को गजल कहते हैं। इसीलिए विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करूणतम हो जाना ही गजल का आदर्श है। दुष्यंत की गजलों की खूबी है साधारण बोलचाल के शब्दों का प्रयोग, हिंदी, उर्दू के घुले मिले शब्दों का प्रयोग। चुटीले व्यंग उनकी गजल की खूबी है। वे व्यवस्था और समाज पर चोट करते हैं। ये ही उन्हें सीधे आम आदमी के दिल तक ले जाती है। उनकी यह शैली उन्हें अन्य कवियों से अलग और लोकप्रिय करती है। आम आदमी और व्यवस्था पर चोट करने वाले दुष्यंत कुमार के शेर, व्यवस्था पर चोट करते उनके शेर सड़कों से संसद तक गूंजतें है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे साहित्यकार होंगे, जिसके शेर सबसे ज्यादा बार संसद में पढ़े गए हों। सभाओं में नेताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हो। सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया हो। उन्होंने हिंदी गजल भी लिखी, पर वह इतनी प्रसिद्धि नहीं पा सकी, जितनी हिंदुस्तानी हिंदी में लिखी गजल लोकप्रिय हुई।

वो आदमी नहीं है मुकम्मल बयान है,
माथे पे उस के चोट का गहरा निशान है।
रहनुमाओं की अदाओं पे फिदा है दुनिया,
इस बहकती हुई दुनिया को संभालो यारो।
कैसे आकाश में सूराख नहीं हो सकता ,
एक पत्थर तो तबीअत से उछालो यारो।
यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते हैं,
खुदा जाने यहां पर किस तरह जलसा हुआ होगा,
गूंगे निकल पड़े हैं जबां की तलाश में,
सरकार के खिलाफ यह साजिश तो देखिए।
पक गई हैं आदतें बातों से सर होंगी नहीं,
कोई हंगामा करो ऐसे गुजर होगी नहीं।
आज मेरा साथ दो वैसे मुझे मालूम है ,
पत्थरों में चीख हरगिज कारगर होगी नहीं।
इन ठिठुरती उंगलियों को इस लपट पर सेंक लो,
धूप अब घर की किसी दीवार पर होगी नहीं।
सिर से सीने में कभी पेट से पांव में कभी ,
इक जगह हो तो कहें दर्द इधर होता है।
मत कहो आकाश में कोहरा घना है,
यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है।
यह जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा,
मैं सज्दे में नहीं था, आपको धोखा हुआ होगा।
तुमने इस तालाब में रोहू पकड़ने के लिए,
छोटी-छोटी मछलियां चारा बनाकर फेंक दीं।
हम ही खा लेते सुबह को भूख लगती है बहुत
तुमने बासी रोटियां नाहक उठा कर फेंक दीं।

**गजल**

हो गई है पीर पर्वत सी पिंघलनी चाहिए,
अब हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त थी लेकिन कि यह बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गांव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।
सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं यह उनके निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी में जुटे दस हजार फलस्तीन समर्थक

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रमुख शहर फ्रैंकफर्ट में शनिवार को फलस्तीन समर्थकों ने एक रैली निकाल कर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन किया है। फ्रैंकफर्टर अल्गेमाइन जितुंग अखबार ने बताया 'यूनाइटेड 4 गाजा' नाम से हुए इस प्रदर्शन में 10000 से जयादा फलस्तीन समर्थकों ने हिस्सा लिया। पहले अनुमान लगाया गया था कि इसमें 5000 तक लोग शिरकत कर सकते हैं लेकिन इस अटकल से दोगुनी भीड़ रैली में पहुंची।

### अफगान के कुंदुज़ प्रांत में हथियार, गोला-बारूद ज़ब्त

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुरक्षाकर्मियों ने उत्तरी कुंदुज प्रांत में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के तहत पिछले तीन महीनों में दर्जनों आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। यह जानकारी अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रांतीय राजधानी कुंदुज और आसपास के नौ जिलों में चलाए गए अभियान में 16 पिस्तौल, विभिन्न मॉडलों की सात बन्दूकें, पांच पीके मशीन गन, एक कलाश्निकोव राइफल, 15 हथगोले, 12 रॉकेट राउंड और कारतूसों तथा गोलियों सहित बड़ी मात्रा में सैन्य उपकरण जब्त किया गया।

### यूक्रेनी संसद के पूर्व अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने गोलीबारी की और 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस संदिग्ध की तलाश कर रही है।

# मोदी, पुतिन और जिनपिंग की गलबहियों से अमेरिकी मीडिया हैरान

## चीन ने रेड कॉर्पेट से मोदी का किया स्वागत

**पीएम के चीन दौरे पर वर्ल्ड मीडिया की प्रतिक्रियाः सीएनएन और एनवाईटी ने कहाः ट्रम्प से नाराज जिनपिंग ताकत दिखा रहे**



**बीजिंग।** पीएम मोदी 30 अगस्त को पूरे सात साल बाद चीन पहुंचे हैं। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मीटिंग से पहले आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे।

अब मोदी के इस दौरे से दोनों देशों के संबंध सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। मोदी के चीन दौरे को दुनियाभर का मीडिया कवर कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मोदी, जिनपिंग और पुतिन की तस्वीर के साथ रिपोर्ट में लिखा है कि शी जिनपिंग के लिए इससे बेहतर मौका शायद ही कोई हो सकता था। एक तरफ भारत के मोदी हैं, जिनके देश पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। दूसरी तरफ रूस के पुतिन हैं, जिन पर ट्रम्प की वजह से ही पश्चिमी देशों के प्रतिबंध कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। अखबार लिखता है कि इस पूरे आयोजन के केंद्र में जिनपिंग हैं। वे भारत और अमेरिका के बीच तनाव को अपने लिए अवसर बना रहे हैं और पुतिन के साथ अपने पुराने गठबंधन को और मजबूती दे रहे हैं। यह सम्मेलन सिर्फ औपचारिक मुलाकात नहीं है। इसमें मध्य एशिया के 20 से ज्यादा नेता शामिल हो रहे हैं। इसके बाद बीजिंग में चीन अपनी नई मिसाइलों और युद्धक विमानों की सैन्य परेड भी करेगा। यह सब दर्शाता है कि शी इतिहास, कूटनीति और सेना की ताकत को मिलाकर दुनिया की उस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं जिस पर अब तक अमेरिका का दबदबा रहा है। सीएनएन ने कहा कि ट्रम्प से नाराजगी के बीच, चीन में पुतिन-मोदी का रेड कार्पेट वेलकम। यह मोदी की सात साल में पहली चीन यात्रा है। मुलाकात से पहले दोनों ने हाथ मिलाया और कैमरों के सामने साथ खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाईं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत और चीन दोनों ही अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हैं। जिनपिंग ने मोदी से कहा कि भारत और चीन के लिए सबसे सही रास्ता यही है कि वे अच्छे दोस्त और साझेदार बनें। दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देश, जो अमेरिका के साथ अपने-अपने मतभेदों की वजह से दबाव झेल रहे हैं, अब एक-दूसरे के करीब आने की संभावना देख रहे हैं। बीबीसी: ट्रम्प के टैरिफ से परेशान भारत-चीन, ट्रेड को पटरी पर लाने की कोशिश में जुटे मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका ने भारत और चीन दोनों पर ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये टैरिफ भारत के निर्यात क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# ट्रम्प भारत से स्कूली बच्चों जैसा व्यवहार कर रहेः रिक सांचेज

## राष्ट्रपति ट्रम्प इतिहास से वाकिफ नहीं, अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार ने कसा तीखा तंज



**रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार रिक सांचेज ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी सरकार की तीखी आलोचना की है। सांचेज ने कहा है कि ट्रम्प सरकार को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं है और यही वजह है कि वे बिना सोचे समझे फैसले ले रहे हैं।

सांचेज ने कहा कि ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो द्वारा यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध कहने पर कहा कि उनका बयान पर हंसा ही जा सकता है। वे कोई बहुत बुद्धिमान व्यक्ति नहीं हैं और न ही वे कोई बड़े विचारक हैं। सांचेज ने कहा कि ग्लोबल साउथ के बारे में मेरे देश की समझ बहुत सीमित है। वे भारत के इतिहास, भारत और चीन के रिश्तों और रूस-यूक्रेन के रिश्तों के बारे में कुछ नहीं जानते। तभी वे मूर्खतापूर्ण बयान देते हैं। नव-रूढ़िवादी, हथियार उद्योग से जुड़े लोग ट्रम्प को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं ट्रम्प को अहसास है कि उन्होंने गलत मोड़ ले लिया है और यही वजह है कि ट्रम्प अब ग्लोबल साउथ और यूरोपीय संघ को बराबर महत्व देते दिखाई दे रहे हैं और संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति है। ट्रम्प प्रशासन भारत से स्कूली बच्चे जैसा व्यवहार कर रहा है। लेकिन भारत कोई स्कूली बच्चा नहीं है बल्कि एक बड़ी ताकत है। भारत का एक इतिहास है, उसके पास संसाधन हैं और काफी क्षमताएं हैं। भारत ने दुनिया के लिए जो किया है, वह बेहद अहम है। भारत का वैश्विक इतिहास में योगदान यूरोप और मेसोपोटामिया से बिल्कुल भी कम नहीं है। लेकिन जब आप उसे स्कूली बच्चा समझते हैं तो भारत अमेरिका को कहता है कि आप हमें नहीं बताएंगे कि हमें क्या करना है।

यह परिवर्तनकारी समय है। इतिहासकार जब पीछे मुड़कर देखेंगे तो ये वो पल होगा, जब दुनिया की महाशक्ति अमेरिका के प्रभुत्व में कमी आनी शुरू हुई। अब ताकत ग्लोबल साउथ की तरफ स्थानांतरित हो रही है, जिसमें भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देश हैं। अमेरिकी पत्रकार सांचेज ने ये भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष में मध्यस्थता का श्रेय ट्रम्प को नहीं दिया है, जिससे ट्रम्प निजी तौर पर भारत से नाराज हैं और 50 फीसदी टैरिफ लगाने के पीछे ये भी एक वजह है।

# भारत के अडिंग रुख से बौखलाए ट्रम्प



**अमेरिकी राष्ट्रपति अब यूरोपीय देशों से भी भारत पर नई दिल्ली पर टैरिफ लगाने को कहा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत से चिढ़े हुए हैं। दरअसल वे अपने वादे के अनुसार, अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं रुकवा पाए हैं और अब उन्होंने इसका ठीकरा भारत पर फोड़ना शुरू कर दिया है।

ट्रम्प का कहना है कि भारत द्वारा रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदा जा रहा है, जिससे यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। इसी का बहाना बनाकर ट्रम्प ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि उनका ये दांव भी फीका रहा और भारत पर इसका बहुत ज्यादा असर होता नहीं दिख रहा है। इससे ट्रम्प लग रहा है कि और चिढ़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब ट्रम्प यूरोपीय देशों पर भी दबाव बना रहे हैं कि वे भी रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाएं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, व्हाइट हाउस ने यूरोपीय देशों से भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका जैसे प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें नई दिल्ली से खरीदे जाने वाले सभी तेल और गैस पर पूरी तरह से रोक लगाना भी शामिल है। गौरतलब है कि यूरोपीय नेता भी यूक्रेन में युद्ध समाप्त कराने के पक्ष में हैं। हालांकि जहां अमेरिका का दावा है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है और उससे मुनाफा कमा रहा है।

### भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ रूस-चीन एकजुट

# ब्रिक्स की मजबूती पर दिया पुतिन ने जोर



**कहाः रूस-चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के प्रति साझा रुख अपनाया**

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में हिस्सा लेने के लिए चीन के तियानजिन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ साझा रुख अपनाया है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दिए गए एक लिखित इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन मिलकर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। साथ ही ब्रिक्स को वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए और सक्षम बना रहे हैं। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्रिक्स में अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और यूएई को भी शामिल है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस और चीन आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार का समर्थन करते हैं। दोनों देश मानते हैं कि एक नया वित्तीय तंत्र बनना चाहिए जो खुलापन और सच्ची समानता जैसे सिद्धांतों पर आधारित हो और सभी देशों को बराबरी का मौका दे। पुतिन ने कहा कि हमें मानवता के लाभ के लिए प्रगति चाहिए। मुझे भरोसा है कि रूस और चीन मिलकर अपने महान देशों की समृद्धि के लिए काम करते रहेंगे। इसके साथ ही पुतिन ने उम्मीद जताई कि तियानजिन में हो रहा एससीओ शिखर सम्मेलन संगठन को नई ऊर्जा देगा और एक न्यायपूर्ण, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में मदद करेगा।

# इजरायल ने दक्षिण लेबनान पर की भारी बमबारी

**बेरूत।** इज़रायली सेना ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में जंगी जहाज, मिसाइल और ड्रोनों की मदद से कई हमलों को अंजाम दिया। एक सैन्य सूत्र ने कहा, इज़रायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में कई भारी हमले किए। उन्होंने आगे बताया कि हमले दक्षिणी शहर नबातियेह के बाहरी इलाके के हराज अली अल-ताहिर और अल-दब्शा इलाकों को निशाना बनाकर किए गए। लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि नवम्बर 2024 में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद, इज़रायल लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है।

# नोबेल के लिए नॉमिनेट नहीं किया, तो भारत पर लगा टैरिफ

## न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा, ट्रम्प बोलेः पाक ने किया, भारत भी करे, इससे मोदी नाराज

**डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी**

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच तनाव की असल वजह ट्रम्प की नोबेल प्राइज की ख्वाहिश है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी।

इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने पर कितना गर्व है। इसके बाद ट्रम्प ने मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट करने वाला है। ट्रम्प ने इशारों में भारत से भी ऐसा करने को कहा। मोदी इससे नाराज हो गए थे। मोदी ने ट्रम्प से साफ कह दिया कि भारत-पाक के बीच हुए सीजफायर से अमेरिका का कोई लेना देना नहीं है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रम्प ने मोदी की बात को अनदेखा कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के बीच तल्खी बढ़ गई। इसके बाद से दोनों ने कोई बातचीत नहीं की। यह रिपोर्ट वाशिंगटन और नई दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा लोगों से हुई बातचीत पर आधारित है। इनमें से ज्यादातर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बात की। इन लोगों ने बताया कि ट्रम्प और भारत के बीच का रिश्ता दोनों देशों के लिए बड़े असर वाला हो सकता है। ट्रम्प की नीतियों से भारत-अमेरिका का रिश्ता कमजोर हो रहा है। वहीं, भारत अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन इसमें उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका नाराज हो रहा है। अखबार लिखता है कि मोदी ने कभी ट्रम्प को 'सच्चा दोस्त' कहा था, लेकिन अब उनके संबंध ठीक नहीं रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से जुड़े लोगों के मुताबिक, मोदी को पहले बताया गया था कि ट्रम्प इस साल के अंत में क्वाड समिट में हिस्सा लेने भारत आएंगे, लेकिन अब ट्रम्प की भारत आने की कोई योजना नहीं है।



जकार्ता। संसद सदस्यों को दिए जाने वाले अत्यधिक भत्ते के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों पर पत्थर फेंकता एक प्रदर्शनकारी।

# यूएस टैरिफ से बचने के लिए नाइजीरिया में उत्पादन की पेशकश

**लागोस।** अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिससे भारत का करीब 49 अरब डालर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। अब नाइजीरिया ने भारत के उद्योगों के सामने एक पेशकश की है। नाइजीरिया ने उसके लागोस मुक्त क्षेत्र (एलएफजेड) में निर्माण करने की पेशकश की है। लागोस मुक्त क्षेत्र से अमेरिका और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच मिलती है। एलएफजेड की प्रबंध निदेशक और सीईओ अदेसुवा लाडोजा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय कंपनियों खासकर, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल के लिए कड़ी चुनौती पेश की है।

# गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

**स्थानीय निवासियों ने बतायाः उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं**

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 57 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर में दो अपार्टमेंट और फलस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। बसल ने बताया कि शहर के पश्चिम में अल-रिमल मोहल्ले में आवासीय अपार्टमेंट और चिकित्सा क्लीनिक वाली तीन मंजिला इमारत पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और बच्चों सहित कई अन्य घायल हो गए। बसल ने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में नस्र मोहल्ले में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजरायली हवाई हमले में पांच महिलाओं और पांच बच्चों सहित बारह लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि हवाई हमले में कई तंबू नष्ट हो गए और कुछ अन्य में आग लग गई। उन्होंने बताया कि शहर के दक्षिण में जतून मोहल्ले पर इजरायली हमलों में छह लोग मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शहर के शेख रादवान और सबरा इलाकों में आवासीय भवनों पर तड़के इजरायली छापे और बमबारी की भी सूचना दी, जिसके बीच इजरायली हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों ने तीव्र उड़ान भरी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं।

# यूक्रेन जंग पर भारत को निशाना बनाना गलतः एस. जयशंकर

## विदेश मंत्री ने कहाः हम बातचीत के हिमायती



**ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% टैरिफ लगाया**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत हमेशा शांति और बातचीत की वकालत करता रहा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा-आज फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई। हमने यूक्रेन जंग और इसके असर पर बात की। इस मामले में भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम बातचीत और डिप्लोमेसी के पक्ष में हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत पर रूसी तेल खरीद की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है। ट्रम्प का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, जिस वजह से पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पीएम मोदी एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे हैं। यहां वो चीनी एससीओ समिट से इतर पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acnc) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108